नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

वर्ष : 12

अंक : 42

सोमवार, 14 से 20 नवम्बर 2022

मूल्य : 5 रू प्रति

रू 250 वार्षिक


दिल्ली में विकास कार्यों को रोकने वालों को वोट मत देना : केजरीवाल 03

श्रद्धा-आफताब पर कुछ चुभते सामाजिक सवाल 08


# NCR समाचार

BY C.R.O. TEAM

www.ncrsamacharlive.in

twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र


ब्रिटेन की यूक्रेन को रूसी ड्रोन से मुकाबले के लिए नया रक्षा पैकेज देने की घोषणा 10

भारत ने 65 रन की जीत के साथ शृंखला में अजेय बढ़त हासिल की 11



इस्माईल खान

यामी गौतम अभिनीत लॉस्ट का इफ्फी में प्रीमियर 12

प्रधानमंत्री मोदी ने अमरेली और बोटाद में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में किया प्रचार

# बीस साल में मजबूत हुई गुजरात की नींव : मोदी

**अहमदाबाद, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सौराष्ट्र में धुआंधार प्रचार कर अमरेली और बोटाद में भी सभाएं कीं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने विरोधियों पर हमला किए और पूरे गुजरात में औद्योगिक व कृषि क्षेत्रों में परिवर्तन का जिक्र किया। उन्होंने राज्य में किए गए 20 सालों के विकास कार्यों को मील का पत्थर बताया।मोदी ने कहा कि विकास आने वाली पीढ़ियों के लिए जरूरी है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि अब लोगों को कांग्रेस से कोई अपेक्षा नहीं है। मोदी ने राहुल गांधी का बिना नाम लिए कहा कि वे लोग नर्मदा विरोधियों को लेकर घूम रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि गुजरात में पिछले 20 वर्ष में हजारों नए उद्योग स्थापित हुए, जिससे राज्य की नई छवि बनी और हजारों लोगों को रोजगार का अवसर मिला। अमरेली जिले के पीपावाव पोर्ट का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि यह पोर्ट पहले भी था, लेकिन नाम का अब वह जीवंत होकर अंतरराष्ट्रीय व्यापार का केन्द्र बना है। उत्तर भारत को जोड़नेवाला फ्रेट कोरीडोर पीपावाव से जुड़ेगा। समुद्री व्यापार बढ़ने से यह क्षेत्र गतिशील होगा।



**पानी की समस्या**

मोदी ने कहा कि इस क्षेत्र में पानी की समस्या थी, लेकिन जब सरकार के प्रयास से पानी, सिंचाई, चेकडैम, तालाब के लिए काम होने लगे तो वरुण देवता भी मेहरबान हो गए। आज अमरेली के सैकड़ों गांवों में अब पाइपलाइन से पानी पहुंचता है। पूर्ववर्ती सरकारों पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि पहले कोई विधायक एक गांव में हैंडपंप लगाता था तो चार-चार चुनाव जीत जाता था। हम तो घर-घर पाइप से पानी पहुंचा रहे हैं।

**कृषि क्षेत्र में कायाकल्प**

मोदी ने कहा कि गुजरात में कृषि क्षेत्र में कायाकल्प हुआ है। दो दशक पहले किसी ने इस पर विचार ही नहीं किया था। अब सिंचाई की सुविधा के कारण तीन-तीन फसल पैदा करते हैं। ज्योतिग्राम योजना से किसानों को बिजली मिली तो कृषि महोत्सव से खेती में बदलाव आया। सिंचाई के लिए राज्य में 70 हजार किलोमीटर नहरों का नेटवर्क बनाया गया। सवा करोड़ स्वाइल हेल्थ कार्ड बनाया जिससे जमीन की स्थिति सुधरी। पशुओं का भी टीकाकरण कर बेहतर देखभाल किया गया। पशुपालकों और मछुआरों को भी किसान क्रेडिट कार्ड दिए गए हैं। मत्स्य विभाग का अलग मंत्रालय बनाया। डेढ़ दशक पर बिजली पर 75 हजार करोड़ रुपये सब्सिडी दी ताकि किसानों को बिजली महंगी नहीं मिली। एक कृषि विवि था, अब चार कृषि विवि बन चुके हैं। खेती को आधुनिक और वैज्ञानिक बनाया गया।

**डबल डिजिट में विकास दर**

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्षों से कृषि विकास दर जो पहले माइनस में थी, आज डबल डिजिट में है। सिंचाई का दायर भी 20 साल में सवा दो गुणा हो गया। अनाज का उत्पादन भी पहले से दो गुणा हो गया है। दूध का उत्पादन भी ढाई गुणा, सब्जी भी चार गुणा, और फलों का उत्पादन तीन गुणा बढ़ा है। कमलम की खेती विदेशी में जा रही है। कच्छ का हापुस विदेश जा रहा है।

**मिलेट इयर के लिए यूएन को पत्र लिखा**

मोदी ने कहा कि मोटा अनाज के लिए वर्ष 2023 को मिलेट ईयर घोषित करने के लिए उन्होंने यूएन को पत्र लिखा। जाफराबाद के बाजरा का दुनिया में डंका बजता है। यह अब मुख्य खुराक बना रहा है। न्यूट्रीशन के लिए लोगों में जागरुकता आती है।

**भाजपा ने नर्मदा पर बांध बना कर लोगों तक पानी पहुंचाया**

मोदी ने कहा कि 20 साल की तपस्या के बाद गुजरात आज इस मंजिल पर पहुंचा है। इसी राजकोट में रेलगाड़ी से पानी पहुंचाया जाता था, जिसके लिए लंबी लाइन लगती थी। नर्मदा पर बांध बनाने का काम तत्कालीन पीएम जवाहरलाल नेहरू के समय में शुरू हुआ था, लेकिन काम अटक गया और अंत में भाजपा सरकार के आने पर ही नर्मदा पर बांध बनाकर उसके पानी को गुजरात के सूखे इलाकों में पहुंचाया गया। मोदी ने कहा कि जिस गुजरात में पहले साइकिल तक नहीं बनती थी, उनकी कोशिश से अब वहां हवाई जहाज बनने लगे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ नेता देश में यात्रा कर रहे हैं। उनकी पार्टी के नेताओं से जनता को पूछना चाहिए कि राजकोट में पानी की कमी को दूर करने के लिए उन्होंने क्या किया है।

# उद्योगपति मुकेश अंबानी की बेटी ईशा ने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया

**नई दिल्ली।** जानेमाने उद्योगपति अरबपति मुकेश अंबानी की बेटी ईशा ने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया है। इन जुड़वां बच्चों में से एक लड़का और एक लड़की है। यह जानकारी परिवार ने रविवार को दी। इन दोनों बच्चों का नाम आदिया और कृष्णा रखा गया है। परिवार की ओर से मीडिया को जारी बयान में कहा गया है, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारे बच्चों ईशा और आनंद को 19 नवंबर 2022 को जुड़वां बच्चे हुए हैं।



हालांकि, बयान में यह नहीं बताया गया कि बच्चों का जन्म कहां हुआ। सूत्रों ने कहा कि बच्चों का जन्म अमेरिका में हुआ। बयान में यह भी बताया गया है कि ईशा और आनंद को एक बेटा और एक बेटी हुई है। बयान में कहा गया है, ईशा और बच्चे यानी आदिया और कृष्णा स्वस्थ हैं। मुकेश अंबानी के तीन बच्चे हैं झ्र जुड़वां आकाश और ईशा (31 साल) और बेटा अनंत (27 साल)। बारह दिसंबर 2018 को पीरामल ग्रुप के अजय और स्वाति पीरामल के बेटे आनंद से ईशा का विवाह हुआ था। दोनों बचपन के दोस्त थे और दोनों परिवारों के बीच अच्छा संबंध था। आकाश ने अपनी बचपन की दोस्त श्लोका मेहता से विवाह किया, जो हीरा कारोबारी रसेल मेहता और मोना मेहता की बेटी हैं। दंपति को पिछले साल दिसंबर में एक बेटा, पृथ्वी आकाश अंबानी हुआ था। ऐसी अटकलें हैं कि अनंत जल्द ही एनकोर हेल्थकेयर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका मर्चेंट से विवाह करने वाले हैं। अंबानी ने अपने तीनों बच्चों को अपने तेल, टेलीकॉम, खुदरा उद्यमों से जोड़ दिया है। आकाश जहां दूरसंचार व्यवसाय देखते हैं, वहीं ईशा खुदरा उद्यम से जुड़ी हैं। अनंत हरित ऊर्जा से जुड़ा कारोबार देख रहे हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मोतियाबिंद की सर्जरी की गई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की दाहिनी आंख का रविवार को यहां आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल) में मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। यह जानकारी राष्ट्रपति भवन ने एक विज्ञप्ति में दी। विज्ञप्ति में कहा गया कि मुर्मू की सर्जरी सफल रही और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। चौंसठ वर्षीय मुर्मू की 16 अक्टूबर को आर्मी हॉस्पिटल में बायीं आंख का मोतियाबिंद का ऑपरेशन हुआ था। राष्ट्रपति भवन ने कहा, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की दाहिनी आंख की आज सुबह (20 नवंबर, 2022) आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल), नई दिल्ली में मोतियाबिंद की सर्जरी की गई। सर्जरी सफल रही और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। मुर्मू ने 25 जुलाई को भारत के 15वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी।



# इंदिरा के कार्य बन रहे हैं देश की प्रगति में मील के पत्थर : सोनिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्ष एवं कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने शनिवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जो उल्लेखनीय काम किये वह देश की प्रगति में मील के पत्थर साबित हो रहे हैं।

श्रीमती गांधी ने आज यहा इंदिरा गांधी पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शांति निरस्त्रीकरण और विकास के लिए दिये जाने वाले इस पुरस्कार की शुरूआत 1985 में की गई थी और तब से इस सम्मान से विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले प्रतिष्ठित लोगों और संस्थानों को दिया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपने कार्यों से देश तथा समाज पर अमित छाप छोड़ी थी। उनके काम की उनके विरोधी भी प्रशंसा करते थे। उन्होंने गरीबी उन्मूलन के लिए देश की एकता था खंडा कहता के लिए जो कदम उठाए वह लौटे थे और उनके आलोचक भी इस दिशा में उठाए गए उनके कदमों का समर्थन करते थे और उनकी उपलब्धियों के प्रशंसक थे।



उन्होंने कहा कि श्रीमती गांधी ने शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण काम किए हैं और आज उन्हें इस बात की खुशी है कि यह पुरस्कार शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था प्रथम को दिया जा रहा है। पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने समारोह के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था प्रथम की प्रमुख डॉक्टर रुक्मिणी बनर्जी को यह सम्मान प्रदान किया।

श्रीमती गांधी ने इस संस्था की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा ह्ल प्रथम एक उल्लेखनीय संस्थान है जिसने तीस साल से भी कम समय में न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी शिक्षा के क्षेत्र में नाम कनाया है। संस्था ने स्कूली शिक्षा को और अधिक सार्थक और प्रभावशाली बनाने में उल्लेखनीय काम किया है। इसने न केवल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए काम किया है बल्कि सीखने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए निगरानी और मूल्यांकन को नई सोच विकसित की है। संस्था ने इस क्षेत्र में जो उल्लेखनीय फल की है उसकी रिपोर्ट और विश्लेषण ने विभिन्न राज्यों में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा पर सार्वजनिक विमर्श को प्रभावी बनाया है और सार्वजनिक-निजी भागीदारी का एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है।

# भारत फिर से विश्व गुरु बनने की राह पर अग्रसर: धनखड़

**झुंझुनू, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि विवेकानंद का भारत में विविध एकता का एक सपना था जो वर्तमान समय में साकार हो रहा है।

श्री धनखड आज झुंझुनू जिले के खेतड़ी से विवेकानंद संदेश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह संदेश यात्रा 50 दिन में पूरे प्रदेश में भ्रमण करेगी।



खेतड़ी के पोलोग्राउंड खेल मैदान में इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते श्री धनखड़ ने कहा कि देश के सांस्कृतिक मंत्रालय की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के तहत खेतड़ी से शुरू की जा रही विवेकानंद संदेश यात्रा युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

उन्होंने कहा कि भारत पूरे विश्व में आज पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है तथा जल्द ही तीसरी अर्थव्यवस्था बनकर दिखाएंगे। भारत आज अपने दम पर हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। किसी भी काम के लिए आज हमारा देश दूसरे देशों के मोहताज नहीं है। जिन लोगों ने इस देश पर राज किया भारत उनको पछाड़कर बड़ी शक्ति बनने जा रहा है।

भारत में लगातार हो रहे विकास की जबरदस्त यात्रा तेजी से चली जा रही है। लेकिन कुछ लोग भ्रमित होकर बिना कुछ समझे अनर्गल बातें करते हैं। उन्होने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान कोविड़ वैक्सीनेशन में हमारे देश ने बहुत मेहनत कर विदेशों को वैक्सीन दी और आज दुनिया के किसी भी मापदंड में भारत पीछे नहीं है।

उन्होंने कहा कि भारत पूर्व समय में विश्व गुरु हुआ करता था। आज फिर से हम विश्व गुरु बनने की राह पर अग्रसर हो रहे हैं। दुनिया कोई ऐसा प्रतिष्ठान नहीं है जिसमें कोई भारतीय बड़े पद पर नहीं हो। उन्होने कहा कि स्वामी विवेकानंद को शिकागो धर्म सम्मेलन में भेजने एवं विश्व में भारत की पहचान बनाने में राजा अजीत सिंह और खेतड़ी का बहुत योगदान रहा है। विवेकानंद संदेश यात्रा आमजन को नए विचारों के लिए प्रेरणा देगी।

इससे पूर्व धनखड़ के वायुसेना के विमान से खेतड़ी के नेहरू मैदान में पहुंचने पर पुलिस के जवानों की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। क्षेत्रीय विधायक डॉ. जितेंद्र सिंह, पालिका चेयरमैन गीता सैनी, प्रधान मनीषा गुर्जर ने गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया।

इसके बाद सड़क मार्ग से श्री धनखड खेतड़ी के अजीत विवेक संग्रहालय में पहुंचे। जहां पर उनका रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी आत्मानिष्ठानंद महाराज ने बुके भेंट कर स्वागत किया। उसके बाद उपराष्ट्रपति अपनी धर्मपत्नी के साथ अजीत विवेक म्यूजियम में बने भव्य स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया।


इस दौरान ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी भी मौजूद रहे। स्वामी आत्मानिष्ठानंद महाराज ने उपराष्ट्रपति को पूरे म्यूजियम का विजिट किया। जहां पर मैना बाई, स्वामी विवेकानंद को अपने भजन प्रभु जी मेरे अवगुण चित ना धरो के माध्यम से ज्ञान दिया वह स्थल भी उपराष्ट्रपति ने देखा।

यात्रा के संयोजक डॉ. स्वतंत्र शर्मा एवं अशोक सिंह शेखावत ने बताया कि खेतड़ी से शुरू होने वाली विवेकानंद संदेश यात्रा पूरे राजस्थान में भ्रमण करेगी। संदेश यात्रा 50 दिन में प्रदेश के सात संभागों के 33 जिलों में 75 स्थानों पर भ्रमण करते हुए सात जनवरी को जोधपुर पहुंचेगी। जहां भव्य यात्रा का समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

# आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक कंबोडिया में, राजनाथ सिंह करेंगे अध्यक्षता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 22-23 नवंबर को कंबोडिया की यात्रा पर जाएंगे। वह आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक प्लस (एडीएमएम प्लस) और भारत-आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे। एडीएमएम-प्लस और भारत-आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक के अलावा रक्षा मंत्री सिंह भाग लेने वाले देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे।

- सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे रक्षा मंत्री
- भारत-आसियान साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए होनी है विभिन्न पहलों की घोषणा



कंबोडिया के उप प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय रक्षा मंत्री समदेच पिचे सेना टीईए बान के निमंत्रण पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 22-23 नवंबर को कंबोडिया की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। कंबोडिया एडीएमएम-प्लस के अध्यक्ष के रूप में 9वीं वार्षिक बैठक की मेजबानी कर रहा है। भारत-आसियान संबंधों के 30 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भारत और कंबोडिया पहली भारत-आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। बैठक के दौरान भारत-आसियान साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलों की घोषणा करने की योजना है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में 22 नवंबर को पहली भारत-आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 23 नवंबर को आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों को संबोधित करेंगे। वह कंबोडिया के प्रधानमंत्री से भी मुलाकात करेंगे। भारत 1992 में आसियान का संवाद भागीदार बना और 12 अक्टूबर, 2010 को हनोई, वियतनाम में आसियान रक्षा मंत्री बैठक प्लस (एडीएमएम-प्लस) का उद्घाटन किया गया था। एडीएमएम-प्लस मंत्रियों की सालाना बैठक 2017 से आसियान और प्लस देशों के बीच संवाद एवं सहयोग आगे बढ़ाने के लिए होती रही है।

भारत और आसियान ने नवंबर, 2022 में अपने संबंधों को 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' तक बढ़ा दिया है। एडीएमएम-प्लस और भारत-आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक के अलावा रक्षा मंत्री भाग लेने वाले देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। वार्ता के दौरान राजनाथ सिंह रक्षा सहयोग मामलों और पारस्परिक रूप से लाभप्रद संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे।

क्या है आसियान : एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एशियन नेशंस एक क्षेत्रीय संगठन है जो अलग-अलग पड़ोसियों को आर्थिक और सुरक्षा मुद्दों को संबोधित करने के लिए एक साथ लाता है, लेकिन समूह का प्रभाव सीमित रहता है। यह दस दक्षिण पूर्व एशियाई देशों का एक अंतर सरकारी संगठन है, जिसमें ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम हैं। आसियान देशों की कुल आबादी 66.2 करोड़ है और संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 3.2 ट्रिलियन डॉलर है। इस समूह ने एशियाई आर्थिक एकीकरण में एक केंद्रीय भूमिका निभाई है। एडीएमएम-प्लस में दस आसियान सदस्य देशों के अलावा भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया, जापान, न्यूजीलैंड, कोरिया गणराज्य, रूसी संघ और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।


एनसीआर समाचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

कार्यालय :
12/276 , संगम विहार
नई दिल्ली-62

फोन :
8888883968,
9811111715


एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में

**आवश्यक सूचना**

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

## ब्रिटिश काल के कर्नाक पुल को ढहाने के लिए 27 घंटे तक मध्य रेलवे मार्ग रहेगा बाधित

**मुंबई/ एजेंसी।** मध्य रेलवे ब्रिटिश काल के कर्नाक पुल को ढहाने के लिए दक्षिण मुंबई में मस्जिद बंदर स्टेशन और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) के बीच शनिवार रात से 27 घंटे के लिए मार्ग को बंद रखेगा।

मध्य रेलवे की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि (19 नवंबर को) रात 11 बजे से 21 नवंबर अपराह्न दो बजे तक मार्ग बंद रहेगा, जिसके कारण उपनगरीय और एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के आवागमन कार्यक्रम पर असर पड़ेगा।

मार्ग बंद रहने से लोकल ट्रेन से रोजाना सफर करने वाले 37 लाख से अधिक यात्रियों के साथ-साथ अन्य रेलगाड़ियों से यात्रा करने वाले लोग भी प्रभावित होंगे। मध्य रेलवे के मुंबई उपनगरीय नेटवर्क पर 1,800 से अधिक लोकल ट्रेन सेवाएं संचालित होती हैं।

रेल अधिकारियों ने बताया कि यह पुल 1866-67 में बनाया गया था और 2018 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई की एक विशेषज्ञ टीम ने इसे असुरक्षित घोषित कर दिया था, लेकिन इस पर 2014 में ही भारी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई थी।

## एर्दोगन, जेलेंस्की ने अनाज निर्यात समझौते पर की चर्चा

**इस्तांबुल/ एजेंसी।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने अनाज निर्यात विस्तार करने के समझौते पर चर्चा की है। तुर्की के राष्ट्रपति कार्यालय ने शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार फोन पर श्री एर्दोगन ने श्री ज़ेलेंस्की को संयुक्त राष्ट्र समर्थित अनाज निर्यात समझौते का विस्तार करने उनके 'रचनात्मक रुख' के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान श्री एर्दोगन ने श्री जेलेंस्की से कहा कि वह संभावित संघर्ष विराम, अनाज समझौते के विस्तार और कैदियों के आदान-प्रदान पर सकारात्मक समझ पर विचार करें। एक दिन पहले तुर्की द्वारा आयोजित चौतरफा बातचीत के बाद श्री एर्दोगन ने काला सागर अनाज समझौते को 19 नवंबर से 120 दिनों के लिए बढ़ाये जाने की घोषणा की थी। उल्लेखनीय है कि 22 जुलाई को रूस और यूक्रेन ने संघर्ष के बीच अलग से अनाज और उर्वरक निर्यात पर तुर्की और संयुक्त राष्ट्र के साथ एक दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर किए थे। इससे पहले दिन में श्री एर्दोगन ने फोन कर अनाज सौदे को आगे बढ़ाने के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को भी धन्यवाद दिया था।

## गुटेरेस ने जेलेंस्की से काला सागर अनाज मुद्दे पर की चर्चा

**संयुक्त राष्ट्र/ एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ फोन पर बात की और काला सागर अनाज पहल के भविष्य और कम से कम विकसित देशों पर इसके प्रभाव को सुधारने के तरीकों पर चर्चा की। श्री गुटेरेस के उप प्रवक्ता फारहृ हक ने गुरूवार कहा,÷ उनकी चर्चा का मूल बिंदु यह है कि वे यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि जिस तरह की खाद्य सहायता पहल के माध्यम से काला सागर के पार भेजी जा रही है, वह न केवल विश्व खाद्य कीमतों को कम करने में सक्षम हो, जो महत्वपूर्ण है, बल्कि सबसे कम विकसित देशों को राहत प्रदान करने में भी सक्षम हो।÷ श्री हक ने हालांकि दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी। श्री गुटेरेस ने गुरुवार को ब्लैक सी ग्रेन इनिशिएटिव के 120 दिनों के लिए नवीनीकरण का स्वागत किया। तुर्की और संयुक्त राष्ट्र के बीच 22 जुलाई के सौदे की प्रारंभिक अवधि 120 दिन है और यह 19 नवंबर को समाप्त हो रही है। रूस और यूक्रेन गुरुवार को काला सागर बंदरगाहों से अनाज और उर्वरक के निर्यात पर समझौते को और 120 दिनों के लिए बढ़ाने पर सहमत जताई है।

## छोटे उद्योगों से खरीद का लक्ष्य हासिल करें सार्वजनिक उपक्रम

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों से छोटे उद्योगों से खरीद का लक्ष्य हासिल करने को कहा है। श्री वर्मा ने सार्वजनिक उपक्रमों के अध्यक्षों, महाप्रबंधकों को और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की कल देर शाम एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सार्वजनिक उपक्रमों को छोटे उद्योगों से निर्धारित खरीद के लक्ष्य को पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस खरीद में अनुसूचित जाति, जनजाति और महिला उद्यमियों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। छोटे उद्योगों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जानी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने अनुसूचित जाति जनजाति और महिला उद्यमियों की कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए कहा कि सार्वजनिक उपक्रमों को उन तक पहुंचने का प्रयास करना चाहिए। बैठक में सार्वजनिक खरीद नीति आदेश के तहत अनिवार्य लक्ष्यों को प्राप्त करने में उनकी चुनौतियों को समझने का प्रयास किया गया। सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए सार्वजनिक खरीद नीति के अनुसार केंद्र सरकार के प्रत्येक मंत्रालय, विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम एमएसई से माल या सेवाओं के अपने कुल वार्षिक मूल्य का कम से कम 25 प्रतिशत खरीद करेंगे। इसके अलावा, वस्तुओं और सेवाओं की कुल खरीद का चार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के स्वामित्व वाले सूक्ष्म और लघु उद्यमों से और तीन महिला उद्यमियों से किया जाएगा।

## असम में 13 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया

**गुवाहाटी/ एजेंसी।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के वरिष्ठ नेता अरुण कुमार भट्टाचार्जी उर्फ कंचन दा के कथित सहयोगी माने जाने वाले 13 माओवादियों ने शनिवार को असम में आत्मसमर्पण कर दिया। विशेष पुलिस महानिदेशक जी.पी सिंह ने आज ट्वीट किया, ÷डिब्रूगढ़ और कछार में 13 माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर आज मुख्य धारा में शामिल हो गए। भट्टाचार्जी को छह मार्च को कछार जिले में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि सभी कैडरों ने आत्मसमर्पण के लिए उनसे संपर्क किया। पुलिस के अनुसार 72 वर्षीय भट्टाचार्जी को असम में भाकपा (माओवादी) की एक राज्य-स्तरीय समिति गठित करने और पड़ोसी देश और माओवादी प्रभावति झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेंलगाना और आंध्र प्रदेश के बीच 'लाल गलियारा' बनाने का काम सौंपा गया था।

## दिल्ली से बद्रीनाथ जा रही कार दुर्घटनाग्रस्त

**नई टिहरी, (उत्तराखंड)/ एजेंसी।** श्रीबद्रीनाथ धाम के कपाट बंद होने से पहले दर्शन के लिए दिल्ली से जा रहे एक परिवार की कार शनिवार को ऋषिकेश श्रीनगर मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उत्तराखंड सरकार के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई बल के जवानों ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया और कार पर सवार परिवार के सभी सदस्यों को बचा लिया गया है। दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि ऋषिकेश-श्रीनगर मोटर मार्ग पर गूलर के पास कार के सड़क से लगभग 20-25 मीटर खाई गिरने से यह दुर्घटना हुई। दुर्घटना के समय कार मे तीन लोग पति-पत्नी तथा उनका बच्चा सवार थे। प्रवक्ता के अनुसार यह परिवार दिल्ली से बदरीनाथ जी के दर्शन के लिए जा रहा था। रेस्क्यू टीम एसडीआरएफ व्यासी तथा गूलर ने मौके पर 108 द्वारा महिला को फस्ड ऐड देने के बाद सरकारी अस्पताल ऋषिकेश ले गये। महिला का पति तथा बच्चा सुरक्षित हैं। यह परिवार दक्षिण दिल्ली की समर कालोनी में रहता है। गौरतलब है कि आज बद्रीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद हो रहे हैं।

# जी-20 संयुक्त घोषणा में प्रधानमंत्री की टिप्पणी 'आज का युग युद्ध का नहीं' को प्रमुखता

### इसके लिए व्हाइट हाउस ने की जमकर तारीफ, कहा-भारत की भूमिका महत्वपूर्ण



**वाशिंगटन/ एजेंसी।** व्हाइट हाउस ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को यूक्रेन-रूस संघर्ष की पृष्ठभूमि में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए की गई भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी आज का युग युद्ध का नहीं है को जी-20 शिखर सम्मेलन की संयुक्त घोषणा में जोड़ने की जीभर कर तारीफ की है। व्हाइट हाउस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भूमिका महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री का यह संदेश इंडोनेशिया के बाली में जी-20 संयुक्त घोषणा के निष्कर्ष का अहम हिस्सा बन गया है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव काराइन जीन पियरे ने ब्रीफिंग में कहा कि अमेरिका मानता है कि जी-20 शिखर सम्मेलन सफल रहा। पियरे ने सम्मेलन की सफलता में राष्ट्रपति जो बाइडेन, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो की भूमिका को रेखांकित किया। पियरे ने कहा- हमने जी-20 शिखर सम्मेलन सफल किया। राष्ट्रपति बाइडन ने मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति से बात की। भारत ने शिखर सम्मेलन की घोषणा पर बातचीत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मोदी ने स्पष्ट किया कि आज का युग युद्ध का नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन-रूस संघर्ष की पृष्ठभूमि में इस साल सितंबर में समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के इतर एक द्विपक्षीय बैठक में पुतिन को दिए अपने बयान में भी कहा था- आज का युग युद्ध का नहीं है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव पियरे ने खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा चुनौतियों को दूर करने में मोदी की भूमिका की भी सराहना की और भारत के जी20 प्रेसीडेंसी के लिए अमेरिकी समर्थन को दोहराया। जीन पियरे ने कहा- हमने मौजूदा खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा चुनौतियों और एक लचीली वैश्विक अर्थव्यवस्था के निर्माण के प्रयासों को गंभीरता से लिया है। हम अगले साल भारत के जी-20 अध्यक्ष का समर्थन करने के लिए तत्पर हैं।

उल्लेखनीय है कि बाली जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद अब सभी की निगाहें भारत पर हैं। अगले साल नई दिल्ली अपने एजेंडे में वैश्विक दक्षिण और उन्नत दोनों देशों के बीच बेहतर सहयोग का माहौल तैयार करेगी। एजेंडा संभावित रूप से साझा वैश्विक शांति और समृद्धि और उभरती वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए क्षमता निर्माण के लिए सतत और समान विकास के लिए सहयोग होगा।

यह है बाली जी-20 संयुक्त घोषणाः बाली जी-20 संयुक्त घोषणा के अनुसार- शांति और स्थिरता की रक्षा करने वाले अंतरराष्ट्रीय कानून और बहुपक्षीय प्रणाली को बनाए रखना आवश्यक है। इसमें संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में निहित उद्देश्यों और सिद्धांतों की रक्षा करना और सशस्त्र संघर्षों में नागरिकों और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सहित अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करना शामिल है। आज का युग युद्ध का नहीं होना चाहिए।

## आईसीबीएम का परीक्षण अमेरिकी खतरे को रोकने की क्षमता साबित करता है: किम जोंग उन

**सियोल/ एजेंसी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा कि अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) के परीक्षण से इस बात की पुष्टि हुई है कि उनके देश के पास बाहरी



खतरों से निपटने के लिए एक और ''विश्वसनीय तथा अधिकतम क्षमता'' वाला अस्त्र है।

सरकारी मीडिया ने शनिवार को कहा कि किम ने अमेरिका और उसके सहयोगियों को चेतावनी दी कि उनके उकसावे वाले कदमों का परिणाम उनके ''खुद के विनाश के रूप'' में निकलेगा।

इसने कहा कि किम ने ह्वासांग-17 मिसाइल का परीक्षण देखा और कहा कि इसके परीक्षण से उनके देश के पास बाहरी खतरों से निपटने के लिए एक और ''विश्वसनीय तथा अधिकतम क्षमता'' वाला अस्त्र होने की पुष्टि हुई है।

शुक्रवार को पड़ोसी देशों ने कहा कि उन्होंने उत्तर कोरिया द्वारा प्रक्षेपित की गई आईसीबीएम को देखा जिसने अमेरिका के किसी भी क्षेत्र में पहुंचने की अपनी संभावित क्षमता का प्रदर्शन किया।

नॉर्थ कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि किम ने अपनी पत्नी री सोल जू और 'प्यारी बेटी' के साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में परीक्षण का अवलोकन किया।

## वीएएफ के माध्यम से पैदा की जाए मतदान के प्रति जागरूकता : गुप्ता



**जयपुर/ एजेंसी।** राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा है कि मतदाता जागरूकता मंच (वीएएफ) के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा की जानी चाहिए ताकि मतदाता उदासीनता को भी दूर किया जा सके।

श्री गुप्ता शुक्रवार को यहां पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास, कॉलेज शिक्षा, स्कूल शिक्षा, श्रम एवं रोजगार आदि विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इससे मतदान पंजीकरण में भी बढोतरी होगी। उन्होंने बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि प्रथम चरण में 500 से अधिक संख्या वाले कार्यालयों अथवा निकायों में वीएएफ का गठन किया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण में इससे कम कार्मिकों वाले कार्यालयों में भी वीएएफ का गठन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन वीएएफ के माध्यम से कार्मिकों को मतदाता शपथ भी दिलाई जाए।

उन्होंने कहा कि विभाग अपने अन्तर्गत आने वाले कार्यालयों में वीएफ के गठन करने एवं इन्हें सुचारू रूप से संचालित करने के लिए एक नोडल ऑफिसर की नियुक्ति करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के विभागों द्वारा अपने मतदान से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों में निर्वाचन विभाग के प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर मतदान जागरूकता के क्रियाकलाप कराए जा सकते हैं।

## पहली बार सार्वजनिक तौर पर दिखी किम जोंग उन की बेटी

**सियोल (दक्षिण कोरिया)/ एजेंसी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बेटी पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आई। किम अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का परीक्षण देखने पहुंचे थे तथा इस दौरान उनकी पत्नी और बेटी भी उनके साथ थी।

नॉर्थ कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि किम ने अपनी पत्नी री सोल जू और 'प्यारी बेटी' के साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल ह्वासांग-17 का परीक्षण देखा।

मुख्य रोडोंग सिनमुन अखबार ने तस्वीरें प्रकाशित कीं जिनमें किम अपनी बेटी के साथ मिसाइल का परीक्षण देखते नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में किम की बेटी सफेद रंग की जैकेट और लाल जूते पहने हुए दिखती है। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने पहली बार किम की बेटी का उल्लेख किया है या उसकी तस्वीरें सार्वजनिक की हैं। केसीएनए ने किम की बेटी के नाम और उम्र के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

## मलेशिया में आम चुनाव के लिए मतदान आरंभ



**कुआलालंपुर/ एजेंसी।** मलेशिया में आम चुनाव के लिए शनिवार को मतदान आरंभ हो गया। यह चुनाव तय करेगा कि देश में सबसे लंबे तक शासन करने वाला गठबंधन चार साल पहले मिली चुनावी हार के बाद फिर से चुनावी जीत हासिल कर पाएगा या नहीं।

विपक्षी नेता अनवर इब्राहिम के नेतृत्व में राजनीतिक सुधारक दूसरी बार जीत मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। विश्लेषकों का कहना है कि परिणाम का पूर्वानुमान लगाना मुश्किल है और अगर त्रिशंकु संसद होती है तो नए गठबंधन बन सकते हैं।

बोर्नियो द्वीप के दो राज्यों में सुबह साढ़े सात बजे मतदान केंद्र खुल गए और इसके आधे घंटे बाद मलेशियाई प्रायद्वीप में मतदान की प्रक्रिया आरंभ हो गई। देश के कई हिस्सों में गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान जताया गया है। ऐसे में सुबह ही कई शहरों में मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं।

इस चुनाव में संघीय संसद की 222 सीट और तीन राज्यों के सदनों के प्रतिनिधियों के लिए 2.1 करोड़ से अधिक लोग मतदान करने के लिए पात्र हैं। निर्वाचन आयोग ने मतदान का समय बढ़ाकर नौ से 10 घंटे कर दिया है, यानी दिन में बाद में चुनाव परिणाम आने की उम्मीद है।

मुख्य मुकाबला 'यूनाइटेड मलयेज नेशनल ऑर्गेनाइजेशन' (यूएमएनएल) के नेतृत्व वाले गठबंधन और अनवर के नेतृत्व वाले पकतन हरपन (पीएच) यानी 'एलायंस ऑफ होप' के बीच है। पूर्व प्रधानमंत्री मुहिद्दीन यासीन के नेतृत्व वाला 'नेशनल एलायंस' भी कड़ी टक्कर दे सकता है। कई चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों के अनुसार, अनवर के गठबंधन को बढ़त मिल सकती है, लेकिन उसे मिलने वाली सीटें बहुमत से कम रह सकती हैं, जबकि कुछ सर्वेक्षणों में यूएमएनएल के नेतृत्व वाले बारिसन नेशनल यानी 'नेशनल फ्रंट' को जीत मिलने की संभावना जतायी गई है।

बारिसन नेशनल गठबंधन 1957 में ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद से देश की सत्ता पर काबिज रहा, लेकिन भ्रष्टाचार के चलते वर्ष 2018 के चुनाव में उसे अनवर के गठबंधन पीएच से शिकस्त झेलनी पड़ी। इस चुनाव के बाद एक समय शक्तिशाली रहे यूएमएनओ के नेताओं को भ्रष्टाचार के मामलों में जेल जाना पड़ा और मलेशिया में बदलाव की उम्मीद जगी, लेकिन दलबदल के कारण 2020 की शुरुआत में पीएच सरकार गिर गई और एक बार फिर यूएमएनओ सत्ता में आ गया।

## नकारात्मकता फैलाने वालों पर ट्विटर लगाएगा लगाम

**वाशिंगटन/ एजेंसी।** एलन मस्क ने शुक्रवार को ट्विटर की नई नीति का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि नई ट्विटर नीति अभिव्यक्ति को स्वतंत्रता देती है, लेकिन रीच की नहीं। उन्होंने कहा कि ट्विटर अभद्र भाषा और नकारात्मक सामग्री वाले ट्वीट्स को बढ़ावा नहीं देगा और न ही उनका प्रचार करेगा। मस्क ने ट्वीट किया- नई ट्विटर नीति बोलने की स्वतंत्रता है, लेकिन पहुंच की स्वतंत्रता नहीं है। निगेटिव ट्वीट्स को डिमोनेटाइज किया जाएगा। ट्विटर पर कोई विज्ञापन या अन्य रेवेन्यू नहीं होगा।

### एलन मस्क ने की नई नीति की घोषणा, ग्रिफिन और पीटरसन के अकाउंट्स बहाल

इसके साथ ही ट्विटर ने अमेरिकी कामेडियन कैथी ग्रिफिन और प्रोफेसर जार्डन पीटरसन के खातों को फिर बहाल कर दिया। एलन मस्क ने शुक्रवार को कहा कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खाते को अभी बहाल नहीं किया गया है। एलन मस्क ने ट्वीट करके खुद इस बात की जानकारी दी। उनके अनुसार, व्यंग्यात्मक वेबसाइट बेबीलोन बी का अकाउंट जरूर बहाल कर दिया गया है। एलन मस्क ने कहा कि मई में वह ट्रंप के ट्विटर अकाउंट पर लगे प्रतिबंध को उलट देंगे। गौरतलब है ट्रंप का ट्विटर अकाउंट पिछले साल यूएस कैपिटल पर हुए हमले के बाद निलंबित कर दिया गया था। मस्क ने ट्विटर का नियंत्रण संभालने के बाद से ही प्लेटफार्म को नया रूप देने की कोशिश की है।

# कांग्रेस ने इंदिरा की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी, उनके योगदान को याद किया





**नई दिल्ली/ एजेंसी।** कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर शनिवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 'शक्ति स्थल' पहुंचकर इंदिरा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

खरगे ने ट्वीट किया, आजीवन संघर्ष, साहस व कुशल नेतृत्व की मिसाल, भारत की लौह महिला, श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती पर शत शत नमन। भारत की एकता व अखंडता को संजोए रखने के लिए उन्होंने अपने जीवन का बलिदान दिया। राष्ट्र को समर्पित, उनकी राजनीतिक दृढ़ता को हम भारतवासी हर पल याद करते हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को 'भारत जोड़ो यात्रा' की शुरुआत से पहले अपनी दादी इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इंदिरा गांधी को याद करते हुए ट्वीट किया, ''आज़ादी के संग्राम में पली, भारत के महान नेताओं से सीखी पढ़ी, पिता की लाडली थीं वो। देश के लिए दुर्गा, दुश्मनों के लिए काली थीं -निडर, तेजस्विनी, प्रियदर्शिनी।÷

पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने इंदिरा गांधी के एक भाषण का अंश साझा करते हुए उनके कथन का उल्लेख किया, ÷एकजुट होकर काम करना है, एकजुट होकर आगे बढ़ना है, एकजुटता के साथ देश की विजय सुनिश्चित करनी है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट कर कहा, देश की एकता और अखंडता बरकरार रखने में इंदिरा गांधी जी का अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने इस महान उद्देश्य के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग कर दिया। उनके कार्यकाल में भारत की सेना ने ऐतिहासिक शौर्य और पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को पराजित किया तथा बांग्लादेश का निर्माण हुआ।

कांग्रेस के कई अन्य नेताओं ने भी इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान एवं बलिदान को याद किया। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का जन्म 19 नवंबर, 1917 को प्रयागराज में हुआ था। वह जनवरी 1966 से मार्च 1977 तक प्रधानमंत्री रहीं। इसके बाद 1980 में वह फिर से प्रधानमंत्री बनीं। 31 अक्टूबर, 1984 को उनके अंगरक्षकों द्वारा उनकी हत्या कर दी गई थी।

## ब्रिटेन और फ्रांस ने किया सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन

### संयुक्त राष्ट्र संघ में खुलकर सामने आए दोनों देश

**न्यूयार्क/ एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता का ब्रिटेन और फ्रांस ने खुलकर समर्थन किया है। इन दोनों देशों ने भारत के साथ जर्मनी, ब्राजील और जापान को भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाने की मांग की है।

पांच देश, अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस व ब्रिटेन इस समय संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य हैं। वैश्विक आबादी, बदलती अर्थव्यवस्था व नई भू राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए स्थाई सदस्य देशों



की संख्या बढ़ाने की मांग लंबे समय से हो रही है। अब ब्रिटेन और फ्रांस ने संयुक्त राष्ट्र संघ में मांग की है कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनाया जाए।

संयुक्त राष्ट्र संघ में फ्रांस की उप स्थायी प्रतिनिधि नथाली ब्रॉडहर्स्ट ने कहा है कि उनका देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य के रूप में भारत, जर्मनी, ब्राजील और जापान का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि इस समय दुनिया में नई शक्तियों का उद्भव हो रहा है और इसे ध्यान में रखने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ को उन देशों को ध्यान में रखना चाहिए जो शक्तिशाली दुनिया में स्थायी सदस्यता की जिम्मेदारी लेने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में फ्रांस की स्थिति स्थिर और सर्वविदित है। अब फ्रांस चाहता है कि सुरक्षा परिषद में दुनिया के और अधिक प्रतिनिधि हों, जिससे उनके अधिकारों और प्रभावी कामकाज को मजबूत किया जा सके।

इससे पहले ब्रिटेन ने भी खुलकर भारत की स्थाई सदस्यता का समर्थन किया। संयुक्त राष्ट्र संघ में ब्रिटेन की स्थायी प्रतिनिधि बारबरा वुडवर्ड ने भारत, जर्मनी, जापान और ब्राजील के लिए नई स्थाई सीटों की मांग की। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन लंबे समय से सुरक्षा परिषद के विस्तार की मांग कर रहा है। उन्होंने भारत, जर्मनी, जापान और ब्राजील के लिए नई स्थायी सीटों की व्यवस्था के साथ-साथ स्थायी अफ्रीका के स्थाई प्रतिनिधित्व का भी समर्थन करने की बात कही।

## एक नजर

### जाफराबाद में घोषित बदमाश की चाकू घोंपकर हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद इलाके में घोषित बदमाश की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान आमिर उर्फ टोरी (26) के रूप में हुई है। वारदात के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आमिर को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आमिर पर चाकू के 30 से अधिक वार किए गए। हत्या के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। परिजनों ने आरोप लगाया है कि जेल में बंद एक दूसरे बदमाश ने वारदात को अंजाम दिलवाया है। पुलिस परिजनों का बयान लेकर मामले की जांच कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी की मदद से जांच की जा रही है। आमिर जाफराबाद थाने का घोषित बदमाश था। पुलिस के मुताबिक आमिर परिवार के साथ चौहान बांगर, कनीजा मस्जिद के पास रहता था। इसके परिवार में पिता साबिर के अलावा दो भाई नाजिम, कासिम व अन्य सदस्य हैं। शनिवार देर रात आमिर घर से बाहर निकला हुआ था। इस बीच उसके पुराने जानकार कुछ युवक मिले। आरोपियों ने माता वाली गली, घोंडा के एक मकान में साथ बैठकर शराब की। इसके बाद कहासुनी के दौरान चार से पांच युवकों ने गली में दौड़ा-दौड़ाकर आमिर को चाकू मारे। आरोपियों को जब लगा कि आमिर की मौत हो गई है, इसके बाद ही वह फरार हुए। पुलिस को खबर मिली तो उसे अस्पताल पहुंचाया गया। परिवार ने पुलिस को कुछ लड़कों के नाम बताए हैं, उसके आधार पर पुलिस आरोपितों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस को सीसीटीवी कैमरों से कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं। उसके आधार पर पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

### बीजेपी के अंदर है केजरीवाल का खौफ, 240 सीटों पर जीत दर्ज करेगी पार्टी : विशेष रवि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के विधायक विशेष रवि ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि एमसीडी चुनाव में भाजपा के अंदर अरविंद केजरीवाल का खौफ है। तभी एमसीडी के छोटे से चुनाव में बीजेपी अपनी पूरी ताकत झोंकने के साथ ही प्रचार के लिए देश भर के राष्ट्रीय नेताओं को चुनावी मैदान में उतार रही है। दो बार के विधानसभा चुनाव में जो नतीजे आए हैं, वही इस बार के एमसीडी चुनाव में भी आएंगे और आप 240 सीटें जीतेगी। विशेष रवि ने कहा कि एमसीडी चुनवा को लेकर आम आदमी पार्टी की पूरी तैयारी है। खुद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पहाड़गंज के क्षेत्र से चुनाव प्रचार की शुरूआत की है। हम लोगों के बीच में जाकर कह रहे हैं कि बीते 15 साल में अगर बीजेपी ने एमसीडी में कोई काम किया है, तो उन्हें खुशी-खुशी वोट दें। अगर काम नहीं किया है तो आम आदमी पार्टी को वोट दें। लोग खुद कह रहे है कि हम बीजेपी से दुखी हो चुके हैं। वहीं, बीजेपी शाम 5:00 बजे रोड शो निकाल रही है। इस आप विधायक ने कहा कि यह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का खौफ है। इसके चलते बीजेपी को इतनी बड़ी संख्या में अपने नेताओं को एमसीडी के छोटे चुनाव में प्रचार के लिए उतारना पड़ रहा है। पहले भी बीजेपी दो बार कोशिश कर चुकी है। विधानसभा के दो बार के बीते चुनाव में लेकिन उसका क्या परिणाम है वह सब देख चुके हैं। इस बार भी वही परिणाम आएंगे। आम आदमी पार्टी निश्चित तौर पर एमसीडी चुनाव में जीतने जा रही है।

### एमसीडी चुनाव 2022: बीजेपी प्रत्याशी बनाए जाने पर लोगों ने जताई खुशी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में एमसीडी चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी देखी जा रही है। विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा चुनाव में अपना दमखम दिखाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसी क्रम में बीजेपी के नगर निगम के चुनाव को लेकर अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की जिसके बाद प्रत्याशियों ने जमकर जश्न मनाया और मिठाई बांटी। सूची जारी होने के बाद प्रत्याशियों के घर बधाई देने वालों का भी तांता लगा रहा। पार्टी ने जहां इस बार कुछ क्षेत्रों से नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है तो कुछ क्षेत्रों पुराने उम्मीदवारों पर भरोसा जताते हुए उन्हें दोबारा टिकट दिया है। बीजेपी ने वार्ड नंबर 161 से अनीता सिंघल को टिकट दिया है जो पूर्व निगम पार्षद हैं, वहीं वार्ड नंबर 162 से मीरा पहाड़िया को टिकट दिया गया है। वार्ड नंबर 163 से पार्टी ने चंदन चौधरी को टिकट दिया है और वार्ड नंबर 166 से नरेश सांखला को टिकट दिया गया है, जो पूर्व निगम पार्षद रेखा सांखला के पति भी हैं। उधर वार्ड नंबर 167 से पार्टी ने ममता यादव के रूप में नए चेहरे को अपना प्रत्याशी बनाया है। बीजेपी द्वारा चुने गए सभी प्रत्याशियों ने कहा कि पार्टी ने उनपर भरोसा जताया क्योंकि वे जनता के बीच रहकर हमेशा काम करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे एमसीडी चुनाव में भारी मतों से जीतकर पार्टी के भरोसे को बनाए रखेंगे और जनता की समस्याओं का निवारण करने की कोशिश करेंगे। प्रत्याशी बनाए जाने पर लोगों ने जताई खुशी : इस बार के एमसीडी चुनाव में देखा जा रहा है कि बीजेपी और आप दोनों ही पार्टियां महिला उम्मीदवारों पर ज्यादा भरोसा जता रही हैं। कहा तो यह भी जा रहा है कि इस बार के एमसीडी चुनाव में आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच कांटे का मुकाबला है। शायद इसी के चलते बीजेपी ने कई क्षेत्रों से पुराने चेहरों को दरकिनार कर नए चेहरों को प्रत्याशी बनाया है। इन प्रत्याशियों का दावा है कि एमसीडी में एक बार फिर बीजेपी का परचम लहराएगा।

मुख्यमंत्री ने पहाड़गंज में जनता से किया जनसंवाद

# दिल्ली में विकास कार्यों को रोकने वालों को वोट मत देना : केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को एमसीडी चुनाव को लेकर करोलबाग विधानसभा क्षेत्र के पहाड़गंज में जनता से जनसंवाद किया। इस दौरान आप के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, एमसीडी के प्रभारी एवं विधायक दुर्गेश पाठक और आप के विधायक विशेष रवि समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

इस जनसभा में माहौल खराब करने के इरादे से भाजपा के कुछ कार्यकर्ता आ गए और उन्होंने हंगामा करने की कोशिश की। इस पर केजरीवाल ने कहा कि जनतंत्र बातचीत से चलता है। हम जनता से बातचीत करने आए हैं। उनको अगर बातचीत करनी थी, तो शांति से खड़े होकर बातचीत करनी चाहिए थी। गुंडागर्दी से लोकतंत्र नहीं चलता है।

इस तरह से दूसरे की सभा में आकर गुंडागर्दी, लफंगई और गाली गलौज करना अच्छी बात नहीं है। वह हमेशा कहते है कि अगर आपको गुंडागर्दी चाहिए तो उनके पास चले जाना। मेरे को गुंडागर्दी करनी नहीं आती



है। गुंडागर्दी, लफंगई और गाली गलौज अच्छी बात नहीं है। अगर बात करनी है, तो आप खड़े हो। हम माइक देंगे, आप भी बोलना। मैं तो बात करने आया हूं, भाषण देने नहीं आया हूं।

केजरीवाल ने कहा कि चार दिसंबर को एमसीडी का चुनाव है। यह बड़ा महत्वपूर्ण चुनाव है। उन्होंने कहा कि 15 साल से एमसीडी में भाजपा का शासन है। भाजपा ने 15 साल में एमसीडी में एक भी अच्छा काम नहीं किया, जबकि सात साल में आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली के अंदर सरकारी स्कूल ठीक कर दिए, सरकारी अस्पताल ठीक कर दिए, पानी मुक्त कर दिया, बिजली मुक्त कर दी, मोहल्ला क्लीनिक बना दिए, सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कूड़ा उठाने और दिल्ली की साफ सफाई करने की जिम्मेदारी भाजपा शासित एमसीडी की है, लेकिन कई लोगों को गलतफहमी है।

केजरीवाल ने कहा कि ये लोग फ्री बिजली को फ्री की रेवड़ी कहते हैं। ऐसे करते हैं, जैसे हमारे ऊपर कोई एहसान कर रहे हैं। ऐसे करते हैं, जैसे हम लोग कोई भिखारी हैं। फ्री बिजली आपका हक है, फ्री की रेवड़ी नहीं है। ये लोग फ्री की रेवड़ी इसलिए चिल्लाते हैं, क्योंकि ये लोग दिल्ली में फ्री की बिजली बंद करना चाहते हैं। भाजपा वालों ने षड्यंत्र रच रखा है। लेकिन चिंता मत करना। जब तक केजरीवाल जिंदा है, तब तक बिजली फ्री रहेगी। जब तक आपका बेटा- आपका भाई जिंदा है, आपको फ्री बिजली मिलती रहेगी, लेकिन आपको मेरे हाथ मजबूत करने पड़ेंगे। मैं इनसे रोज लड़ता हूं। ये लोग रोज मेरे काम रोकते हैं। आप लोग देख रहे हो कि ये लोग कितना काम रोकता हैं। इन्होंने एक एलजी साहब को बिठा रखा है। आप सभी से अपील है कि काम रोकने वालों को वोट मत देना, काम करने वालों को वोट देना। जो दिल्ली के काम को रोकता है, उसको वोट मत देना।

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हमारी सरकार है और एमसीडी में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। बस अब यह देखना है कि कितनी सीट आएगी। आप लोगों ने विधानसभा चुनाव में हमें 70 में से 67 सीटें दी थी, वैसे ही एमसीडी में 250 में से 230 सीट चाहिए। दिल्ली में हमारी सरकार है और एमसीडी में भी हमारी सरकार बनने जा रही है। इसलिए दिल्ली में काम तो हम ही कराएंगे। आपने गलती से भी अगर भाजपा वाले को जीता दिया, तो काम सारे बंद हो जाएंगे, क्योंकि वो तो हमसे लड़ेगा।

वहीं उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि आप सभी लोग जानते हैं कि चार दिसंबर को नगर निगम का चुनाव होने वाला है। एमसीडी का सबसे मुख्य काम दिल्ली की साफ सफाई है। लेकिन पिछले 15 साल से एमसीडी की सत्ता पर काबिज भाजपा साफ सफाई में असफल रही है।

## साहित्य अकादमी की ओर से दिल्ली में आयोजित 'पुस्तकायन' पुस्तक मेला संपन्न

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साहित्य अकादमी की ओर से दिल्ली में आयोजित किए गए 'पुस्तकायन' पुस्तक मेला समाप्त हो गया। आठ दिन चले इस मेले की थीम इस बार बाल साहित्य पर केंद्रित थी। प्रत्येक दिन बाल लेखकों से संवाद, बाल साहित्य के विभिन्न पक्षों पर चर्चा, बाल रचना-पाठ, पुस्तक लोकार्पण एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। अपने प्रिय लेखक से मिलिए' कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों के बच्चों को प्रत्येक दिन प्रख्यात बाल साहित्यकारों बालस्वरूप राही, दिविक रमेश, क्षमा शर्मा, कमलजीत नीलों, पारो आनंद एवं आज प्रख्यात उर्दू लेखक असद रजा से मिलने और उन्हें सुनने का अवसर मिला।

असद रजा ने बच्चों को अपनी कहानी 'नन्हे मुन्नों की सरकार' सुनाई और बच्चों को यह भी बताया कि एक लेखक बनने के लिए क्या-क्या तैयारी करनी होती है। उन्होंने कहा कि बच्चे अगर अपनी रोजमर्रा की बातों को डायरी में लिखने की आदत डाल लें तो वे धीरे-धीरे एक अच्छा लेखक बन सकते हैं। उन्होंने उपस्थित बच्चों के प्रश्नों का उत्तर भी दिए। बाल साहिती कार्यक्रम में प्रख्यात बाल साहित्यकार योगेंद्रदत्त शर्मा की अध्यक्षता में दिशा ग्रोवर, घमंडी लाल अग्रवाल, ऋषि राज, सूर्यनाथ सिंह, वेदमित्र शुक्ल और वेलु सरवणन ने अपनी-अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं।

सबसे पहले सूर्यनाथ सिंह ने 'भुलई काका' कहानी सुनाई जो भुलई नाम के एक पात्र पर केंद्रित थी और वे शाम होते ही भूल जाने की आदत से परेशान थे। इस भुलक्कड़पन से कई ऐसी रोचक स्थितियां पैदा हुईं जिनके बारे में बच्चों को सुनकर बहुत आनंद आया। दिशा ग्रोवर, वेदमित्र शुक्ल, घमंडी लाल अग्रवाल और योगेंद्रदत्त शर्मा ने विभिन्न विषयों पर मनोरंजक कविताएं बच्चों को सुनाईं। वेदमित्र शुक्ल की नागारानी गाइदिनल्यू पर केंद्रित कविता का पाठ किया, जिसे बच्चों ने बहुत पसंद किया।

कथक और संबलपुरी लोक नृत्य के अलावा हुआ शास्त्रीय गायन भी : ऋषि राज ने कारगिल युद्ध में शहीद अनुज नैयर के बलिदान की कहानी सुनाकर बच्चों में देश सेवा के प्रति जोश भर दिया। वेलु सरवणन ने अभिनय के साथ धरती और आसमान के बीच के संबंध पर केंद्रित एक लोककथा को अपनी कहानी में प्रस्तुत किया।

## जितेंद्र गोगी गैंग के चार शार्प शूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने जितेंद्र गोगी गैंग के चार शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान अमन उर्फ मनप्रीत (26), प्रदीप उर्फ लाला (30), रोशन (28) और अंकित उर्फ गांधी (27) के रूप में हुई है। आरोपित हत्या, हत्या के प्रयास, लूटपाट, जबरन वसूली के 30 से अधिक मामलों में शामिल रहे हैं।

पुलिस ने आरोपितों के पास से एक रिवाल्वर समेत कुल 17 पिस्टल, कुछ कारतूस और वारदातों में इस्तेमाल तीन दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। आरोपित किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए निकले थे। उससे पूर्व ही स्पेशल सेल की टीम ने इनको दबोच लिया। अमन की छह मामलों में जबकि रोशन और अंकित की चार मामलों में पुलिस को तलाश थी। कई मामलों में अदालत ने इनको भगोड़ा घोषित किया हुआ था। पुलिस पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ कर मामले



की छानबीन कर रही है।

स्पेशल सेल के डीसीपी राजीव रंजन सिंह ने बताया कि 16 नवंबर को उनकी टीम को खबर मिली थी कि जितेंद्र गोगी गैंग के शूटर दक्षिण दिल्ली में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने आने वाले हैं। खबर मिलने के बाद फौरन एसीपी संजय दत्त, इंस्पेक्टर अनुज कुमार त्यागी व अन्यों की टीम को भीकाजी कामा प्लेस के पास तैनात कर दिया गया। एक स्कूटी पर सवार अमन और अंकित गांधी को टीम ने काबू किया। दूसरी स्कूटी पर सवार रोशन और प्रदीप को एक अन्य टीम ने काबू कर लिया। चारों के पास से पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की बात की। पुलिस की पूछताछ में अमन ने बताया कि उसने अपने साथी मुख्तार के साथ मिलकर बिंदापुर इलाके में कपिल नामक युवक को कई गोलियां मारी थी। हमले में कपिल बच गया था। कपिल ने कई साल पहले अमन के दोस्त व मुख्तार के बड़े भाई मुस्तफा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। 20 अगस्त को अमन, अंकित व रोशन ने राजौरी गार्डन इलाके में एक महिला से चेन झपटने का प्रयास किया था। लेकिन उनको मौके पर अपनी चोरी की बाइक को छोड़कर भागना पड़ा था। इसके बाद 17 सितंबर को आरोपितों ने सेक्टर-17-18, गुरुग्राम में पंकज नामक युवक की गोली मारकर हत्या की थी। पंकज की रोशन की पत्नी से दोस्ती थी।

उसी का बदला लेने के लिए वारदात को अंजाम दिया गया। 18 नवंबर को पुलिस ने अमन की निशानदेही पर मयूर विहार एक्सटेंशन मेट्रो स्टेशन के पास से एक बाइक बरामद की। बाइक को इन्होंने पंकज की हत्या में इस्तेमाल किया था। इसके बाद वारदात में इस्तेमाल पिस्टल को बिजवासन के एक सूखे तालाब से बरामद कर लिया गया। बाद में इनके पास से कुल 17 पिस्टल व कई कारतूस बरामद हुए। पूछताछ के दौरान अमन, रोशन और अंकित ने बताया कि वह मुख्तार के करीबी दोस्त हैं। आरोपित शराब व जुए के अड्डा चलाने वाले लोगों से जबरन वसूली के लिए उन पर गोलियां चलाकर दहशत फैलाते थे।

## दिल्ली के 20 सरकारी स्कूलों में लगेगा नेत्र जांच शिविर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली का शिक्षा विभाग एक एनजीओ के साथ मिलकर 20 सरकारी स्कूलों में छात्रों के लिए आंख जांच शिविर लगाने जा रहा है। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने एक परिपत्र जारी किया है। इस परिपत्र में शिक्षा निदेशालय ने 20 सरकारी स्कूलों की एक लिस्ट जारी की है।

शिक्षा निदेशालय ने परिपत्र के माध्यम से कहा है कि इंदिरापुरम के रोटरी क्लब द्वारा मेगा नेत्र जांच शिविर का आयोजन दिल्ली के 20 सरकारी स्कूलों में (मुफ्त) में आयोजित किया जाएगा। इस लिस्ट में शामिल 20 सरकारी स्कूलों के पूर्वी जिलों के संबंधित प्रमुखों को निर्देश दिया जाता है कि वे अपने स्कूलों में मेगा आई चेकअप कैंप आयोजित करने के लिए रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम को सहयोग दें।

शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों को मेगा आंख जांच कैंप के संबंध में कुछ निर्देश भी दिए। जैसे संचालित स्कूलों को बाधित नहीं किया जाना चाहिए। शिक्षा निदेशालय एवं उसके छात्रों द्वारा संबंधित संस्था या किसी व्यक्ति को आर्थिक सहायता नहीं दी जाएगी। इसके अलावा डीओई की पूर्व स्वीकृति के बिना और भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन किए बिना परियोजना में कोई विदेशी फंडिंग शामिल नहीं होनी चाहिए। परियोजना की प्रक्रिया में छात्रों/अभिभावकों की गोपनीयता प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

## श्रद्धा हत्याकांड : जंगल से जबड़े का टुकड़ा बरामद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण जिले के महरौली इलाके में हुए श्रद्धा हत्याकांड में रविवार को बड़ा खुलासा हुआ है। सूत्रों के अनुसार, आफताब की बताई जगह पर पुलिस को जंगल से जबड़े का टुकड़ा मिला है। साथ ही जबड़े की कुछ हड्डियां भी बरामद हुई हैं।

आफताब को लेकर दिल्ली पुलिस आज उसके छतरपुर के घर पर पहुंची थी। करीब तीन घंटे की तलाश के बाद पुलिस को कुछ और अहम साक्ष्य मिले है। यहां से पुलिस ने दो काली थैली में साक्ष्य जुटाकर साथ ले गई है। पुलिस का अनुमान है कि जंगल से बरामद हड्डियां श्रद्धा के शरीर की ही हैं। यह हड्डियां सिर का टुकड़ा और जबड़े का हिस्सा लग रहा है।

पुलिस पूछताछ में आफताब ने श्रद्धा से नफरत करने की बात स्वीकारी है। आफताब ने बताया कि हत्या करने के पांच दिन बाद 23 मई को पूरे घर के एक-एक सामान की तलाशी ली थी। तलाशी के दौरान घर में मौजूद श्रद्धा के एक-एक सामान को ढूंढ कर उसे नष्ट करना चाहता था। बेड रूम में श्रद्धा की तीन बड़ी तस्वीरें लगी थीं, जिसमें उत्तराखंड के टूर की दो श्रद्धा की अकेले की फोटो थीं और एक उसके साथ की थी, जब 2020 में मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया पर उन दोनों ने क्लिक कराई थी।

आगे आफताब ने बताया कि तीनों फोटो के फ्रेम को पहले तो उसने तोड़ा और फिर तीनों फोटो को रसोई में माचिस से आग लगाकर जला दिया। आफताब ने बताया कि वह श्रद्धा से जुड़े एक-एक साक्ष्य को मिटाना चाहता था। उसने 23 मई को घर में मौजूद श्रद्धा के सामान को एक बैग में भरा था, जिसमें कपड़े, जूते इत्यादि थे। ये बैग पुलिस ने घर से बरामद भी कर लिया है। वहीं आज पुलिस टीम क्राइम स्पॉट पर पहुंची है, जहां पुलिस ने दोबारा सीन रिक्रिएट कर यह पता लगाया कि आफताब ने श्रद्धा के शव के 35 टुकड़े कैसे किए।

## जेल में जैन से मिलने वालों की जांच की जाए : मनोज तिवारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने रविवार को मांग की कि जेल में बंद दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन से उनकी कोठरी में मिलने वाले लोगों की जांच एजेंसियां तफ्तीश करें। तिवारी की टिप्पणी उस कथित वीडियो के सामने आने के एक दिन बाद आई है, जिसमें जैन को जेल में 'मालिश' कराते और आगंतुकों से मिलते देखा जा सकता है।

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को अपने कैबिनेट सहयोगी का बचाव करते हुए कहा था कि जेल में गिरने से उनकी रीढ़ की हड्डी में चोट लगी थी, जिस वजह से जैन 'फिजियोथेरेपी' करा रहे थे। उन्होंने भाजपा पर जैन के इलाज का मजाक उड़ाने और उन्हें 'तुच्छ' मामले में जेल में रखने की साजिश रचने का भी आरोप लगाया था।

वीडियो लीक किये जाने के संबंध में आम आदमी पार्टी के आरोप पर तिवारी ने कहा, 'कभी-कभी बेइमानों और अपराधियों को बेनकाब करने के लिए भगवान को हस्तक्षेप करना पड़ता है। उत्तर पूर्वी दिल्ली से लोकसभा सदस्य ने कहा, सवाल यह नहीं है कि वीडियो किसने और कैसे लीक की है, प्रश्न यह है कि जैन वहां क्या कर रहे हैं।

भाजपा की दिल्ली इकाई के पूर्व प्रमुख ने मांग की कि जांच एजेंसियां उन लोगों के बारे में छानबीन करें, जो जैन से जेल में मिले हैं। उन्होंने संकेत दिया कि इससे धन शोधन मामले की जांच में मदद मिल सकती है। इसी मामले में 'आप' नेता एवं दिल्ली सरकार के



मंत्री जैन जेल में बंद हैं।

तिवारी ने जैन का बचाव करने पर सिसोदिया को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने आरोप लगाया, कई जाने-माने फिजियोथेरेपिस्ट ने सिसोदिया के इस दावे को खारिज किया है कि जैन की फिजियोथेरेपी की जा रही थी, जैसा कि वीडियो में दिख रहा है।

सांसद ने मांग की कि 'आप' डॉक्टर का पर्चा (प्रेसक्रिप्शन) और इसके लिए लगाए गए फिजियोथेरेपिस्ट का विवरण साझा करे। तिवारी के मुताबिक, (जैन) की जेल में मालिश कर रहा व्यक्ति कहीं से भी फिजियोथेरेपिस्ट जैसा नहीं दिख रहा है।

# दिल्ली नगर निगम चुनाव से पहले ही पेश हो जाएगा बजट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में इस समय दिल्ली नगर निगम चुनाव को लेकर माहौल गरमाया हुआ है। दिल्ली की एकीकृत हो चुकी एमसीडी का आगामी वित्तीय वर्ष के लिए बजट इसी दिसंबर में नए मेयर के चुने जाने और सभी कमिटियों के गठित होने से पहले ही पेश कर दिया जाएगा। बजट के मद्देनजर एमसीडी में सभी तैयारियां करीब एक महीने पहले से शुरू हो चुकी हैं। इसे इसी सप्ताह अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद निगम कमिश्नर ज्ञानेश भारती आगामी वित्तीय वर्ष के लिए बजट विशेष अधिकारी अश्विनी कुमार के सामने रखेंगे।

**एमसीडी आयुक्त विशेष अधिकारी के समक्ष पेश करेंगे बजट**

दिल्ली में इन दिनों एमसीडी चुनावों को लेकर चहल-पहल काफी बढ़ गई है। आज संडे के दिन से सभी राजनीतिक दलों की ओर से प्रचार भी पूरे जोर-शोर के साथ शुरू कर दिया गया है। इस बीच जानकारी निकलकर



सामने आ रही है कि 7 दिसंबर को एमसीडी चुनाव के नतीजे आने के बाद पार्षदों के शपथ ग्रहण और मेयर समेत तमाम पदों पर नियुक्तियों से पहले ही एमसीडी का आगामी वित्तीय वर्ष का बजट कमिश्नर ज्ञानेश भारती की ओर से विशेष अधिकारी अश्विनी कुमार के सामने पेश कर दिया जाएगा। एमसीडी में वित्तीय बजट की डेडलाइन की तारीख पहले से तय होती है। जिसे बदला नहीं जा सकता है। न ही बजट को देरी से प्रस्तुत किया जा सकता है। एमसीडी में मेयर और तमाम कमेटियों का गठन न होने के चलते इस बार बजट को कमिश्नर विशेष अधिकारी के सामने प्रस्तुत करेंगे।

**1996 के बाद ऐसा पहली बार होगा**

एमसीडी कमिश्नर ज्ञानेश भारती केंद्र की ओर से नियुक्त किए गए विशेष अधिकारी अश्विनी कुमार के सामने एमसीडी का बजट प्रस्तुत करेंगे। इस बजट के अंदर 2022-23 में हुए खर्चों वाले संशोधित बजट का ब्यौरा दिया जाएगा। वही 2023-24 में निगम के खर्चों को लेकर किस क्षेत्र में कितना व्यय एमसीडी को करना है, उसकी जानकारी दी जाएगी। दिल्ली में एमसीडी के चुनाव 7 दिसंबर को आएंगे। 1996 के बाद यह पहली बार होगा जब बिना पार्षदों की मौजूदगी के बजट को कमिश्नर विशेष अधिकारी के सामने पेश करेंगे।

1996 में जब ऐसा हुआ था उस समय निगम को भंग किया गया था। उस समय भी विशेष अधिकारी के सामने बजट प्रस्तुत किया गया था। एमसीडी के संविधान के अनुसार 10 दिसंबर तक हर हालत में बजट को निगम की स्टैंडिंग कमेटी के सामने पेश करना होता है। इस बार एमसीडी के एकीकरण और नए परिसीमन होने के बाद चुनाव होने के चलते कोई भी पार्षद नहीं है। ऐसे में न तो कोई सदस्य और न ही कोई स्टैंडिंग कमिटी है। सभी संवैधानिक शक्तियां विशेष अधिकारी के पास है, जिसे ध्यान में रखते हुए निगम कमिश्नर की ओर से विशेष अधिकारी के समक्ष ही बजट को प्रस्तुत किया जाएगा।

**जुलाई में पेश किया गया था अंतरिम बजट**

दिल्ली में एमसीडी के एकीकृत होने के साथ विशेष अधिकारी ओर कमिश्नर के जिम्मेदारी संभालने के बाद इसी साल जुलाई के महीने में अंतरिम बजट भी पेश किया गया था। जिसमें 15,276 करोड़ रुपये के खर्च को मंजूरी दी गई थी। इस बजट में सबसे अधिक राशि 4153 करोड़ रुपये स्वच्छता के लिए निर्धारित की गई थी, साथ ही शिक्षा के लिए भी 2632.78 करोड़ रुपये की अनुमानित राशि प्रस्तावित की गई थी।

# मसाज पर महाभारत : जेल से सतयेंद्र जैन का वीडियो वायरल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन का जेल में मसाज कराते हुए वीडियो वायरल हो हुआ है। इस वीडियो को भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शनिवार को सार्वजनिक करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सबसे भ्रष्ट लोगों को पार्टी में पनाह दे रही है और आज का वीडियो जेल मैनुअल का स्पष्ट उल्लंघन है।

इससे पहले जेल में अपने प्रभाव का इस्तेमाल करने के आरोपों की जांच के बाद, 14 नवंबर को दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव नरेश कुमार ने जेल नंबर सात के सुपरिटेंडेंट अजीत कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया था।

इस संबंध में गत माह ईडी ने कोर्ट से शिकायत की थी कि सत्येंद्र जैन जेल में रहकर भी अपने प्रभाव का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। वह जेल के नियमों का उल्लंघन कर सुविधाओं का आनंद ले रहे हैं। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया था कि जैन केस से संबंधित लोगों से भी जेल मिल रहे हैं। इसकी वीडियो ईडी ने कोर्ट को सौंपी थी।

इस पूरे मामले को लेकर वीडियो सामने आने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने वीडियो जारी कर दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर सीधे तौर पर कई आरोप लगाने के साथ प्रश्न भी उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि तिहाड़ के अंदर बंद सत्येंद्र जैन को सजा मिलने की जगह केजरीवाल की बदौलत मजा मिल रहा है। हवाला के आरोप



में जेल की सलाखों के पीछे कैद सत्येंद्र जैन को पिछले पांच महीने से बेल नहीं मिल रही है लगातार उनकी जमानत याचिका रिजेक्ट हो रही है। इसके बावजूद भी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उन्हें अभी भी मंत्री बनाए रखा है। सत्येंद्र जैन को मंत्री इसलिए बनाए रखा गया था ताकि जेल में उन्हें वीवीआईपी सुविधाएं मिल सकें, मसाज करा सकें और वीवीआईपी की तरह रह सकें।

पूनावाला ने सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपराधियों के लिए, तिहाड़ जेल में मसाज पार्लर खोल रखा है, ऐसा इस वीडियो के सामने आने के बाद प्रतीत हो रहा है। वीडियो के सामने आने के बाद यह भी साफ हो गया है कि किस तरह से दिल्ली सरकार के अंतर्गत आने वाले तिहाड़ जेल से सत्येंद्र जैन आखिर कैसे जेल से ही पैसों की उगाही कर रहे थे। इस तरह की चीजें सामने आने के बाद भी क्या अभी भी सत्येंद्र जैन को मंत्री बनाए रखा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों लगाए गए इस आरोप के बाद भाजपा नेता ने उपराज्यपाल से इसकी शिकायत की थी जिसके बाद उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को पूरे मामले की जांच करने को कहा था। इसके बाद मुख्य सचिव ने जांच के बाद जेल नंबर सात के सुपरिटेंडेंट अजीत कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया था।

वहीं दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी का ने भी कहा था कि, दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन तिहाड़ जेल में अपने प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए न केवल सहअभियुक्तों से मिल रहे हैं बल्कि गवाहों से भी मिल रहे हैं। उन्हें जेल में अन्य सुविधाएं भी दी जा रही हैं और ये सारी घटनाएं सीसीटीवी फुटेज में कैद हैं। उन्होंने कहा था कि जेल अधिकारियों की मिलीभगत के बिना यह संभव नहीं है। उन्होंने अब मामले में लिप्त अन्य जेल कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## बीमारी का मजाक बनाकर घटिया राजनीति कर रही भाजपा : सिसोदिया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन की मसाज का वीडियो वायरल होने के बाद उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को कहा कि भाजपा घटिया राजनीति पर उतर आई है। किसी की बीमारी का मजाक बना रही है। सिसोदिया ने कहा कि भाजपा के इस तरह से मनोहर कहानियां बनाने से सत्येंद्र जैन को मंत्री पद से नहीं हटाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि देश में कोई भी बीमार हो सकता है। देश के प्रधानमंत्री भी बीमार हो सकते हैं। इस तरह की घटिया हरकत करना, इलाज के वीडियो जारी करने की घटिया हरकत भाजपा ही कर सकती है। प्रधानमंत्री से लेकर जेल में बंद कोई भी व्यक्ति बीमार हो सकता है। सत्येंद्र जैन छह महीने से जेल में बंद हैं। सत्येंद्र जैन जेल में बंद हैं, उन्हें गिरने से चोट लगी है। उनकी रीढ़ की हड्डी एल-5 एस-1 डिस्क में चोट है। यह रिकॉर्ड में है कि उनकी रीढ़ की हड्डी में चोट है। उनकी नर्व पिंच हो गई है। अस्पताल में दो सर्जरी भी हुई है। नर्व ब्लॉक डाले गए हैं। साथ में डॉक्टर ने फिजियोथेरेपी के लिए कहा है। रेग्यूलर फिजियोथेरेपी की जरूरत है। सिसोदिया ने कहा कि किसी आदमी को चोट लगी है, डॉक्टर इलाज करते हैं, तो रेग्यूलर फिजियोथेरेपी करते हैं, तो उसका मजाक बनाने में भाजपा को शर्म नहीं आती है। एक तो जेल में डाल रखा है। इलाज के वीडियो जारी कर मजाक बना रहे हो। मनीष सिसोदिया ने कहा, "इससे बुरी सोच नहीं हो सकती। भाजपा गुजरात में और दिल्ली नगर निगम चुनाव में बुरी तरह हार रही है। इसलिए इस तरह की घटियापन पर उतर आई है। यह कोई और नहीं कर सकता। सारी ताकत और सारे पदों का दुरुपयोग कर जेल में डालते हैं। ये कोई लग्जरी है क्या? किसी भी बीमार आदमी को जरूरत पड़ सकती है। कानून में जेल में बंद आदमी को इलाज दिए जाने का प्रावधान है। किसी भी जेल का सीसीटीवी फुटेज निकलवा लीजिए, वहां भी मरीज को इसी तरह की थैरेपी दी जा रही होगी। कोर्ट ने ईडी को निर्देश दिया था कि ये वीडियो रिलीज नहीं किया जाए। फिर भी कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया गया. इस पर अलग से कार्रवाई करेंगे।"

## एक नजर

### दिल्ली एमसीडी चुनावः भाजपा के राष्ट्रीय नेता 14 रोड शो करेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एमसीडी चुनाव से पहले केंद्रीय कैबिनेट मंत्रियों और कई बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों समेत भाजपा के बड़े नेता रविवार को चुनाव प्रचार करेंगे, सभी नेता दिल्ली में अलग-अलग 14 रोड शो के माध्यम से बीजेपी के लिए वोट मांगेंगे। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, गजेंद्र सिंह शेखावत, हरदीप सिंह पुरी, विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, दिल्ली भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता, उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, भाजपा सांसद गौतम गंभीर, मनोज तिवारी, दिनेश लाल यादव और राष्ट्रीय प्रवक्ता रोड शो करेंगे। सभी 14 रोड शो शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक होंगे। भाजपा अधिक से अधिक वोट हासिल करने के लिए क्षेत्रवार प्रचार पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

### सीसीटीवी फुटेज में बैग लेकर घूमता दिखा आफताब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वॉकर की बेरहमी से हत्या करने के आरोप में पुलिस हिरासत में बंद आफताब अमीन पूनावाला का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें उसे बैग लेकर घूमते देखा जा सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, फुटेज 18 अक्टूबर का है और टाइमिंग सुबह करीब 4 बजे की है। मामले की जांच कर रही टीम ने फुटेज के संबंध में उससे पूछताछ शुरू कर दी है क्योंकि उन्हें संदेह है कि बैग में वॉकर के शव के टुकड़े हो सकते हैं, आफताब ने श्रद्धा की हत्या के बाद शव को 35 टुकड़ों में काट दिया था। सूत्रों ने कहा कि 18 मई को हत्या के बाद श्रद्धा के शरीर के टुकड़े-टुकड़े करने के बाद, आफताब ने उन्हें छतरपुर में किराए के घर में 300 लीटर के फ्रिज में रखा था, जहां से वह हर दिन अलग-अलग जगहों में शव के टुकड़ों को ठिकाने लगाता था। इस बीच, पुलिस टीमों ने शनिवार सुबह फिर से महरौली के जंगल में पीड़ित के सिर समेत लापता अवशेषों को खोजने के लिए तलाशी ली। शुक्रवार को पुलिस टीमों ने आफताब के कार्यस्थल के पास गुरुग्राम के डीएलएफ फेज-2 वन क्षेत्र में भी तलाशी ली। इस बीच देर रात पुलिस टीम ने छतरपुर के घर (किराए का मकान) से श्रद्धा के कपड़े भी एकत्र किए। पुलिस ने दावा किया कि अपराध टीम और फोरेंसिक विशेषज्ञों द्वारा किराए के घर, अपराध की जगह का बारीकी से निरीक्षण किया जा रहा है।

### समाजसेवी अनूप चावला को इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी अवॉर्ड से किया गया सम्मानित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु द्वारा संस्थापित इंडिया रशिया फ्रेंडशिप सोसायटी द्वारा शुक्रवार को रशियन सेंटर फॉर साइंस एंड कल्चर, नई दिल्ली में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की स्मृति में इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी अवॉर्ड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत और रूस संबंधों और इंदिरा जी की प्रासंगिकता पर भी वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल, रशियन सेंटर फॉर साइंस एंड कल्चर के डायरेक्टर, इंडिया रशिया फ्रेंडशिप सोसाइटी के महासचिव डॉ आर.बी. सिंह, सचिव डॉ भरत झा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से तीन बार राष्ट्रपति पदक से सम्मानित दिल्ली फायर सर्विस के डिप्टी चीफ डॉक्टर धर्मपाल भारद्वाज, मार्शल आर्ट के डॉक्टर रणवीर सिंह, उद्योगपति नितिन सेठ, समाजसेवी डॉ.सुरेंद्र गुप्ता, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता कुमार इंद्रनील ,पत्रकार राकेश कुमार सिंह, समाजसेवी श्रीधर अय्यर, शिक्षाविद डॉ हरीश, प्रीति मलिक गुजरात से विशेष रूप से पधारे समाजसेवी के.के सिंघल,समाजसेवी अनूप चावला, पत्रकार सूरत गोस्वामी ,मोहसिन खान को इस अवसर पर सम्मानित किया गया।

### छात्रवृत्ति में वृद्धि की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन पर छात्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छात्रवृत्ति की रकम बढ़ाने की मांग को लेकर दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय (एसएयू) के छात्रों का एक समूह अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठा है। छात्र संगठन ने इस बाबत जानकारी दी। विश्वविद्यालय की छात्र महासभा ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा मांगें नहीं माने जाने पर छात्र सात नवंबर से अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं। उसने आरोप लगाया कि छात्रों के बीमार और बेहोश होने के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन ने बातचीत की प्रक्रिया शुरू करने से इंकार कर दिया है। छात्रों की मांग है कि स्नातकोत्तर छात्रों का मानदेय बढ़ाकर 7,000 रुपये कर दिया जाए, कोविड से प्रभावित पीएचडी के शोधार्थियों को उनका मानदेय जारी रखते हुए समयसीमा विस्तार दिया जाए, जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) छात्रों के बराबर पीएचडी के शोधार्थियों को मानदेय दिया जाए और छात्रों को विश्वविद्यालय शिकायत समिति में प्रतिनिधित्व मिले। छात्र महासभा ने एक बयान में कहा, छात्र एक नवंबर से कार्यकारी अध्यक्ष के कार्यालय के बाहर चौथी मंजिल पर जमे हुए हैं...

# अमेरिकी नागरिकों से ऑनलाइन ठगी करने वाले गैंग का भंडाफोड़, 26 गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली की साइबर पुलिस स्टेशन की टीम ने अमेरिकी नागरिकों से ऑनलाइन ठगी करने वाले गैंग भंडाफोड़ किया है। इस गैंग का एक फर्जी इंटरनेशनल कॉल सेंटर पकड़ा गया है। पुलिस ने शकरपुर के एक फ्लैट में चल रहे फेक कॉल सेंटर में छापा मारकर 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से 12 कंप्यूटर, 13 लैपटॉप, 28 मोबाइल फोन और 3 वाईफाई राउटर बरामद हुआ है।

पूर्वी दिल्ली की डीसीपी अमृता ने बताया कि गुरुवार को एसआई तलविंदर को एक गुप्त सूचना मिली कि शकरपुर क्षेत्र में एक अवैध कॉल सेंटर चलाया जा रहा है जो अमेरिका में रहने वाले लोगों को ऑनलाइन मार्केट पोर्टल अमेजन से संबंधित उनके प्रश्नों/मुद्दों से संबंधित सहायता सेवाएं प्रदान करने और अमेजन गिफ्ट वाउचर के माध्यम से उनसे पैसे ठगने में शामिल है। ये सारी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों और इंस्पेक्टर के नेतृत्व वाली एक समर्पित टीम के साथ साझा की गई थी। साइबर ईस्ट के एसएचओ गौरव चौधरी में एसआई तलविंदर, एएसआई नवीन दहिया, एएसआई आदेश कुमार, एएसआई जय प्रकाश, एचसी मुनीश, एचसी राहुल त्यागी, सीटी विवेक, एल/एचसी अनामिका और एल/एचसी परमिता की टीम ने छापा मारकर कर 26 लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

जांच में पता चला कि इस गैंग में शामिल टेली-कॉलर्स अमेजन/पेपाल पोर्टल से संबंधित सवालों को हल करने के बहाने अमेरिका में रहने वाले भोले-भाले लोगों को धोखा दे रहे थे। कॉल कर आरोपी खुद को अमेजन कस्टमर केयर सर्विसेज का प्रतिनिधि बताकर, अमेजन अकाउंट में गड़बड़ी होने की बात बताते थे और गड़बड़ी ठीक होने के लिए अमेजन गिफ्ट वॉचर खरीदने के लिए कहते थे, जैसे से पीड़ित गिफ्ट वॉचर खरीदता उससे वॉचर नम्बर लेकर उसे कैश करा लेते थे। इस गैंग ने अब तक 500 से ज्यादा अमेरिकी नागरिकों को अपना शिकार बनाने की बात कबूल की है। पुलिस अब इस गैंग का मास्टरमाइंड की तलाश में छापेमारी कर रही है।

### गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ये है :-

1.उदेश्य पटियाल (2) मित्तल (3) जसकीरत सिंह (4) अभिषेक (5) विनय (6) दिव्या त्यागी (7) अभिषेक शर्मा (8) विजय (9) रुपेश उर्फ एलेक्स (10) अर्जुन (11) अनुराग त्रिपाठी (12) रोहित (13) निक काशे (14) थोरन (15) विकास राठी (16) देवेंद्र (17) दिनेश सिंह ठाकुर (18) राहुल कपूर (19) आकांक्षा साहनी (20)कशिश पांडे (21) समुएर (22) पामेई (23) राजेश कुमार (24) अमृत सिंह (25) अनिकेत (26) अतुल तिवारी

# कांग्रेस नेता ओम प्रसाद वशिष्ट और मोहम्मद फुरकान कुरैशी 'आप' में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केजरीवाल सरकार में आज कांग्रेस नेता ओम प्रसाद वशिष्ट और मोहम्मद फुरकान कुरैशी अपने सैंकड़ों साथियों के शामिल हुए। 'आप' के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने टोपी-पटका पहनाकर सभी का पार्टी में स्वागत किया। गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में एमसीडी चुनाव को लेकर पूरी दिल्ली में अब प्रचार अभियान काफी तेज हो चुका है। आम आदमी पार्टी के सभी उम्मीदवार अपने-अपने वॉर्ड में पदयात्रा के माध्यम से सुबह-शाम जनसंपर्क अभियान को तेज कर रहे हैं। जनसंपर्क अभियान के साथ-साथ दिल्ली में डोर-टू-डोर कैंपेन के माध्यम से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के संदेश को घर-घर पहुंचाने का काम कर रहे हैं। शाम के समय में बूथ स्तर पर जनसंवाद के माध्यम से





कूड़े पर चर्चा हो रही है। अभीतक दिल्ली में भाजपा के 15 सालों के कार्यकाल में अगर आपकी गलियों में कूड़ा रहा है, दिल्ली में कूड़े के पहाड़ खड़े हुए हैं, इसका समाधान क्या हो सकता है? क्या 15 साल देने के बाद भाजपा को एक और मौका दिया जाए तो क्या कूड़े के पहाड़ साफ हो जाएंगे? या अरविंद केजरीवाल को यह मौका दिया जाए, जिन्होंने दिल्ली वालों को स्कूल, अस्पताल, बिजली, पानी, सड़क, परिवहन, वाईफाई, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थ यात्रा समेत तमाम काम किए हैं। चार दिसंबर को काम करने वाले को मौका दिया जाए या बहाना बनाने वाले को मौका दिया जाए? जनसंवाद के माध्यम से दिल्ली की जनता से इन्हीं सवालों पर चर्चा की जाती है।

# 70 साल में देश ने कभी किसी मंत्री को जेल में मसाज लेते नहीं देखा : बग्गा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता अजय शेरावत और बीजेपी नेता तेजेंद्र बग्गा ने सत्येंद्र जैन के तिहाड़ जेल के वीडियो पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि 70 साल में दिल्ली ने और देश ने ऐसा नहीं देखा होगा कि कोई अपराधी मंत्री जेल में मसाज ले रहा है। दिल्ली की जनता के सामने व देश की जनता के सामने आम आदमी पार्टी और उसके नेता कटघरे में है। अरविंद केजरीवाल को अपने मंत्री को बर्खास्त खुद इस्तीफा दे देना चाहिए। गौरतलब है कि तिहाड़ जेल में मसाज कराते हुए सत्येंद्र जैन का वीडियो सामने आने के बाद सभी राजनीतिक पार्टियां आम आदमी पार्टी पर प्रहार कर रही हैं। उसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय शेरावत ने कहा कि आम आदमी पार्टी को शर्मिंदा होना चाहिए और मंत्री सत्येंद्र जैन को बर्खास्त करना चाहिए।

प्रवक्ता अजय शेरावत ने कहा आज जिस तरह से सत्येंद्र जैन का तिहाड़ जेल में मसाज कराते हुए वीडियो सामने आया है, मैं पूछना चाहता हूं कि क्यों यह स्पेशल ट्रीटमेंट सत्येंद्र जैन को जेल में दिया जा रहा है, आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को इसका जवाब देना होगा। बीजेपी नेता तेजेंद्र बग्गा ने अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि सबसे पहले मैं अरविंद केजरीवाल को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने कहा था कि मैं इस देश की राजनीति को बदलने आया हूं, वाकई उन्होंने इस देश की राजनीति को बदल कर रख दिया है। देश ने 70 साल में बड़े-बड़े अपराधियों को बड़े-बड़े नेताओं बड़े-बड़े भ्रष्टाचारियों को जेल जाते तो देखा होगा, लेकिन 70 साल में देश ने यह कभी नहीं देखा होगा कि कोई मंत्री जेल में बंद है और वह मसाज ले रहा है। केजरीवाल जब सत्ता में आए थे, तो उन्होंने कहा था कि उनका कोई मंत्री या विधायक या कार्यकर्ता अगर भ्रष्टाचार में लिप्त पाया जाता है, तो उस पर तुरंत कार्रवाई करेंगे, तत्काल प्रभाव से उसको बर्खास्त करेंगे, लेकिन ऐसी क्या मजबूरी है कि 6 महीने से उनका एक मंत्री जेल में बंद है और उस पर तमाम तरह के भ्रष्टाचार के आरोप हैं, फिर भी वह उसे बर्खास्त नहीं कर रहे।

# सुकेश चंद्रशेखर का छठा पत्र और नया आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में मंडोली जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने छठा पत्र लिखकर आम आदमी पार्टी के नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शुक्रवार देर शाम अपने वकील के जरिए मीडिया को जारी पत्र में सुकेश ने आप नेताओं और दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इसमें सुकेश ने लिखा कि सत्येंद्र जैन ने मुझसे फरवरी 2017 में फोन कर 20 मिलियन डॉलर (बिटकॉइन का हिस्सा) को रुपए में बदलवाने के लिए मदद मांगी थी।

सत्येंद्र जैन के अपने परिचित से बैंगलोर की मशहूर डिस्टलरी कंपनी के मालिक के पास से डॉलर उठाने के लिए कहा गया था। साथ ही डॉलर के कन्वर्जन के बदले उचित कीमत देने की बात भी कही गई थी। पत्र में सुकेश ने यह भी लिखा कि सत्येंद्र जैन द्वारा करीब 30 से 40 कॉल के बाद उसने अपने



स्टाफ गोपीनाथ और रवि से उनका काम कराया। यह पैसा आम आदमी पार्टी को दिल्ली में दिया जा रहा था। सुकेश ने आगे लेटर में पूछा कि केजरीवाल जवाब दें कि ये पैसा किसका था ? वो ज्वेलर कौन था, जिसके यहां ये चार बैग डिलीवर किए गए थे? डिस्टलरी कंपनी का वो मालिक कौन था? सुकेश ने लेटर लिखकर केजरीवाल से सवाल-जवाब किए हैं।

उल्लेखनीय है कि सुकेश चंद्रशेखर ने इससे पहले भी कई लेटर लिखकर आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, कैलाश गहलोत और सत्येंद्र जैन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सुकेश ने सवाल किया था कि अगर मैं महाठग हूं तो आपने दिल्ली सरकार के स्कूलों के प्रमोशन के लिए इंटरनेशनल पीआर अरेंज करने के लिए क्यों बोला था ?

इसके साथ उसने यह भी दावा किया था कि अखबारों में खबर छपवाने के लिए 8 लाख 50 हजार डॉलर (करीब 7 करोड़ रुपए) और 15 फीसदी एक्स्ट्रा कमीशन दिया था। इससे पहले गुरुवार को सुकेश ने वर्ष 2016 में दिल्ली सरकार के स्कूलों में छात्रों के लिए टैबलेट सप्लाई के बदले एक चीनी कंपनी से रिश्वत की मांग करने का आरोप भी लगाया था। पत्र में दावा किया गया था कि अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन की चीनी कंपनी से मुलाकात कराई गई थी।

## मिड डे मील की रसोई में आग से पांच झुलसे


**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहिणी सेक्टर 21 इलाके में शुक्रवार सुबह मिड डे मील की रसोई में आग लग गई। इस घटना में पांच लोग झुलस गए, जिन्हें संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल कंझावला पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मिड डे मील उपलब्ध कराने वाले ठेकेदार बाबू लाल का संयंत्र है। यहां पर सुबह के समय स्कूलों में भेजने के लिए भोजन बनाया जा रहा था। तभी रसोई गैस सिलेंडर में रिसाव से आग लग गई। इस घटना में वहां मौजूद पांच लोग झुलस गए। रुपेश ने पुलिस को फोन कर घटना की सूचना दी। बताया जाता है कि सभी के हाथ और पैर झुलसे हैं। इनकी हालत खतरे से बाहर है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने पर दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और आधे घंटे में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया।

# दिल्ली एमसीडी चुनाव : सोशल मीडिया के जरिये वोटरों तक पहुंच रही पार्टियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुजरात में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव के प्रचार और मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए राजनीतिक दलों के अपने कार्यकताओं और स्वयंसेवक सोशल मीडिया मंचों का भरपूर इस्तेमाल कर रहे हैं।

गुजरात की सत्तारूढ़ भाजपा के सोशल मीडिया मंच फेसबुक, यूट्यूब, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर बड़ी संख्या में 'फॉलोअर्स' हैं और वह इन मंचों पर जोर-शोर से प्रचार कर रही हैं, जबकि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) जमीनी स्तर पर मतदाताओं तक पहुंचने के लिए बड़े पैमाने पर व्हाट्सएप का इस्तेमाल कर रही है।

भाजपा का सोशल मीडिया अभियान पिछले दो दशकों में गुजरात में पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करने पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2001 से 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री थे। भाजपा ने गुजराती गौरव के भावनात्मक मुद्दे पर जोर देते हुए हाल ही में ह्रआ गुजरात में बनाव्यू छे'



(यह गुजरात मैंने बनाया है) अभियान शुरू किया।

कांग्रेस के एक पदाधिकारी बताया कि उनकी पार्टी उस दौर की यादें ताजा करने की कोशिश कर रही है जब राज्य में उसका शासन था, राज्य के विकास के लिए उसकी सरकारों ने कितना कुछ योगदान दिया और कैसे भाजपा ने अपने 27 वर्षों के शासन में कुछ नहीं किया। 'आप' के एक पदाधिकारी ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा राज्य में अपने चुनाव प्रचार के दौरान किए 'वादों' पर जोर दिया जा रहा है और मतदाताओं से जुड़ने के लिए व्हाट्सएप का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है।

**60 हजार स्वयंसेवक संभाल रहे मोर्चा**

भाजपा के सोशल मीडिया सह-प्रभारी मनन दानी ने कहा, ह्रहमने अभी तक पांच अभियान चलाए हैं और हम आने वाले दिनों में कुछ और अभियान भी चलाएंगे।ह्न भाजपा की गुजरात इकाई मतदाताओं तक पहुंचने के लिए 15 से अधिक एप का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने बताया कि भाजपा के पास 20 हजार से अधिक कार्यकताओं और 60 हजार से अधिक स्वयंसेवकों का एक दल है, जो उनके सोशल मीडिया अभियान संभाल रहा है।

उन्होंने कहा कि पार्टी ने 2022 गुजरात विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान की शुरूआत करीब छह महीने पहले स्थानीय भाषा में '20 वरस नो विश्वास, 20 वरस नो विकास' (20 साल का विश्वास और 20 साल का विकास) 'टैगलाइन' जारी करने के साथ की थी। दानी ने बताया कि सत्तारूढ़ पार्टी ने 'मोदी जी के 20 स्वर्ण वर्ष', 'वंदे भारत', 'मैंने यह गुजरात बनाया है', 'भाजपा का मतलब विश्वास' जैसे अभियान चलाए हैं।

**कांग्रेस : 50 हजार ग्रुप के जरिये लोगों तक पहुंच**

कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग के अध्यक्ष केयूर शाह ने बताया कि पार्टी ने लक्षित अभियान चलाने के लिए एक रणनीति तैयार की है। उन्होंने कहा कि पार्टी अपने अभियान को चलाने और जमीनी स्तर पर मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए व्हाट्सएप पर काफी अधिक निर्भर है। शाह ने कहा, हमने बूथ और गांव स्तर पर करीब 50,000 व्हाट्सएप ग्रुप बनाए हैं।

**आप: 20 हजार मीडिया योद्धा संभाल रहे मोर्चा**

'आप' के गुजरात में सोशल मीडिया प्रभारी डॉ. सफीन हसन ने बताया कि पार्टी का सोशल मीडिया अभियान कॉलेज के छात्रों और स्वयंसेवकों पर काफी अधिक निर्भर है। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रचार के लिए सबसे अधिक व्हाट्सएप का ही इस्तेमाल कर रही है। हसन ने बताया कि पार्टी के पास अपने सोशल मीडिया अभियानों को देखने के लिए 25 युवाओं की एक टीम है। इसके अलावा, ह्रआपह्न के पास करीब 20 हजार ह्रसोशल मीडिया योद्धाह्न हैं, जो जरूरी नहीं कि पूर्णकालिक पार्टी कार्यकर्ता हों, लेकिन विभिन्न मंचों पर अभियान चलाने व पार्टी के संदेशों का प्रसार करने में मदद कर रहे हैं।

# वीरगाथा परियोजना-2 पर प्रोजेक्ट तैयार करें स्टूडेंट्स, सर्वश्रेष्ठ को मिलेगा दस हजार नकद पुरस्कार

**लखनऊ।** सीबीएसई ने वीरगाथा परियोजना-2 की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य स्टूडेंट्स में देशभक्ति की भावना को पैदा करना है। वीरगाथा एडिशन-2 के तहत जो स्टूडेंट्स वीरता पुरस्कार विजेताओं पर बेस्ट प्रोजेक्ट तैयार करेगा, उन्हें 10 हजार रुपये का पुरस्कार और 26 जनवरी 2023 के दिन दिल्ली में आयोजित परेड में सम्मानित भी किया जाएगा। वीरगाथा का संस्करण का पहला प्रोजेक्ट अगस्त 2021 से जनवरी 2022 तक किया गया था। सीबीएसई वीरगाथा परियोजना पोर्टल प्रविष्टियां जमा करने के लिए नवंबर तक खुला रहेगा।

बता दें कि अब प्रोजेक्ट वीरगाथा संस्करण-2 लॉन्च किया गया है। प्रतियोगिता में कक्षा 3-12 के




विद्यार्थी भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। इसमें कला-एकीकृत गतिविधियां जैसे कविता, निबंध, कहानी, पैराग्राफ पेंटिंग, ड्राइंग, वीडियो छात्रों के लिए परियोजना गतिविधियों के रूप में माना जा सकता है। स्कूलों के सभी भाग लेने वाले छात्रों को रक्षा मंत्रालय के वीरता पुरस्कार पोर्टल (ीजजचेः//ृ.हंससंदजतलूंतके.हव अ.पद) पर पंजीकृत करना होगा। सभी पंजीकृत छात्रों को एक यूनिक आईडी दी जाएगी। सीबीएसई-वीर गाथा परियोजना पोर्टल ृ.बइेम.हवअ.पद पर हर श्रेणी से एक सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि प्रस्तुत करेंगे। अधिकतम चार प्रविष्टियां (प्रत्येक में से एक श्रेणी) एक स्कूल से अपलोड किया जा सकता है। सीबीएसई वीर गाथा परियोजना पोर्टल प्रविष्टियां जमा करने के लिए नवंबर तक खुला रहेगा।

**दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर किया जाएगा आमंत्रित-**

सीबीएसई और मॉयजीओवी पोर्टल पर प्रतिभागियों से सामूहिक रूप से 25 सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों का चयन किया जाएगा। इसमें कक्षा 3-5, 6-8 व 9-10 से प्रत्येक के लिए 6 और 11वीं-12वीं के लिए 7 प्रविष्टियों सहित कुल 25 सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों का चयन किया जाएगा। 25 चयनित प्रविष्टियों को रक्षा मंत्रालय द्वारा 10 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। 25 विजेताओं में से प्रत्येक को दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह के लिए आमंत्रित किया जाएगा वहीं सभी छात्र जिनकी प्रविष्टि सीबीएसई वीरगाथा पोर्टल पर अपलोड की गई है उन्हें भागीदारी का ई-प्रमाण पत्र मिलेगा।

बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पाण्डेय ने बताया कि प्रोजेक्ट वीरगाथा एडिशन-2 का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कक्षा 3 से 12वीं के स्टूडेंट्स दिए गए विषयों पर प्रोजेक्ट तैयार करेंगे। ऐसे कार्यक्रमों में प्रतिभागिता करने से हुनरमंद बच्चों को नेशनल स्तर पर पहचान मिलती है। सर्वश्रेष्ठ चयनित प्रविष्टियों को रक्षा मंत्रालय द्वारा 10 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा इसलिए बच्चों को इसमें बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए।

# जल जीवन मिशन के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण शुभारंभ कराए: प्रमोद पाठक

**चोलापुर/वाराणसी।** स्थानीय विकासखंड में जल जीवन मिशन के अंतर्गत दो दिवसीय ट्रेनिंग के माध्यम से विकास खंड के समस्त ग्राम पंचायत से 13 पुरुषो का चयन करके उन्हें टंकी के कार्यो को सुचारू रूप से चलाने का प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया।



प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक विकास अधिकारी प्रमोद कुमार पाठक जी ने किया।


कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुवे जल के संरक्षण एवं अनुरक्षण पर बल दिया उन्होंने कहा की इतनी बड़ी परियोजना लोगों के विकास के लिया लाई जा रही है तथा इसका सदुपयोग होना चाहिए।सहायक विकास अधिकारी के द्वारा यह भी कहा गया की प्रशिक्षण कार्यक्रम बहुत ही सफ्ल तरीके से आयोजित किया जा रहा है, कार्यक्रम के आयोजन की सराहना करते हुए कहा की इस प्रशिक्षण को प्राप्त करके गांव की कुशल कारीगरों के द्वारा अब स्वयं ही अपने आस पास के जल स्त्रोतों की जांच कर उनकी मरम्मत का कार्य कर सकेंगेएवं उनको सरकार की वेबसाइट पर अपलोड कर सकेंगी एवं खराब जल स्त्रोतों को चिन्हित करके उनको सही कर सकेंगे।

जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई की ओर से ज़िला समन्वयक सर्वरीश मिश्र , चंद्रकांत, विनोद कुमार मौर्य ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रशिक्षण प्रोग्राम सपोर्ट यूनिट फाउंडेशन के प्रशिक्षक राजन सोनकर आशीष पाल,सौरभ पाल और यूनिसेफ प्रतिनिधि विष्णु प्रताप मौर्य के द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर सुनील सिंह, प्रशांत सिंह,प्रियंका सिंह, कन्हैया सिंह संदीप सिंह, सत्यवीर सिंह प्रियंकासिंह, विनोद दुबे, नीरज दुबे, आशु सिंह, शिवेंद्र प्रताप उपस्थित रहे। संचालन कन्हैया सिंह द्वारा किया गया।

# अब अभिभावक भी परखेंगे परिषदीय स्कूलों के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता

**लखनऊ।** परिषदीय विद्यालयों में होने वाले निर्माण कार्यों की देखरेख अब विद्यालय प्रबंध समिति की उप समिति करेगी। इस चार सदस्यीय समिति में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष के अलावा दो अभिभावक सदस्य व विद्यालय प्रबंध समिति में नामित पदेन शासकीय सेवक जो शिक्षकों से अलग हों शामिल होंगे। निर्माण सामग्री खरीद से लेकर विभिन्न कार्यों तक में इनका दखल होगा।प्रमुख सचिव दीपक कुमार की ओर से जारी निर्देशों के तहत निर्माण कार्यों के लिए एक उप



समिति बनाई जाएगी। उप समिति में दो अभिभावकों को बतौर सदस्य शामिल किया जाएगा। इनका चयन विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में बहुमत के आधार पर होगा। विद्यालय निर्माण के लिए उप समिति के न्यूनतम तीन सदस्यों की सहमति से

**विद्यालय प्रबंध समिति से किया जाएगा उप समिति का गठन**

**शासन ने जारी किए दिशा-निर्देश**

विद्यालय निर्माण सामग्री खरीदी जाएगी। खरीदी सामग्री का विवरण प्रधानाध्यापक द्वारा बनाई गई पंजिका में दर्ज किया जाएगा। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता उप समिति के तीन सदस्य प्रमाणित करेंगे। इनमें से एक सदस्य पदेन शासकीय सेवक होगा। बीएसए द्वारा निर्माण कार्यों की प्रगति व गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से निरीक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। विद्यालय निर्माण कार्यों व अन्य सभी कार्यों के संबंध में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के बाद क्रियान्वयन के लिए अध्यक्ष व सदस्य सचिव व प्रधानाध्यापक अधिकृत होंगे। प्रत्येक वर्ष जुलाई में विद्यालय प्रबंध समिति व निर्माण के लिए गठित उप समिति के अभिभावक सदस्यों की सूची अपडेट की जाएगी। उसी के अनुसार खाता संचालन में जरूरत के अनुसार संशोधन बीएसए की अनुमति से होगा। सभी निर्माण कार्यों को संपत्ति रजिस्टर में व खरीदी गई वस्तुओं को स्टॉक रजिस्टर में अंकित किया जाएगा। साइट पंजिका, संपत्ति रजिस्टर व स्टॉक रजिस्टर जैसे सभी अभिलेखों को प्रधानाध्यापकों को सुरक्षित रखना होगा। अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत गैर अनुदानित विद्यालयों को छोड़कर सभी स्कूलों में प्रबंध समिति का गठन किया जाएगा। शासन के प्रमुख सचिव दीपक कुमार ने इस संबंध में सभी जनपदों के कमिश्नर और डीएम को पत्र भेजा। जिसमें बेसिक शिक्षा के स्कूलों में प्रबंध समिति का गठन 30 नवंबर तक निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराने के निर्देश दिए हैं। पत्र में कहा गया है कि पूर्व से गठित समिति का कार्यकाल 30 नवंबर तक खत्म हो रहा है। उससे पहले 20 से 30 नवंबर तक नए सिरे से समिति का गठन कराया जाए। कहा कि एक ही परिसर में स्थापित प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट में एक ही विद्यालय में प्रबंध समिति का गठन किया जाएगा। इसमें 15 सदस्य होंगे, जिसमें 11 सदस्य अध्ययनरत बच्चों के माता पिता या अभिभावक होंगे लेकिन 50 प्रतिशत सदस्य महिलाएं होंगी। अवशेष 4 सदस्यों में स्थानीय प्राधिकारी के निर्वाचित सदस्यों से एक सदस्य, एक सदस्य सहायक नर्स एवं मिडवाइफ, एक सदस्य जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नामित लेखपाल, एक सदस्य प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक होगा।

# शौचालय दिवस के शुभ अवसर केयर टेकर को सचिव मधुलता और प्रधान पंकज शुक्ला ने किया सम्मानित

**पुखरायां।** शनिवार को ग्राम पंचायत रनिया मे शौचालय दिवस के शुभ अवसर मे ग्राम सामुदायिक शौचालय की सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही केयर टेकर को ग्राम सचिव मधुलता और ग्राम प्रधान पंकज शुक्ला द्वारा माला पहना कर शाल ओढ़ाकर व पुरस्कार प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और ग्राम में सबसे अच्छे बने शौचालय राजेश कुमार कुशवाहा ,रामबाबू कुशवाहा, सर्वेश कुशवाहा राम आसरे पाल, इत्यादि लोगो ग्राम प्रधान योगेश कुमार



शुक्ला द्वारा सम्मानित किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव में श्रेष्ठ कार्य करने वाले ग्राम के सभी सदस्यों जैसे कोटेदार ,स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, रोजगार सेवक, आशा बहू, पंचायत सहायक को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उमाशंकर सचान, राकेश कुमार, सूरज कुशवाहा, दया शंकर कुशवाहा,राम बाबू कुशवाहा , स्वयं सहायता समूह की महिलाए इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षित प्रशिक्षार्थियों को जनपद के अधिष्ठान में उपलब्ध कराएं रोजगार : नेहा जैन

## प्रत्येक माह की 21 तारीख को अकबरपुर आईटीआई में आयोजित होता है रोजगार मेला, उठाएं लाभ : जिलाधिकारी

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष, माती, कानपुर देहात में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, जिसमें कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सुचारु एवं सरकार की मंशानुसार प्रगति किये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही प्रशिक्षित प्रशिक्षार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उददेश्य से जनपद में स्थापित अधिष्ठानों के एच0आर0 मैनेजरों के साथ बैठक आयोजित कराने के निर्देश दिये गये, जिससे अधिष्ठानों की आवश्यकतानुसार उन्हे योग्य एवं प्रशिक्षित कार्मिक उपलब्ध हो सके एवं वेरोजगार युवक/युवक्तिओं को अपने ही



जनपद में रोजगार मिल सके। वही बताया गया कि प्रत्येक माह की 21 तारीख को रोजगार मेले का आयोजन अकबरपुर आईटीआई में आयोजित किया जाता है जिसमें अधिष्ठानो द्वारा प्रतिभाग कर आईटीआई प्रशिक्षितों को रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार कराएं जिससे कि रोजगार युवाओं को रोजगार मिल सके।

उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) केशव नाथ गुप्ता, उपायुक्त उद्योग चन्द्रभान सिंह, उद्योग बन्धु के पदाधिकारी, नोडल प्रधानाचार्य, आई0टी0आई0 राम सिंह, एम.आई.एस. मैनेजर प्रियंका सिंह एवं कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत आबद्ध प्रशिक्षण प्रदाता आदि उपस्थिति रहें।

# 20 ई-बसों का शुभारम्भ ई-बस डिपों अहिरवां में किया गया

- अब तक कानपुर नगर में पूर्व से 80 ई-बसें संचालित हो रही थी।
- मासिक पास योजना का लाभ लेने वाले यात्रियों को कुल किरायें में 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में सम्मिलित कानपुर नगर के निवासियों को प्रदूषण मुक्त सुगम सस्ती एवं सुलभ सार्वजनिक परिवहन सेवा उपलब्ध कराये जाने हेतु आज सत्यदेव पचौरी, सासंद कानपुर नगर एवं देवेन्द्र सिंह 'भोले', सांसद अकबरपुर (कानपुर देहात) की गरिमामयी उपस्थिति में 20 ई-बसों का शुभारम्भ ई-बस डिपों अहिरवां में किया गया।

अब तक कानपुर नगर में पूर्व से 80 ई-बसें संचालित हो रही थी। उ0प्र0 सरकार द्वारा कानपुर में 100 बसों को संचालित करने किये जाने हेतु लिया गया संकल्प इन बसों के प्रारम्भ होने से आज पूर्ण हुआ है। यह 20 बसें मेट्रों फीडर के रूप में दक्षिणी कानपुर को रावतपुर, गुरूदेव चौराहा होते हुए अटलघाट एवं औद्योगिक क्षेत्र पनकी पड़ाव इत्यादि स्थानों को जोड़ेगी।




कार्यक्रम के दौरान मण्डलायुक्त डा. राजशेखर द्वारा अपने उद्बोधन में ई-बसों के संचालन में प्रकाश डालते हुए अवगत कराया गया कि कानपुर नगर के लिए 250 अतिरिक्त ई-बसों की मांग शासन से की गयी है। इसके साथ ही मण्डलायुक्त ने माननीय सांसद से इस सम्बन्ध में उ0प्र0 सरकार एवं भारत सरकार के स्तर पर सहायता हेतु अनुरोध भी किया। इस पर माननीय सांसदगण द्वारा भारत सरकार एवं उ0प्र0 सरकार से आगामी वित्तीय वर्ष में इन बसों को कानपुर नगर को प्राप्त कराने हेतु उनके स्तर से पूर्ण प्रयास किये जाने का अश्वासन दिया गया।

ई-बसों के शुभारम्भ के साथ सासंदो एवं मण्डलायुक्त की उपस्थिति में मासिक पास (एम.एस.टी.) योजना का शुभारम्भ किया गया, जिसमें अवगत कराया गया कि मासिक पास योजना का लाभ लेने वाले यात्रियों को कुल किरायें में 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। इस पर माननीय सांसद देवेन्द्र सिंह भोले द्वारा सुझाव देते हुए कि मात्र इतनी छूट से यात्री लाभान्वित एवं आकर्षित नहीं होगे इसमें वृद्धि करने को कहा।

इस पर मण्डलायुक्त/अध्यक्ष के.सी.टी.एस.एल. द्वारा मा0 सांसद जी के सुझाव पर आगामी बोर्ड बैठक में इस छूट में 6 माह की एम.एस.टी. बनवाने वाले को 35 प्रतिशत एवं 1 वर्ष की एम.एस.टी. बनवाने वाले को 50 प्रतिशत की छूट दी प्रदान करने के संबंध में उचित निर्णय ली जायेगी, ताकि अधिकाधिक संख्या में यात्री लाभान्वित हो सकें।

माननीय सासंद श्री सत्यदेव पचौरी द्वारा अपने अभिभाषण में बताया गया कि माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नेतृत्व में कानपुर का सर्वांगीण विकास हो रहा है।

कानपुर में डिफेंस कारिडोर, लैदर क्लस्टर एवं एयर पोर्ट इत्यादि का निर्माण हो रहा है, जिससे भविष्य में कानपुर निवासियों को रोजगार के अवसर प्राप्त होगें एवं कानपुर का सर्वांगीण विकास होगा। ई-बसों के संचालन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके द्वारा शुभकामनायें दी गयी एवं कानपुर नगर के निवासियों को बेहतर प्रदूषण मुक्त अधिकाधिक सेवाओं को भविष्य में उपलब्ध कराने हेतु आश्वस्त किया गया।

माननीय सांसद देवेन्द्र सिंह भोले द्वारा अपने संबोधन से ई-बसों के शुभारम्भ पर एवं संकल्पित 100 बसों के पूर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी और बताया कि कानपुर महानगर में नयी रिंग रोड एवं एलिवेटेड रोड बनने से कानपुर के विकास में तेजी आयेगी तथा आम नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा प्राप्त होगी। इसके साथ ही उन्होनें चालक/परिचालकों से मदिरापान न करने एवं सुरक्षित संचालन कर यात्रियों के साथ-साथ अपने परिवार को सुखी एवं सुरक्षित रखने की अपील की।

कार्यक्रम के अन्त में प्रबन्ध निदेशक, के.सी.टी.एस.एल. लव कुमार सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बसों के लोकापर्ण के दौरान माननीय सांसद, मण्डलायुक्त एवं अन्यजन प्रतिनिधियों द्वारा बस में टिकट लेकर यात्रा भी की गयी।

इस अवसर पर सी.एन.डी.एस. के प्रोजेक्ट मैनेज अरविन्द शर्मा, मुख्य संचालन अधिकारी के.सी.टी.एस.एल. डी.वी. सिंह, प्रबन्धक संचालन आर.के.उपाध्याय, सहायक प्रबन्धक जुनैद अहमद अंसारी इत्यादि अधिकारी उपस्थित रहें।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के वाराणसी आगमन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी 19 नवम्बर, 2022 को उनका स्वागत करते हुए।

# पुष्कर बड़ी बस्ती श्मशान घाट का विकास करवाने की मांग, नगर पालिका ईओ सहित जनप्रतिनिधियों ने किया श्मशान घाट का निरीक्षण

एनसीआर समाचार




राजस्थान तीर्थ नगरी पुष्कर के बड़ी बस्ती स्थित श्मशान घाट की हो रही दुर्दशा पर लोक अभियोजक विवेक पाराशर ने काफी चिंता व्यक्त की उन्होंने अजमेर आगमन पर आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ से मुलाकात कर शीघ्र ही पुष्कर के बड़ी बस्ती श्मशान घाट का विकास कार्य करवाने की मांग की तथा पुष्कर बड़ी बस्ती श्मशान घाट की दुर्दशा के बारे में अवगत कराने के बाद आरटीडी से अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरन्त प्रभाव से कार्रवाई करते हुए नगर पालिका के ईओ बनवारी लाल मीणा को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए तुरंत प्रभाव से पुष्कर बड़ी बस्ती श्मशान घाट की साफ सफाई करवाने सहित कई अन्य कार्य करवाने का आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

वहीं दूसरी तरफ शुक्रवार को ईओ बनवारी लाल मीणा विष्णु अडानी लोक अभियोजक विवेक पाराशर पार्षद टीकम शर्मा रवि बाबा वेदनाथ पाराशर एडवोकेट विनोद पाराशर पुष्कर बड़ी बस्ती मुक्तिधाम वर्किंग कमेटी के सदस्य भरत राजगुरु धनेध राजगुरु तुरंत मौके पर पहुंचे और श्मशान घाट की हो रही दुर्दशा के बारे में ईओ बनवारी लाल मीणा से अवगत कराया श्मशान घाट की हालत काफी खराब हो रखी है चारो तरफ गंदगी का अंबार हो रखा था झाड़ियां झाड़ियां उग रखी थी स्थिति इतनी विकट हो रखी थी कि दाह संस्कार में आने वाले लोगों के बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं थी ईओ बनवारी लाल मीणा ने बताया कि शीघ्र ही पुष्कर बड़ी बस्ती श्मशान घाट की साफ सफाई व्यवस्था की जाएगी तथा दाह संस्कार में आने वाले लोगों के बैठने के लिए माकूल व्यवस्था की जाएगी इसके अलावा पीने के पानी की व्यवस्था होगी।

उन्होंने बताया कि शमशान घाट की वाक्य में काफी दुर्दशा हो रखी है तथा रात्रि में नशेड़ियों व असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है इनके खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी। लोक अभियोजक विवेक पाराशर ने बताया की धर्मेंद्र सिंह राठौड़ से मुलाकात कर तीर्थराज पुष्कर के मुक्तिधाम श्मशान घाट के विकास कार्य के लिए कहा गया उन्होंने मामले को गंभीरता से लिया है तथा शीघ्र ही नगर पालिका व जन सहयोग से पुष्कर बड़ी बस्ती श्मशान घाट का विकास कार्य करवाया जाएगा उन्होंने बताया कि पुष्कर बड़ी बस्ती मुक्तिधाम वर्किंग कमेटी बनी हुई है इसके सानिध्य में जन सहयोग से श्मशान घाट का कार्य होगा श्मशान घाट पर लोगों के बैठने की माकूल व्यवस्था नहीं है बरसात गर्मी में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

श्मशान घाट के चारों तरफ झाड़ियां उग रखी है इसके अलावा गंदगी का आलम हो रखा है श्मशान घाट में आने वाले लोगों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था नहीं यह सारी व्यवस्था श्मशान घाट की सफाई व्यवस्था सहित कई लोगों की सुविधा हेतु कार्य जन सहयोग से किया जाएगा। पूर्व में भी मुक्तिधाम वर्किंग कमेटी ने जन सेवक से श्मशान घाट का साफ-सफाई सहित अन्य कार्य शुरू करवाए थे लेकिन कुछ कानूनी अड़चनों के कारण कार्य बंद कर दिया गया इसके चलते श्मशान घाट की हालत खराब हो गई और दुर्दशा के कगार पर श्मशान घाट पहुंच गया। श्मशान घाट के चारों तरफ गंदगी का आलम चारों तरफ कठीली झंडिया होने के कारण लोगों को बैठने तक की व्यवस्था नहीं है।

दाह संस्कार में आने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लोक अभियोजक विवेक पाराशर ने बताया कि श्मशान घाट पर लोगों को बैठने की माकूल व्यवस्था साफ सफाई की व्यवस्था तथा पीने की पानी की व्यवस्था करने से लोगों को काफी राहत प्रधान होगी। ईओ बनवारी लाल मीणा ने कहा कि श्मशान घाट की साफ-सफाई की व्यवस्था शीघ्र कर दी जाएगी। जानकारी में आया कि एक दो दिन में आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ भी बड़ी बस्ती श्मशान घाट का निरीक्षण करेंगे।

## मुख्यालय ककोर जिला औरैया अपर जिलाधिकारी अब्दुल बासित को ज्ञापन सौंपा




एनसीआर समाचार

उत्तर प्रदेश देश में श्रद्धा वाकर जैसी कई बहन बेटियां बालिक होने पर माता- पिता व अभिभावक की इच्छा के विपरीत स्वच्छन्द आचरण के अधिकार का दुरूपयोग करके जो गलत रास्ता चुनती हैं तथा बाद में नारकीय जीवन जीने को विवश होती हैं और उनमे से कुछ लड़कियों की निर्मम हत्या भी कर दी जाती है। इन भटकी हुईं बहन-बेटियों के सम्मानित जीवन जीने व जीवन की सुरक्षा की सुनिश्चित व्यवस्था के लिए सख्त कानून बनाये जाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री भारत को संबोधित एक, ज्ञापन जन जागरण समिति औरैया द्वारा आज जिला मुख्यालय ककोर जिला औरैया अपर जिलाधिकारी अब्दुल बासित को सौंपा गया। समिति के अध्यक्ष महेश पांडे ने कहा कि कोई भी ऐसा कानून जिसके द्वारा किसी का सम्मान और जीवन असुरक्षित हो जाए ऐसे कानून के उत्तरदायित्व से कोई भी सरकार अपने आप को अलग नहीं कर सकती सरकार को भटकी हुई बहन बेटियों को सम्मानित जीवन जीने देने एवं उनके जीवन की सुरक्षा की गारंटी बाला सख्त कानून बनाना चाहिए ज्ञापन देते समय समिति के अध्यक्ष महेश पांडे, राम रतन पाल, श्याम बाबू शर्मा, मिलन चौबे, आशु त्रिवेदी, भानूप्रकाश, सविता, अश्विनी कुमार दुबे, अनूप कुमार, अर्पित दीक्षित, संजय तिवारी, शिव शरण, शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश बरेली में हो रहे विकास कार्य के दौरान नगर क्षेत्र में लागू किए ट्रैफिक प्लान

एनसीआर समाचार



उत्तर प्रदेश जनपद बरेली में विकास कार्य होने के दौरान जिला अस्पताल तक एंबुलेंस व मरीज लाने वाले सभी प्रकार के गाड़ियों एवं जिला अस्पताल के समस्त डॉ व कर्मचारी है तो नेत्र विभाग के पास से खोलें जाने वाले गेट से ठोस अपिष्ठ ट्रांसफर स्टेशन आजमनगर से सराय खाम कबूतर चौक से बांसमंडी से साहू गोपीनाथ तिराहा से सिक्लापुर तक रोड का निर्धारित प्रस्तावित किया गया है। जिसके कारण साहू गोपीनाथ तिराहे से ऑटो रिक्शा ई-रिक्शा एवं हाथ से चलने वाला रिक्शा तीन पहिया वाहन ठेला गाड़ी का डायवर्जन (प्रतिबंध) कबूतर चौक की तरफ लागू किया गया है निम्न स्थानों से प्रतिबंध बहनों को नहीं जाने दिया जाएगा।

1. साहू गोपीनाथ तिराहा
2. कबूतर चौक
3. कुमार टाकीज तिराहा
4. सिकलापुर चौराहा

उपरोक्त स्थानों पर निम्न स्थानों पर बैरियर लगाकर डायवर्जन की व्यवस्था की गई है ऑटो रिक्शा ई-रिक्शा हाथ से चलने वाला रिक्शा ठेला गाड़ी तीन पहिया वाहन नगर क्षेत्र में प्रवेश नहीं करेंगे जनपद में निम्न प्रकार से बैरियर लगाए गए हैं जो निम्नलिखित

1. साहू गोपीनाथ पर बैरियर
2. कबूतर चौक चौराहे पर बैरियर
3. कुमार टॉकीज चौराहे पर बैरियर
4. सिकलापुर चौराहे पर बैरियर
5. बताशा वाली गली पर बैरियर

उक्त स्थान पर बैरियर की व्यवस्था की गई है उक्त स्थान पर डायवर्जन बैरियर के ऊपर ऑटो रिक्शा ई-रिक्शा एवं हाथ रिक्शा एवं जुगाड़ ठेला गाड़ी पूर्ण रूप से वर्जित किया गया है।

# पुष्कर में यात्री और स्थानीय लोग हो रहे हैं परेशान बस स्टैंड होने के बाबजूद नहीं रूकती बसे

एनसीआर समाचार

राजस्थान पुष्कर में यात्री और स्थानीय लोग हो रहे हैं परेशान तीर्थ नगरी पुष्कर में वैसे देखा जाए तो तीन बस स्टैंड है लेकिन जब से नया बस स्टैंड बना है तब से यह तीनों बस स्टैंड नकारा साबित हो गए जहां पहले मारवाड बस स्टैंड पर सभी रोडवेज बसे ओर निजी बसें रुकती थी और अजमेर बस स्टैंड पर अजमेर से पुष्कर बसे चलती थी लेकिन जब से यह नया बस स्टैंड बना है तब से एक भी बस रोडवेज की बसें न तो मारवाड़ बस स्टैंड पर रूकती है ना ही पुष्कर में जिसके चलते स्थानीय लोगो के साथ साथ श्रदालुओ को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कहीं पुष्कर के नए बस स्टैंड पर पुष्कर में 10 वर्ष पूर्व 2012-13 में एस.डी.एम ऑफिस के पीछे गौतम आश्रम के सामने रेत के टीले पर करोड़ों रुपए की लागत से यात्रियों की सब सुविधायुक्त नया बस स्टैंड बनाया गया, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि बस स्टैंड बनने के 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी इस बस स्टैंड पर बसे नही आने से यह बस स्टैंड सिर्फ अब शोपीस बनकर रह गया इस बस स्टैंड पर एक भी बसे नहीं आती है।




जबकि यह बस स्टैंड यात्रियों के लिए सभी सुविधा युक्त बनाया गया इसमें करोड़ों रुपए खर्च हुए लेकिन बड़े दुर्भाग्य की बात है कि प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते बसे नही आने और उचित देखभाल नही होने के कारण धूल फांक रहा है बस स्टैंड पर बसों की जगह आवारा जानवरों का जमावड़ा नजर आ रहा तो चारों तरफ गंदगी फेल रखी है बस स्टैंड पर महिला पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय टिकट खिड़की प्याऊ यात्रियों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था सहित कई सुविधाएं।

इस बस स्टैंड पर होने के बावजूद एक भी बस इस बस स्टैंड पर नही आने से अब यह बस स्टैंड शोपीस बन रखा है जिसके चलते यात्री और स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है सबसे ज्यादा परेशानी बाहर से आने वाले यात्रीयो को उठानी पड़ रही है जो न्यू बस स्टैंड का होर्डिंग देखकर बस स्टैंड में आ जाते हैं लेकिन जब बस स्टैंड के अंदर चारों तरफ बसे नही देखकर चारो तरफ सुनसान देखकर निराश होकर लौटना पड़ता है और बसों के लिए दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही है।

पुष्कर वासियों के लिए जब से यह बस स्टैंड बना तब से सिर दर्द बन गया पहले सभी बसे मारवाड़ बस स्टैंड में रुकती थी लेकिन अब सभी रोडवेज की बसे पुष्कर में नहीं रुक कर सीधी निकल जाने से स्थानीय लोगों के साथ-साथ यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है लोगों को बसों के इंतजार करने के लिए जगह जगह खड़ा रहना पड़ता है और अजमेर बस स्टैंड व मारवाड़ बस स्टैंड में बसे नही जाने के कारण पर लोगों को रामधाम तिराये ओर मारवाड़ बस स्टैंड के बाहर खड़ा रह कर बसों का इंतजार करना पड़ रहा है। सबसे दुर्भाग्य की बात है कि पुष्कर के अंदर तीन बस स्टैंड होने के बावजूद भी लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

तीर्थपुरोहित राजकुमार पाराशर और पूनम चंद पाराशर ने बताया की कुछ हरिद्वार की बसे यहां पर आती हे तथा हरिद्वार से आने वाले यात्रियों के लिए पुरोहितो की तरफ से व्यवस्था कर रखी है। प्रशासन और नगरपालिका और स्थानीय जनप्रतिनिधि ध्यान नही दे रहे हे बस स्टैंड पर सुलभ शौचालय पीने के पानी के लिए प्याऊ टिकट बुकिंग बैठने की सुविधा बिजली सहित यात्रीयो के समुचित व्यवस्था हो रखी है अगर इस बस स्टैंड को स्थानीय जनप्रतिनिधियों प्रशासन शुरू करवा दें तो बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को वह स्थानीय लोगों को काफी राहत प्रदान होगी। बस स्टैंड नहीं होने से श्रद्धालुओं सहित स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# राजस्थान में 66वीं ब्लॉक स्तरीय प्राथमिक विद्यालय क्रीडा प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह

एनसीआर समाचार




राजस्थान में 66वीं ब्लॉक स्तरीय प्राथमिक विद्यालय क्रीडा प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह दादूका स्थित गुरु शिखर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया। सीबीईओ भागीरथ मीणा, किसान नेता जगदीश मीणा एडवोकेट मनोज चौधरी, सरपंच कृष्ण आर्य, डेलीगेट विक्रम यादव, स्त्रीङ्ग सुशील यादव, आरपी राजेंद्र सैनी विद्यालय के निदेशक रामकरण सैनी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सीबीईओ भागीरथ मीणा, जगदीश मीणा, एडवोकेट मनोज चौधरी, सरपंच कृष्ण आर्य ने झंडारोहण कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि भागीरथ मीणा ने कहा खेलों को खेल भावना से खेलने वाला खिलाड़ी ही सफलता प्राप्त करता है। जगदीश मीणा ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार खेलों की तरफ ध्यान दे रही है। ग्रामीण ओलंपिक के माध्यम से खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। स्काउट एवं गाइड के प्रधान एडवोकेट मनोज चौधरी ने खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक छात्र को जीवन में एक खेल जरूर खेलना चाहिए। खेल जीवन में अनुशासन सिखाते है।

विद्यालय के निदेशक रामकरण सैनी ने आगंतुक अतिथियों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया संचालन अध्यापक हंसराज आर्य ने किया। प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तरीय प्राथमिक विद्यालय की टीमें भाग ले रही है इस अवसर पर रोशन लाल मीणा, सूबे सिंह मीणा, कमल शेखावत, शारीरिक शिक्षकों समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# 51वां ज्ञापन अपर जिलाधिकारी महोदय औरैया न्यायिक अब्दुल्ला वासित को सौंपा ज्ञापन

एनसीआर समाचार

उत्तर प्रदेश औरैया 19 नवंबर 2022 के दिन शनिवार को जन जागरण समिति औरैया के द्वारा एससी एसटी एक्ट संशोधन 2018 के बाद इस एक्ट का दुरुपयोग को रोकने के लिए एक्ट में संशोधन कराने की मांग को लेकर हर माह दिए जाने वाले ज्ञापन को महामहिम राष्ट्रपति महोदय भारत को संबोधित 51वां ज्ञापन आज अपर जिलाधिकारी महोदय औरैया न्यायिक अब्दुल्ला वासित को सौंपा गया। कथा इस बैठक में मौजूद राम नाथ त्रिपाठी, श्याम बाबू शर्मा, अश्वनी दुबे, राम रतन पाल, मिलन




चौबे, आशु त्रिवेदी, व शिव शरण शर्मा आदि लोग मौजूद रहे तथा इसके साथ ही थाना औरैया मैं भानु प्रकाश द्वारा भी अपने ऊपर लिखे गए फर्जी एससी एसटी एक्ट मुकदमे की जांच सीबीसीआईडी से कराने के लिए महामहिम को ज्ञापन सौंपा गए। समिति के संयोजक महेश पांडे ने बताया कि अगला ज्ञापन 19 दिसंबर 2022 को सौंपा जाएगा और जब तक इस एक्ट का दुरुपयोग रोकने के लिए संशोधन नहीं होता तब तक धरना देकर ज्ञापन दिया जाता रहेगा।

## इन्द्रा गांधी स्मारक पर शहर काँग्रेस के पदाधिकारीओ व कार्यकर्ताओ ने स्वर्गीय इन्द्रा गांधी जी की 105वीं जयन्ती मनाई गई



एनसीआर समाचार

राजस्थान अजमेर के पुर्व विधायक गोपाल बाहेती ने कहाँ देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इन्द्रा गांधी थी जिन्होंने परमाणु बम का आविष्कार कराया। स्वर्गीय इन्द्रा गांधी को आयरन लेडी के नाम से जाना जाता है पाकिस्तान से युद्ध के समय इन्दिरा गाँधी ने अमेरिका के सामने घुटने नही टेके और पाकिस्तान को दो बार हराया इस अवसर पर पुर्व मंत्री नसीम अख्तर, पुर्व विधायक गोपाल बाहेती ,पुर्व प्रदेश सचिव महेन्द्र सिंह रलावता, डेयरी अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी, काँग्रेस नेता इंसाफ अली, महेश औझा, श्याम प्रजापति, नरेश सतयावन, शैलेश गुप्ता, विजय नागौरा, विपिन बैसिल, शैलेन्द्र अग्रवाल, कैलाश कोमल, अंकुर त्यागी, दिनेश के शर्मा, सोना धनवानी, अशोक बिनदल, मनीष सेन, सुनिल धानका, शिवराज भडाना, राजनारारण ओसपा, अभिलाष विशनोई, अरूणा कच्छावा, रशमि हिगोरानो, मुननवर खान, लक्ष्मी बुनदेल, गिरीश आसनानी, सुरेश राठौड, सुकेश सुकारिया, समशुदीन ईशवर टहलियानी, धर्मेन्द्र नागवाल, बालमुकुनद टाक, महेन्द्र कटारिया, उमेश शर्मा, विनोद आसनानी, राजेश बोयत, शिवकुमार भागनानी कमलेश खीची, रमेश सोलंकी, नीरज यादव, हेमराज खारोलीय, दिनेश वासन, मनोज कंजर, भोमराज गुजर, पहलाद माथुर सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आरपीएफ को बड़ी कामयाबी हाथ लगी, एक लाख के इनामी चोर को किया गिरफ्तार

एनसीआर समाचार

मध्य प्रदेश में अपराध खुफिया शाखा जबलपुर एवम मैहर आरपीएफ को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है महाराष्ट्र के मुंबई मीरा रोड थाना अंतर्गत दिशा ऋषिकेश शर्मा के घर में काम करने वाले बृजेश कुमार लोधी निवासी जिला कौशांबी उत्तर प्रदेश ने घर में काम करते वक्त सैमसंग फोल्ड 3 मोबाइल चोरी करके भागने की रिपोर्ट मीरा रोड थाने में दर्ज करवाई थी जिसकी लोकेशन अखुशा जबलपुर के, मन्सूरी से मुम्बई के उइक ने शेयर कि जिसको लोकेशन के आधार पर मन्सूरी ने मन्दिर प्रांगढ फिर सर्च करते हुए रेल्वे स्टेशन पहुचे स.ऊ.नि.जी के मिश्रा मिले उनसे लोकेशन शेयर किया स्टेशन में दबोच लिया गया जिसमें अखुशा जबलपुर ,मन्सूरी आर.पी.एफ थाने के एसआई जीके मिश्रा द्वारा पूछताछ के बाद उसने मोबाइल चोरी करना कबूल किया।

# जनपद खीरी में सड़क सुरक्षा यातायात माह नवंबर 2022 के अंतर्गत की गई कार्यवाही

एनसीआर समाचार

उत्तर प्रदेश पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद खीरी, संजीव सुमन के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी यातायात महोदय के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के अंतर्गत बिना सीट बेल्ट, काली फिल्म, तीन सवारी, बिना हेलमेट, के वाहन चलाने पर रामापुर, सैधरीबाईपास, पंडित दीनदयाल चौराहा पर यातायात पुलिस संयुक्त रूप से एआरटीओ रमेश कुमार चौबे के साथ प्रभारी यातायात निर्मलजीत यादव, टीएसआई संजीव तोमर, आरक्षी यातायात बीवन राज, पंकज वर्मा, सत्यप्रकाश द्वारा सघन चेकिंग की गई एवं यातायात नियमों के बारे में पंपलेट देकर जागरूक किया गया एवं यातायात नियमों के पालन करने हेतु बताया गया कि आए दिन सड़क हादसे होते है, जिसमें लोगों की जान चली जाती है इसका सबसे प्रमुख कारण यातायात नियमों की जानकारी ना होना या जानकारी होने के बाद भी उसका पालन ना करना है।




दुर्घटना से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें। वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर वाहन को निर्धारित गति में चलाएं, नशे की हालत में व मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने से बचें, स्टंट बाइकिंग से बचे, काली फिल्म, मॉडिफाई साइलेंसर, हूटर, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग ना करें, गलत दिशा में ना चले इस तरह यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाएं कम होगी तथा लोग सुरक्षित रहेंगे। साथ ही रोड के किनारे अपने वाहन आदि ना खड़ा करें, ट्रैक्टर ट्रॉली, लोडर पिकअप पर यात्रा न करें। साथ ही आम जनमानस को म्यूजिक के माध्यम से एवं पंपलेट देकर यातायात नियमों का पालन करने के लिए अपील की गई। यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों एवं वाहनों के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम के तहत कुल 146 वाहनों का चालान व 02 वाहन सीज किए गए हैं।

## एक नजर

### अजमेर लाखन कोठड़ी क्षेत्र में बड़ा हादसा टला, मकान का हिस्सा गिरने से एक युवक के सर पर आई चोट



एनसीआर समाचार

राजस्थान अजमेर दरगाह क्षेत्र के लाखन कोटरी इलाके के अंदर एक लोडिंग टेंपो चालक की लापरवाही की वजह से लाइट के तार टूटने की वजह से एक मकान का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ मकान का हिस्सा गिरने से एक युवक के सर पर चोट आई जिसको नजदीकी सरकारी अस्पताल जेएलएन में लेकर पहुंचे। इस हादसे के फौरन बाद क्षेत्रवासियों ने अजमेर टाटा पावर को शिकायत की टाटा पावर कर्मचारी मौके पर पहुंचे और दरगाह थाना पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और मुआयना कर इस काम को अंजाम दिया गया।


### नालागढ़ बीजेपी के बागी नेता के. एल. ठाकुर गाड़ी वालों और पोस्टर लगाने वालों को किया मना




एनसीआर समाचार

हिमाचल प्रदेश नालागढ़ बीजेपी के बागी नेता के. एल. ठाकुर गाड़ी वालों और पोस्टर लगाने वालों को नहीं दे रहे पुरे पैसे कार वालों को 1400 दे रहे और पेट्रोल भी उन्ही का कहाँ जाए गाड़ी वाले जिन्होंने 12 दिन लगातार इनके साथ रहे और इनकी पार्टी के कार्यकताओं के साथ रहे 12 दिनों के 3500 दे रहे है। गाड़ी वालों को पोस्टर लगाने वालों को 600 रुपये दैनिक बोल कर 500 रूपए के हिसाब से पैसे दे रहे है। जो लोग पोस्टर लगाने के लिए इनके कार्यकर्ताओ के साथ गांव गांव में 10-12 दिन इनके पीछे घूमे उनको 7 दिन के ही पैसे दिए जा रहे है, वो गरीब आदमी कुछ बोल भी नहीं सकते है। परन्तु इस तरह के. एल. ठाकुर के मुख्य कार्यकर्ता आने वाले समय के लिए और ज्यादा मुश्किलें बढ़ा रहे है।

### जनपद के कर्वी ब्लॉक के सचिव श्याम सिंह द्वारा नहीं किया जा रहा पंचायती राज



एनसीआर समाचार

उत्तर प्रदेश जनपद के कर्वी ब्लॉक के सचिव श्याम सिंह द्वारा नहीं किया जा रहा पंचायती राज निदेशालय के आदेशों का पालन सचिव श्याम सिंह के द्वारा गांव कहेता माफी व अन्य ग्राम पंचायतों में ना कोई भ्रमण किया जाता और ना ही गोवंश की कोई व्यवस्था रोस्टर के आधार पर जो भी दिन निर्धारित है उस दिन भी नहीं आते सचिव साहब गांव की गरीब जनता परिवार रजिस्टर की नकल जन्म प्रमाण-पत्र आदि दस्तावेजों के लिए काटते रहते है।

सचिव के चक्कर दर-दर भटक रहे ग्रामीण गांव में रखे कंप्यूटर फांक रहे धूल प्रधान द्वारा फोन करने पर स्विच ऑफ कर लिया जाता है फोन जिस जिससे गांव की जनता सचिव श्याम सिंह से परेशान श्याम सिंह तू सचिव के बारे में प्रधान द्वारा डीपीआरओ चित्रकूट वीडियो कर्वी से बात कर शिकायत करने के बावजूद नहीं हुई कोई कार्यवाही सचिव यदि गांव में नहीं जाएंगे तो भला कैसे होगा विकास।

### भाजपा जिला अध्यक्ष की कमान अशोक नायक को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया



एनसीआर समाचार

मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दंत शर्मा संगठनात्मक नियुक्तिया शुक्रवार को की वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक नायक को शाजापुर जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति पर राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार, सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार, पूर्व मंडी अध्यक्ष कैलाश सोनी, जिला भाजपा महामंत्री विजय बेस, शाजापुर नगर अध्यक्ष नवीन राठौर, नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, मधु मंडलोई युवा मोर्चा, नगर अध्यक्ष अभिनंदन जैन, कमलेश राठौर, भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर।

### महाराष्ट्र सरकार से अनुरोध है की छात्र की राय के अनुसार पांच जिले में पुलिस भरती आवेदन किया जाए

एनसीआर समाचार

महाराष्ट्र सरकार पोलीस भरती 2022 की निर्णय की अनुसार एक जिल्हे में पोलीस भरती ग्रामीण और शहरी आवेदन एकी स्थान पर कर सकती है ऐसा फैसला महाराष्ट्र सरकारने लिया है पोलीस भरती के इस भरती में लडके लडकीया है कि आज सरकार के द्वारा फैसले को बदला जाये और कम से कम पाच जिल्हे में पर आवेदन करणे का फैसला किया जाए। ऐसी राय छात्रद्वारा व्यक्ति की जा रही है और इसमे छात्र भरती प्रक्रिया में सही विकल्प चिन्हे में सक्षम होंगे। एक जग आवेदन करने के बाद कुछ छात्र को नुकसान होता है और कुछ शारीरिक परेशानी होती है महाराष्ट्र सरकार को इस शर्थ को रद्द कर देना चाहिए और पहिले की तरह चार और पाच जिल्हे में पोलीस भरती के लिए आवेदन करना चाहिए।

# जिला मजिस्ट्रेट अंश दीप की अध्यक्षता में उर्स मेला 2023 की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन

एनसीआर समाचार



राजस्थान जिला मजिस्ट्रेट अंश दीप की अध्यक्षता में उर्स मेला 2023 की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती का सालाना 811वां उर्स जनवरी माह में आयोजित होगा। उर्स के दौरान व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया गया। दरगाह कमेटी, नगर निगम, अजमेर विकास प्राधिकरण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, रोडवेज, विद्युत विभाग, परिवहन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, बीएसएनएल, रसद विभाग, पुलिस विभाग, रेल्वे तथा अजमेर डेयरी सहित समस्त विभागों को दायित्व सौंपे गए।


उन्होंने कहा कि समस्त विभाग सौंपे गए दायित्वों को 15 दिसम्बर तक पूर्ण करेंगे। इन कार्यों की विभाग के स्तर पर जांच कर अंतिम रूप दिया जाए। इनकी जिला प्रशासन द्वारा पाक्षिक आधार पर समीक्षा की जाएगी। कार्य पूर्ण होने के पश्चात कार्यों का क्षेत्र में मौका निरीक्षण होगा। दिसम्बर माह के प्रथम सप्ताह में समीक्षा बैठक आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि उर्स मेला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान रखता है। इसलिए सुरक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता है। दरगाह क्षेत्र में स्थापित समस्त कैमरे कार्यशील रहने चाहिए। उनका समस्त डाटा रिकॉर्ड होने के साथ-साथ आवश्यकतानुसार साझा किया जाना आवश्यक है। सुरक्षा के लिए अतिरिक्त जाप्ता तैनात किया जाएगा। ईदगाह पार्किंग में अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तैनात कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए।

उन्होंने कहा कि दरगाह क्षेत्र के समस्त केबल एवं तार सुव्यवस्थित होने चाहिए। लटकते एवं ढीले तारों को ऊंचाई पर बांधने का कार्य निर्धारित समय सीमा में किया जाए। क्षेत्र में घूमने वाले निराश्रित पशुओं को नगर निगम द्वारा पकडकर निर्धारित स्थान पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि कायड विश्राम स्थली में पेयजल की पाईप लाईनें स्थाई रूप से डाली जाए। इससे विभिन्न कार्यक्रमों के लिए होने वाली बार-बार की कवायद से बचा जा सकेगा। मदार तथा दौराई रेल्वे स्टेशन से विश्राम स्थली तक के लिए पर्याप्त आवागमन के साधन उपलब्ध रहेंगे। इनका जायरीन सुविधानुसार उपयोग कर सकेंगे। उर्स में कार्य करने वाले वॉलिंटयर्स का सत्यापन 5 जनवरी तक किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कुल की रस्म, छठी की रस्म सहित समस्त परम्पराओं एवं धार्मिक रिति रिवाजों का समय पर आयोजन आवश्यक है। धार्मिक रस्मों के लिए कोर कमेटी का गठन किया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट, अतिरिक्त जिला कलक्टर कैलाश चन्द्र शर्मा, अजमेर विकास प्राधिकरण के आयुक्त अक्षय गोदारा, एडीएम भावना गर्ग, उपखण्ड अधिकारी महावीर सिंह, दरगाह दीवान के उत्तराधिकारी सैयद नसीरूद्दीन चिश्ती, दरगाह कमेटी के सहायक नाजीम डॉ. मोहम्मद आदिल, तारागढ़ दरगाह के सचिव सैयद मदद अली, अंजुमन यादगार के अध्यक्ष मोहम्म्द सुभान चिश्ती एवं सचिव जाहीदुल हक चिश्ती, सरवाड़ दरगाह के प्रतिनिधि युनुस खान, दरगाह बाजार के महासचिव गिरिश लालवानी सहित अधिकारी एवं आयोजन से जुडी संस्थाओं के पधाधिकारी उपस्थित थे।

## डी.बी.टी का काम पूरा न होने से धानी ब्लाक के शिक्षकों का रोका वेतन

एनसीआर समाचार



उत्तर प्रदेश धानी ब्लाक में डी.बी.टी का काम को पूरा न करने वाले जनपद में धानी के शिक्षक का रोका वेतन पिछले सप्ताह में डी.बी.टी के लिए लच्छ दिया गया था किन्तु शिक्षक द्वारा डी.बी.टी का लच्छ पूरा नहीं किया गया। जिसके कारण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महराजगंज ने धानी ब्लाक के करीब आधा दर्जन शिक्षक ओ का वेतन तत्काल प्रभाव से रोक दिया है। मिली जानकारी के अनुसार धानी ब्लाक में दो चर्चित अध्यापक जो कि दोनों अपने अपने संगठनों के नेता कहें जाते हैं दोनों का वेतन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा रोक दिया गया है।

इससे शिक्षकओ में भारी खलबली मची हुई हैं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि 75% से कम लच्छ वाले अध्यापकों का वेतन रोक दिया गया है। इसी क्रम में और भी अध्यापकों का वेतन अन्य ब्लाकों में भी रोका गया है किंतु मजे की बात है कि धानी जैसे छोटे ब्लाक में भी शिक्षक द्वारा अभी तक डी.बी.टी का लच्छ पूरा नहीं किया गया है जिसमें शिक्षक संगठनों के लोग भी शामिल हैं।

# एबीवीपी ने धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती

खरवेन्द्र शर्मा / एनसीआर समाचार



मध्य प्रदेश विजयपुर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) नगर इकाई विजयपुर एवं बड़ौदा ने वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई जयंती पर विजयपुर नगर में शोभा यात्रा निकालकर स्त्री शक्ति दिवस मनाया गया। आपको बता दें कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई विजयपुर एवं बड़ौदा के द्वारा विजयपुर और बड़ौदा नगर में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर पूरे विजयपुर एवं बड़ौदा नगर में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों छात्राएं रानी लक्ष्मीबाई के रूप में रैली के रूप में नगर में निकली तथा शोभा यात्रा के दौरान छात्राओं द्वारा नारे लगाए जा रहे थे कि "फूल नहीं चिंगारी है हम भारत की नारी है। नगरवासियों ने जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया शोभा यात्रा के बाद मंडी प्रांगण में सभा का आयोजन भी किया गया।

जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विजयपुर नगर इकाई अध्यक्ष खरवेंद्र शर्मा, शोभाराम शर्मा, राहुल बैरागी, शालिनी जादौन, अभय बैरागी, नैना बंसल, सलोनी रावत, संजू रावत, किरण सिकरवार, नीतू कुशवाह, पिस्ता कुशवाह, पूनम कुशवाह, शिवानी कुशवाह, गिरजा कुशवाह, इरम खान, तमन्ना खान, सुरक्षा कुशवाहा, अनुष्का श्रीवास, यतिका शर्मा, रामा रावत, राखी रावत, रवीना रावत, शिवानी शर्मा, संजना धाकड़, बंदना कुशवाह, अंजली कुशवाह, अंजलि रावत, रश्मि धाकड़, कृष्णा धाकड़, सोनू रावत, मोनू कुशवाह, उदय शर्मा, अजय कुशवाह, रामब्रिज कुशवाह, सत्येंद्र रावत, राहुल रावत, नवीन राठौर, गणेश शर्मा, आयुष नामा, कोमल शर्मा आदि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

## मध्य प्रदेश आदिवासी इलाकों के लिए पेसा कानून में दो महत्वपूर्ण विषय

एनसीआर समाचार




मध्य प्रदेश मंडला 19 नवंबर आदिवासी क्षेत्रों में पंचायतीराज संस्थाओ को ग्रामीण आबादी की सहमति से चलाने के लिए पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम 1996 यानि पेसा कानून 24 दिसंबर 1996 को राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदित होकर लागू हुआ। केन्द्र सरकार ने पांचवी अनुसूची के दस राज्यों से आशा किया था कि इस केन्द्रीय कानून के मंशा अनुरूप इसका नियम बनाएंगे, क्योंकि पंचायत राज व्यवस्था संविधान में राज्य का विषय के रूप में अधिसूचित है।मध्यप्रदेश सरकार ने 26 साल बाद इस पेसा कानून का नियम बनाया है जो स्वागत योग्य है।

आदिवासी इलाकों के लिए पेसा कानून में दो महत्वपूर्ण विषय है। पहला गांव सीमा के अंदर प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन एवं नियंत्रण ग्राम सभा करेगा दूसरा रूढ़िगत और परम्परागत तरीके से विवाद निपटाने का अधिकार ग्राम सभा को होगा। जिसमें ग्राम सभा को न्यायालय का अधिकार (विशेष परिस्थित को छोड़कर) दिया जाएगा ताकि पुलिस उन मामलों में हस्तक्षेप नहीं करे। परन्तु नियम में इस प्रक्रिया की स्पष्टता नहीं है। जबकि वन विभाग भारतीय वन अधिनियम 1927 कानून के आधार पर जंगल पर नियंत्रण और प्रबंधन करता है। वन विभाग की सोच केवल टिम्बर केन्द्रित है। जबकि स्थानीय समुदाय के लिए लघुवनोपज आजीविका का मुख्य प्रमुख आधार है।

इसलिए सरकार को पेसा के अनुरूप उसमें बदलाव करना होगा।दूसरा गांव अपने विवाद का निपटारा रूढ़िगत और परम्परागत तरीके से तब कर पायेगा, जब आईपीसी की धारा में बदलाव हो जाए। नहीं तो पुलिस विभाग आईपीसी की धारा के आधार पर गांव में हस्तक्षेप करेगा।इस संभावित हस्तक्षेप को रोकने के लिए राज्य सरकार को केंद्र के समक्ष यह बात रखना चाहिए। बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ के राज कुमार सिन्हा ने प्रश्न किया है कि बाजार और मुनाफा केन्द्रित विकास के दौर में यह संभव है, जहां अनुसूचित क्षेत्रों में प्राकृतिक संसाधन आदिवासी समाज की बजाय कार्पोरेट को सोंपने के लिए कानूनो में बदलाव किये जा रहे हैं।

## मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह अजमेर मुस्लिम एजुकेशनल वेलफेयर एसोसिएशन जिला अजमेर में मनाया गया

एनसीआर समाचार




राजस्थान मुस्लिम एजुकेशनल वेलफेयर एसोसिएशन जिला अजमेर के सदस्य आरिफ हुसैन ने बताया कि अजमेर जिले के होनहार मुस्लिम विद्यार्थियों की हौसला अफजाई के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एसोसिएशन का 20 व मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह 20 नवंबर रविवार को प्रातः 11:30 जवाहर रंगमंच आयोजित किया जाएगा।

आरिफ हुसैन ने बताया कि मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि मोहतरमा जाहिदा खान शिक्षा राज्य मंत्री राजस्थान सरकार कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी कयूम खान पूर्व विधायक मसूदा समारोह के विशिष्ट अतिथि मोहतरमा नसीम अख्तर इंसाफ पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री राजस्थान सरकार इरफान चौधरी सदस्य वक्फ विकास परिषद राजस्थान सरकार अमानुल्लाह खान आर. ए. एस. सचिव ए.डी. ए. सैयद सरवर चिश्ती सचिव अंजुमन सैयद जादगान शेखजादा सुभान चिश्ती मोहसिन अली सुल्तानी अध्यक्ष दी, मैनेजमेंट कमेटी तारागढ़ डॉ. इमरान खान रेलवे जनाब हाजी गौस मोहम्मद साहब समाजसेवी होंगे।

सदस्य एतेजात खान ने बताया कि इस समारोह में लगभग जिलेभर की 300 मुस्लिम प्रतिभाएं सम्मानित होंगी। एसोसिएशन के सदस्य पूर्व प्रधान मेहराज खान उमर दराज खान हाजी महमूद खान अकरम सिद्दीकी मुस्ताक अहमद हाशमी नजाकत मंसूरी मोहम्मद असलम खंडेला साहिल हुसैन तौफीक अली हसन अनवर शरीफ नसीराबाद मोहम्मद फरीद रिटायर्ड शिक्षा विभाग किशनगढ़ मोहम्मद अयूब गोरी ब्यावर मोहम्मद अली पीसांगन गुलाम मुस्तफा गोविंदगढ़ जमाल नासिर भिनाय गफ्फार खान देशवाली केकड़ी शब्बीर खान सरवाड़ मोहम्मद सिराज रामसर आदि कार्यकताओं ने अजमेर की सभी गणमान्य लोगों से अपील की है कि इस प्रोग्राम में शिरकत कर प्रतिभाओं की हौसला अफजाई के लिए 20 नवंबर को जरूर तशरीफ लाएं।

# गुजरात में एक मौलवी ने लड़की पर काला जादू करके बनाया अपने हवस का शिकार

एनसीआर समाचार



गुजरात में एक मौलवी ने दिया दर्दनाक हादसे को अंजाम, बता दे कि दास्ताने जूठे नकली मौलवी, एक छोटासा गांव था, उस गांव में मस्जिद के लिए मौलवी चाहिए था तो उस गांव में एक जूठा नकली मौलवी आया तो उस गांव वालो मस्जिद मदरसे के लिए मौलवी की जरूरत थी, तो उस गांव वालो ने उस जूठे नकली की सकल सूरत देख के और पास के ही गांव का रहने वाला था तो गांव वालो ने उसपे भरोसा कार्लिया और उस जूठे फरेबी नकली मौलवी को गांव की मस्जिद मदरसा के लिए रख लिया, हाला की गांव वालो को पता नहीं था के ये जूठा नकली फरेबी मौलवी है, वहां मदरेसा में बच्चे बच्चियां पढ़ने आती थी और वो नकली जूठा थोड़ा बोहत जानकर था तो बच्चे बच्चियां को पढ़ाता था और साथ में मस्जिद में नमाज पढ़ाता था, मदरसे में कुछ एक 16 साल की लड़की कुरान पढ़ने आती थी तो उस नकली मौलवी की गलत निगाह उस नाबालिक लड़की पे गई।

उस नकली मौलवी ने काला जादू कर-के उसने बालिक लड़की को अपना हवस का शिकार बना लिया, फिर वो नकली मौलवी 2 साल तक वहीं रहा और उस लड़की को हवस का शिकार बना ता गया, फिर एक दिन लड़की के मां बाप ने अपनी लड़की का रिश्ता कही और देखा क्योंकि लड़की की उम्र 18 साल की हो गई थी तो मां बाप ने उसका रिश्ता करदिया और सादी की तारीख निकाली, कार्ड छपवाए रिस्तेदारो में दे दिए, अब लड़की की सादी के 5 दिन बाकी थे उस नकली जूठे फरेबी मौलवी ने फिर से काला जादू टोना करके लड़की को भगाने का प्लान, और वो उस लड़की को लेके भाग गया फिर लड़की से सादी करली, कोर्ट मैरेज रजिस्टर किया, अब कहानी में ट्विस्ट आयेगा, लड़की की उम्र 18, नकली मौलवी की उम्र 38, यानी लड़की उस से आधी उम्र की ओर उस नकली, उस नकली मौलवी के साथ कुरान पाक पढ़ने आती थी।

उस नकली मौलवी ने लड़की को भगा कर शादी करली अब मां बाप की इज्जत मिट्टी मे मिल गई, अब उस नकली मौलवी ने मैरेज रजिस्टर कारलिया तो मां बाप कुछ नहीं कर सकते, और मां बाप बोहत गरीब परिवार से है मजदूरी करके अपना गुजारा चलाते हैं, पर गरीब जरुर है इज्जत तो सबकी होती है, वो परिवार लाचार था तो उन्होंने कुछ नई किया, अब इस बात को 1 साल गुजर गया फिर मां बाप ने जूठे नकली मौलवी दामाद और बेटी को अपना लिया, फिर से उस जूठे नकली मौलवी का उनके गर आना जाना हुआ, अब बात यहां खतम नही हुई कहानी में एक और ट्विस्ट आया, उस जूठे नकली मौलवी की नजर उसकी बीवी की छूटी बहन उम्र 16 साल की होगी उसपे गलत निगाह गई, रिश्ते में वो जूठे नकली मौलवी की साली होती है, उसे भी अपना हवस का शिकार बनाना चाहा, वहा भी उसने अपना काला जादू इस्तेमाल किया फिर फैल हो गया।

उसने कोशिश तो बहुत की उसे अपने जाल में फसाने की पर नाकामयाब रहा, वो मासूम नाबालिक लड़की उसके हवस का शिकार ना बनी, बल्कि उसने हिम्मत कर-के उस जूठे नकली मौलवी का परदा फांस कर डाला सारा काला कारनामा बाहर कर दिया, उस मासूम सी नाबालिक जो रिश्ते में उसकी साली लगती है उसको धमकी देता था और ब्लैक मेल करता था, में तेरा निकाह कही और होने नही दूंगा, पर जाबाज साली उससे बिल्कुल भी न गभराई, क्योंकि वो मासूम सी नाबालिक लड़की सच्ची थी, ईमानदार थी इज्जत वाली थी, गरीब जरुर थी पर बिकाऊ नहीं थी, अपनी इज्जत को खुद सभाला ओर उस हरामि नकली मौलवी का सारा काला चिट्ठा सबके सामने आया।

इस छोटे से वीडियो के जरिए खोल डाला ऐसी हिम्मत वान लड़की को सलाम है, मेरा भारत महान, उस नकली मौलवी को पूरी दुनिया के सामने बे नकाब कर डाला, जीत हमेशा सच्चाई की होती है, उसने बिना डरे इस नकली जूठे फरेबी बलात्कारी मौलवी का काला चिट्ठा सबके सामने ला दिया, ऐसी जाबाज लड़की को हमारे देश को गर्व है, अब ऐसे जूठे बलात्कारी मौलवी क्या सजा दी जाए, इतना सब कुछ होने देखने के बावजूद भी लोग उस जूठे फरेबी बलात्कारी मौलवी को पनाह देते है और कुछ लोग उसे अपने साथ बिठा कर उसे सपोर्ट करते है, आप आपही बताओ इसके साथ क्या किया जाए।

## संपादकीय

# मोदी-जिनपिंग का शिष्टाचार

जी-20 सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों से मुलाकात की, बातचीत की, द्विपक्षीय संवाद भी हुआ, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा और सवाल चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मुलाकात पर उठाए जा रहे हैं। मुलाकात मात्र एक मिनट की थी। भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने उसे 'शिष्टाचार मुलाकात' कहा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी उस समय वहीं मौजूद थे। फिर भी सियासत इतनी कुंठित और बौनी है कि सवाल किए जा रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'लाल आंखें' क्यों नहीं दिखाईं? शी के साथ शिष्टाचार का ट्वीट क्यों नहीं किया गया? क्या मोदी ने शी को कोई नई पेशकश की है? क्या बचकाना सवाल हैं। प्रधानमंत्री मोदी की धुर विरोधी यह जमात राजनय की भाषा और मुद्राएं भी नहीं समझती। 1965 और 1971 के युद्धों के बाद भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्रियों-लाल बहादुर शास्त्री और इंदिरा गांधी-ने पाकिस्तान के मार्शल लॉ प्रशासक अयूब खां और वजीर-ए-आजम जुल्फिकार अली भुट्टो के साथ संवाद किया था। शिमला समझौता तक किया गया था। यही कूटनीतिक और अंतरराष्ट्रीय शिष्टाचार का व्यवहार है।

जी-20 के दौरान इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने रात्रि-भोज का आयोजन कराया था, तो सभी देशों के शीर्ष नेताओं की आपसी मुलाकात स्वाभाविक थी। बहरहाल प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की जिस तरह मुलाकात हुई, आंखें मिलने और हाथ मिलाने में मात्र एक मिनट लगा, तो उसकी भी राजनीतिक व्याख्याएं क्यों की जाएं? राजनय शिष्टाचार के साथ 'लाल आंखें' नहीं दिखाई जा सकतीं, बेशक गलवान घाटी की हिंसक झड़प हुई हो अथवा अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर चीन ने गांव बसा लिया हो या भारत की हजारों वर्ग किलोमीटर जमीन पर चीन का 'अतिक्रमणकारी' कब्जा हो ! कांग्रेस ने तो गलवान हिंसा में शहीद हुए 20 भारतीय सैनिकों के नाम भी ट्विटर पर छाप दिए। यह खुलासा क्यों नहीं किया कि चीन से 'राजीव गांधी फाउंडेशन' को कितना चंदा मिला है? चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से कांग्रेस ने क्या करार किया था? कांग्रेस अक्सर देश-विरोधी स्वर में ही बोलती है, क्योंकि यही उसकी सियासी कुंठा है। अंततः ह्यलाल आंखें दिखाने' और 'गला काटने' का काम सेना का है। लद्दाख में एक लंबे वक्त से भारत और चीन के सैनिक आमने-सामने तैनात हैं। टकरावपूर्ण तनाव भी है। अवैध निर्माण भी किए गए हैं। हालात 'युद्धमय' लगते हैं, हालांकि अभी तक युद्ध की नौबत नहीं आई है। उसके बावजूद दोनों पक्षों के सैन्य चेहरों ने 19 बार आपसी संवाद भी किया है। बर्फ पिघलती भी दिखाई दी है, लिहाजा मोदी और शी की शिष्टाचार मुलाकात पर कट्टरपंथी और जंगी रवैया अपनाना या उस आशय की राजनीति करना बेवकूफी है। देशहित में नहीं है। जी-20 सम्मेलन के दौरान रूस-यूक्रेन युद्ध का मुद्दा भी उभरा, लेकिन संगठन विभाजित रहा। पश्चिमी देश युद्ध को लेकर रूस की घोर निंदा का सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कराना चाहते थे और रूस के खिलाफ पाबंदियों को ज्यादा व्यापक और सख्त करने के पक्षधर थे, लेकिन भारत और चीन के कारण ऐसा नहीं किया जा सका। रूस भी जी-20 का सदस्य है, लेकिन रूस के राष्ट्रपति पुतिन नहीं आए थे। उन्होंने अपने विदेश मंत्री लावरोव को भेजा था। भारत और चीन दोनों ही देश रूस के 'पक्के दोस्त' हैं, लिहाजा उन्होंने विमर्श को अलग दिशा दी।

# श्रद्धा-आफताब पर कुछ चुभते सामाजिक सवाल

भारतीय विवाह संस्था पर प्रश्न उठाना बहुत सामान्य चलन है इन दिनों, निश्चित ही पीड़ित दाम्पत्य से अच्छा है विलग हो जाना, किंतु कुछ के बुरे अनुभव पूरे समाज का सच नहीं है। भारतीय मूल्यों में विवाह कोई कॉन्ट्रैक्ट नहीं है, वह बंधन है, बंधन है कर्तव्यों की पूर्ति का, सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन का, उसे बंधन कहा ही इसलिए गया है कि वहां नर और मादा के रुप में आप केवल अपनी दैहिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए नहीं जुड़ते हैं, अपितु संसार की दो महत्वपूर्ण इकाइयां स्त्री पुरुष के रुप में परिवार समाज के दायित्व की पूर्ति की अपेक्षा भी आपसे होती है। इसलिए बच्चों को फिल्मी प्रेम और विवाह की परिभाषा से इतर प्रारंभ से यह सिखाया जाना चाहिए कि विवाह मौजमस्ती और मनमानी करने का खिलौना नहीं है, यह एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसको दोनों को मिलकर निभाना है, जो बच्चे इस जिम्मेदारी को निभा सकें वे ही इसमें प्रवेश करें अन्यथा अकेले रहने का विकल्प भी चुना जा सकता है, विवाह में जबरन ढकेले जाने और संबंध विच्छेद की पीड़ा से बेहतर है बच्चे अकेले रहे, इसकी सामाजिक स्वीकार्यता होनी चाहिए।

-गरिमा संजय दुबे-



पिछले कुछ दिनों की घटना ने एक बार फिर सोचने पर मजबूर कर दिया है कि हम कैसा समाज बना रहे हैं। आधुनिकता की भ्रमित परिभाषाओं का शिकार हो युवा पीढ़ी पतन के गर्त में जा रही है। और युवा ही क्यों आधुनिकता की इस परिभाषा का शिकार अधेड़ भी हो रहे हैं, नतीजा अनैतिक संबंध, बिखरते परिवार, नशे और यौनिक अपराधों में लिप्त एक परिदृश्य। हर दिन कुछ झकझोरने वाली खबरें, इन्दौर में लड़कियों द्वारा किया गया उत्पात हो, या श्रद्धा वाकर की हत्या, बच्चियों के साथ होने वाले दुष्कर्म, सब भयावह हैं। नीला जहर जो सर्वसुलभ है, ओटीटी पर विभत्स हिंसा और यौन विकृतियों को आधुनिकता के नाम पर हर दिन परोसा जा रहा है, फोन और सब्सक्रिप्शन सबके पास है, किसी के पास ठहरकर देखने की फुर्सत नहीं कि उसका बच्चा या परिवार का सदस्य किस तरह का मानसिक भोजन ग्रहण कर रहा है।

**परिवार अब बचे कहां जो चिंता करें**

उस पर हर संस्कार, मयार्दा, परिवार समाज के हर नियम को हर ढांचे को शोषण का आधार बताती बौद्धिकी, स्वतंत्रता के नाम पर केवल स्वच्छंदता सिखाता साहित्य और सिनेमा, किसी भी माध्यम से अपनी इच्छाओं को पूरा कर लेने को उकसाता एक पूरा तंत्र खड़ा किया गया है जिसमें सौम्यता, सरलता, सहजता, संस्कार को पिछड़ा बताने के पूरे सामान मौजूद हैं, ध्यान दीजिए ऐसा लिखने वाले और दिखाने वाले अपने परिवार में खुश हैं, अपने बच्चों का विवाह करते हैं उनके लिए लिव इन या उन्मुक्त विकृत यौन संबंधों का विकल्प नहीं देते, किंतु अपनी लेखनी और सिनेमा में ऐसी आधुनिकता की पैरवी करते हैं, प्रश्न अवश्य पूछिए उनसे कि जो आधुनिकता दिखाई या पढ़ाई जा रही है क्या वे उसी आधुनिकता को अपनाएंगे, यदि नहीं तो वे समाज में एक खतरनाक जहर फैलाने के अपराधी हैं। हर नकारात्मकता का आधुनिकता के नाम पर महिमामंडन किया जा रहा है।

**इस जहर से बचने के रास्ते हमें ही ढूंढने होंगें**

भारतीय विवाह संस्था पर प्रश्न उठाना बहुत सामान्य चलन है इन दिनों, निश्चित ही पीड़ित दाम्पत्य से अच्छा है विलग हो जाना, किंतु कुछ के बुरे अनुभव पूरे समाज का सच नहीं है। भारतीय मूल्यों में विवाह कोई कॉन्ट्रैक्ट नहीं है, वह बंधन है, बंधन है कर्तव्यों की पूर्ति का, सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन का, उसे बंधन कहा ही इसलिए गया है कि वहां नर और मादा के रुप में आप केवल अपनी दैहिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए नहीं जुड़ते हैं, अपितु संसार की दो महत्वपूर्ण इकाइयों स्त्री पुरुष के रुप में परिवार समाज के दायित्व की पूर्ति की अपेक्षा भी आपसे होती है। इसलिए बच्चों को फिल्मी प्रेम और विवाह की परिभाषा से इतर प्रारंभ से यह सिखाया जाना चाहिए कि विवाह मौजमस्ती और मनमानी करने का खिलौना नहीं है, यह एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसको दोनों को मिलकर निभाना है, जो बच्चे इस जिम्मेदारी को निभा सकें वे ही इसमें प्रवेश करें अन्यथा अकेले रहने का विकल्प भी चुना जा सकता है, विवाह में जबरन ढकेले जाने और संबंध विच्छेद की पीड़ा से बेहतर है बच्चे अकेले रहे, इसकी सामाजिक स्वीकार्यता होनी चाहिए।

स्त्री पुरुष का गठ बंधन दोनों के कर्म क्षेत्र को ध्यान रख कर किया गया है, दाम्पत्य एक बहुत सुंदर व्यवस्था है जहां जीवन का हर रस है, कभी जिम्मेदारियों का बोझ है तो उनकी पूर्ति का संतोष भी। हां दहेज, हिंसा, अपमान जैसी विकृति होने पर कानून का सहारा लेना या उससे अलग होना कतई गलत नहीं है किंतु केवल जिम्मेदारियों से भागकर, व्यक्तिगत स्वतन्त्रता के नाम पर, अहंकार और जिद में परिवारों को तोड़ा जाना दुखद है।

विकृतियों किस व्यवस्था में नहीं होती हमारी वैवाहिक सामाजिक पारिवारिक ताने बाने में भी थीं, हैं भी, किंतु उन्हें दूर करने की कोशिशें भी हुई हैं, और बहुत कुछ बदला भी है। और क्या हर व्यक्ति विवाह और परिवार में शोषित पीड़ित ही है। कोई सुखी नहीं है, सफल स्त्रियों के पीछे पुरुषों के सहयोग का दृश्य क्या आपको नजर नहीं आता, क्या स्त्री की सफलता में परिवार का योगदान, सहयोग आपको दिखाई नहीं देता, अगर नहीं दिखाई देता तो यह दृष्टि दोष है या आपने अपने पूर्वाग्रहों का चश्मा चढ़ा रखा है जिसमें कुछ पीड़ित अनुभाव ही दिखाई देते हैं। उन पीड़ित अनुभवों को भी यदि आप समग्रता से देखेंगे तो पाएंगें वह केवल एक अध्याय है, कभी पीड़ा भी हुई कभी सुख भी मिला, कभी उल्लास भी था कभी उदासी भी, कभी उपलब्धियां भी थीं, प्रेम भी था वात्सलय भी था, झगड़ा भी था, नोक झोंक भी, किंतु आपने किसी के जीवन की किताब से केवल दुःख वाला पन्ना पढ़कर यह सोच लिया कि पूरा जीवन ही दुखद था और उसी अनुभव की कसौटी पर समाज परिवार के हर रिश्ते नाते कसे तो यह बहुत नकारात्मक दृष्टी होगी, किसी के भी जीवन को समग्रता से देखने पर हर भाव का मिश्रण दिखाई देता है, इसलिए विवाह परिवार जैसी संस्था को नकारना हानिकारक है।

सर्वे करके देखिए तमाम बुराइयों के बावजूद जिनका पारिवारिक जीवन सुखी है वे अधिक संतोषी, सुखी व सफल हैं, उन्होने अन्याय को सहा नहीं प्रतिकार किया किंतु परिवार तोड़ा नहीं, वहीं हल ढूंढे जहां समस्या थी। भारतीय समाज न तो लिव इन के लिए तैयार है, न उन्मुक्त यौन आचरण के लिए क्योंकि थोड़ी ही सही लेकिन परवरिश में दैहिक शुचिता का मन से संबध जुड़ा है, पश्चिम की तरह दैहिक संबध केवल देह पर घटकर समाप्त नहीं होते, हम उसमें प्रेम ढूंढने लगते हैं, प्रेम के साथ बंधन, अपेक्षाएं स्वतः आ जाती हैं, फिर वह अपने आप विवाह तक चला जाता है, और यदि वह विवाह तक न पहुंचे तो भी अवसाद विषाद पैदा करेगा, विवाह तक पहुंचे तो भी जिम्मेदारियों के बोझ में झटपटाएगा, और बिना किसी आधार का संबंध आपके मन में अपराध बोध बनकर आपको विक्षिप्त कर देगा।

एक सहज सर्वे कीजिए उन्मुक्त आचरण करने वाले क्या सुखी हैं, क्या उन्होने वह पा लिया जो वे चाहते थे, मेरा अपना व्यक्तिगत अनुभव है ऐसे लोगों में एक अजीब सी असामान्यता, अजीब सा विचलन, अजीब सी मानसिक उलझन, अजीब सा व्यवहार मैंने देखा है, वे अस्थिर हैं, उन्हें नहीं पता होता वे कहां उलझे हैं, बात करने वाले को समझ आ जाता है, स्वाभाविक सी बात है जब आप कुछ भी अस्वाभाविक असामान्य करते हैं, जिसे सामाजिक मान्यता प्राप्त नहीं है, (सामाजिक मान्यता किसे मिले किसे नहीं यह एक अलग विषय है) तो भीतर से आत्मा कचोटती है, धिक्कारती है, क्योंकि हैं तो आप भारतीय ही ना, तमाम कोशिशों के बावजूद वह जीवन मूल्य आपके डीनए का हिस्सा हैं जिन्हें आप लगातार नकारते हैं और एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है (इफ यू रेसिस, इट विल परसिस्ट) जितना नकारेंगे उतनी तीव्रता से आपको वे परेशान करते हैं। आप भ्रमित हैं, जानते ही नहीं चाहते क्या हैं, क्या दैहिक स्वतन्त्रता से सुख मिल गया, क्या सभी नियमों से परे हो वो पा लिया जिसकी इच्छा थी।

फिर कहती हूं आधुनिकता के नाम पर स्त्रियां अधिक छली जा रहीं हैं, जिसे वे स्वतन्त्रता समझ रही हैं प्रकारांतर से वे उनके और भी भयानक शोषण का षडयंत्र है। नियम, बंधन, संतुलन को कुछ दोस्त बुरा कहते हैं, ध्येय ही यह कि हर घोषित नियम से विपरीत आचरण करना है, वे यह नहीं जानते या मानना नहीं चाहते कि प्रकृति में सबके लिए नियम, बंधन, संतुलन, अनुशासन है, प्रकृति का हर अवयव अपनी सीमा में प्रकृति के संतुलन को बनाए रखता है, यह मनुष्य ही है जो किसी नियम को मानना नहीं चाहता। निश्चित रूप से गलत परंपराओं, कुरीतियों, हिंसा का, मनुष्य को उसकी गरिमा से विलग करने वाले किसी भी नियम का विरोध हो, किंतु एक ज़िद के तहत हर नियम, हर व्यवस्था का विरोध तो मूर्खता ही कही जाएगी।

(आलेख में व्य,क्त् विचार लेखक के निजी अनुभव हैं, वेब वार्ता का आलेख में व्यनक्ता विचारों से सरोकार नहीं है।)

# भारतीय रेल के समक्ष समस्याओं का अंबार

-तनवीर जाफरी-

भारतीय रेल नेटवर्क विश्व के पांच सबसे बड़े रेल नेटवर्क में चौथे नंबर पर गिना जाता है। अमेरिका, चीन और रूस के बाद भारतीय रेल नेटवर्क का स्थान है जबकि पांचवें स्थान कनाडा रेल व्यवस्था का है। इन देशों की ही तरह भारतीय रेल व्यवस्था भी आधुनिकीकरण, विकास व बदलाव के मार्ग पर पर तेज रफ़्तार से दौड़ रही है। नई नई तीव्रगामी रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। यहाँ तक कि सबसे तेज रफ़्तार समझी जाने वाली बुलेट ट्रेन (हाई स्पीड) रेल परियोजना पर भी काम चल रहा है। भारतीय रेल पूरे देश के मीटर गेज नेटवर्क को ब्रॉडगेज में बदलने और ब्रॉड गेज नेटवर्क के शत प्रतिशत विद्युतीकरण के क्षेत्र में भी बहुत तेजी से काम कर रहा है। रेलवे मंत्रालय की मानें तो अब तक 82 प्रतिशत रेल मार्ग के विद्दयुतीकरण का काम पूरा भी हो लिया है। निश्चित रूप से रेल के विद्युतीकृत होने से जहाँ पर्यावरण को लाभ होगा वहीं डीजल पर निर्भरता भी कम होगी। साथ साथ रेल की शक्ति व गति में भी इजाफा होगा। रेलवे लाइंस को फाटक रहित बनाने की दिशा में भी बहुत तेजी से काम हुआ है। देश भर में हजारों अंडर पास बनाये जा चुके हैं और बनाये जा रहे हैं। मुसाफिरों के बढ़ती संख्या के चलते ट्रेन्स की बढ़ती लंबाई के मद्देनजर सैकड़ों स्टेशन के प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाई जा रही है। यात्री रेल नेटवर्क के अतिरिक्त डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) हजारों करोड़ की लागत से मालगाड़ियों के लिए समर्पित एक रेल गलियारा निर्माण की महत्वकांक्षी परियोजना पर भी तेजी से काम कर रहा है। हालांकि गत दिनों भारतीय रेल ने ह्यअनिवार्यताह्न होने पर इस विशेष ट्रैक पर अपनी यात्री गाड़ियाँ यदि चलाने की अनुमति तो जरूर ले ली है परन्तु मुख्यतः इस पर केवल मालगाड़ियों का ही संचालन किया जाएगा।



परन्तु जहां भारतीय रेल आधुनिकीकरण, विकास तथा विस्तार के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है वहीं भारतीय रेल अनेक प्रकार की समस्याओं से भी जूझ रहा है। ट्रेन व यात्रियों की सुरक्षा रेल व्यवस्था से जुड़ी सबसे बड़ी समस्या है। इस समय देश में चार अलग अलग मार्ग पर चार वंदे भारत ट्रेनें दौड़ रही हैं। 200 किलोमीटर प्रति घंटा दौड़ने की क्षमता रखने वाली वंदे भारत की अधिकतम गति सीमा 130 किमी प्रति घंटा निर्धारित की गयी है। रेलवे की योजना अनुसार अमृत महोत्सव वर्ष के दौरान शताब्दी से भी आधुनिक व तेज रफ़्तार समझी जाने वाली कुल 75 वंदे भारत ट्रेनें पूरे देश में विभिन्न रेल मार्गों पर चलाई जानी हैं। परन्तु पिछले दिनों मात्र सवा महीने के दौरान वंदे भारत ट्रेन चार हादसों का शिकार हुई। कहीं वंदेभारत गाय से टकराकर क्षतिग्रस्त हुई तो कहीं भैंस के झुण्ड से टकराई। कहीं इससे टकराकर किसी महिला की मौत हो गयी तो कहीं इसके पहिये जाम हो गए। इन दुर्घटनाओं ने जहां रेल ट्रैक की सुरक्षा पर सवाल खड़े किये वहीं वंदे भारत की तकनीकी त्रुटि भी सामने आई। यहाँ यह जानना भी जरूरी है कि यह हादसे चूँकि नवचलित व तीव्र गामी (सेमी हाई स्पीड) ट्रेन वंदे भारत जैसी वी आई पी ट्रेन के साथ हुये इसलिये खबरों की सुर्खियां बने और चर्चा में आये। जैसे राजधानी व शताब्दी ट्रेन्स से जुड़ी कोई खबर सुर्खियां बन जाया करती हैं। अन्यथा कोई दिन ऐसा नहीं होता जबकि दूसरी यात्री या मालगाड़ियों से टकराकर कोई न कोई पशु या इंसान अपनी जान न गंवाता हो। यह तो वैज्ञानिकों की दूर दृष्टि की तारीफ करनी पड़ेगी कि उन्होंने रेल इंजन की डिजाइन इतनी भारी भरकम तथा इसका बंपर इस प्रकार निर्मित किया है कि ट्रेन अपने सामने आने वाली किसी भी चीज को रौंदती या किनारे फेंकती हुई आगे बढ़ जाती है। यहाँ तक कि झारखंड, केरला, तमिलनाडु व असम आदि राज्यों से तो कई बार हाथी के भी ट्रेन से टकराकर मरने की खबरें आ चुकी हैं।

इन हादसों का एकमात्र कारण यही है कि देश का लगभग पूरा रेल मार्ग खुला रेल मार्ग है जिनपर पशुओं से लेकर इंसानों तक का आना जाना या इसे पार करना आसान हो जाता है। इसी वजह से देश में कई बार अपराधियों व शरारती तत्वों द्वारा रेल लाइन पर तोड़ फोड़ की कार्रवाई भी की जाती रही है। अब शायद वन्दे भारत के हादसों के बाद रेल विभाग की नींद खुली है। तभी रेलवे ने ट्रेनों से पशुओं के टकराने की घटना को रोकने के लिये एक मास्टरप्लान तैय्यार किया है। खबरों के अनुसार रेल मंत्रालय ने एक विशेष प्रकार की बाउंड्री वॉल की नई डिजाइन को अनुमति दी है। नई बाउंड्रीवाल अगले 5-6 महीनों में कुछ विशेष रेल मार्गों पर पटरियों के किनारे लगाई जाने का प्रस्ताव है। प्रारंभिक चरण में एक हजार किलोमीटर रेलवे ट्रैक्स पर दोनों तरफ से सुरक्षा दीवार बनाई जाएगी। जिन रेल मार्गों को बाउंड्रीवाल के निर्माण हेतु चिन्हित किया गया है उनमें उत्तर मध्य रेलवे और उत्तर रेलवे के झांसी मंडल (वीरांगना लक्ष्मीबाई-ग्वालियर खंड), प्रयागराज मंडल (पंडित दीन दयाल उपाध्याय-प्रयागराज खंड), मुरादाबाद मंडल (आलम नगर से शाहजहाँपुर), और लखनऊ मंडल (आलम नगर से लखनऊ) शामिल हैं। जाहिर है देश के लगभग 68, 000 किलोमीटर के रेल रुट पर बिछी लगभग 1 लाख बीस हजार किलोमीटर रेल लाइन को चहारदीवारी से घेर पाना यदि असंभव नहीं तो मुश्किल काम जरूर है। परन्तु यदि भारतीय रेल तीव्रगामी और लंबी व सुरक्षित रेल यात्रा देने जा रही है तो रेल व इसके यात्रियों की चक चौबंद सुरक्षा सुनिश्चित करना भी इसकी पहली जिम्मेदारी होनी चाहिये।

हमें चीन, अमेरिका, और रूस जैसे देशों से यह भी सीखना चाहिये कि वहां ट्रेनें सुरक्षित कैसे चलती हैं। क्या हमारे देश की तरह इन देशों में भी आवारा व लावारिस जानवर इसी तरह सड़कों व रेल लाइनों के किनारे घूमते रहते हैं? क्या इन देशों के लोग भी हमारे देश के लोगों की तरह रेल ट्रैक पर शौच करते, रेल ट्रैक को लापरवाही से पार करते, रेल ट्रैक पर तोड़ फोड़ करते, मरे जानवर व दुनिया भर का कबाड़ रेल लाइनों पर फेंकते नजर आते हैं? जो रेल देश की जीवन रेखा हो और रोज लाखों लोगों को उनकी मंजिल तक लाती ले जाती हो उस रेल के प्रति जितनी 'बर्बरता' भारत में बरती जाती है उतनी कहीं नहीं बरती जाती। फाटक विहीन रेल मार्ग देने की दिशा में भी जो काम हो रहा है वह भी ज्यादातर जगहों पर तमाशा साबित हो रहा है। देश के सैकड़ों रेल अंडर पास पानी से भर जाते हैं। इसमें डूबने से भी लोग मर चुके हैं। जबकि अंडर पास में जमा पानी को निकालने का भी डिजाइन किया जाता है। परन्तु बारिश में यह सब व्यवस्था फेल हो जाती है। गत दिनों अंबाला शहर में तो स्थानीय विधायक ने केवल अपना जन्मदिन मनाने के चलते एक ऐसे अंडर पास का उद्घाटन कर दिया जो न तो उस समय खोले जाने लायक था न आज है। बिना बारिश के जमीन से निकल रहा पानी कीचड़ रोका नहीं जा पा रहा तो सोचा जा सकता है कि बारिश में इसका क्या हाल होगा।

भारतीय रेल के सुगम व सुरक्षित सञ्चालन के लिये यह सभी समस्याएं विकराल रूप धारण कर चुकी हैं। इनके अतिरिक्त भी तमाम समस्यायें ऐसे हैं जिन्हें देखकर कहा जा सकता है कि बावजूद इसके कि भारतीय रेल विश्वस्तरीय रेल नेटवर्क की दिशा में आगे तो जरूर बढ़ रहा है परन्तु इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि भारतीय रेल के समक्ष समस्याओं का भी अंबार है।

# बढ़ती आबादी के खतरे भी कम नहीं

-योगेश कुमार गोयल-

यूनाइटेड नेशंस पॉपुलेशन फंड (यूएनएफपीए) के मुताबिक दुनिया की आबादी आठ अरब हो गई है, जिसे सात से आठ अरब होने में केवल 12 वर्ष का समय लगा है। जबकि दुनिया की आबादी को 1 से 2 अरब होने में 100 साल से भी ज्यादा लगे थे। हालांकि दुनिया की आबादी तेजी से बढ़ने को संयुक्त राष्ट्र मानवता की उपलब्धियों के प्रमाण के रूप में देख रहा है और यह सही भी है कि इसमें सबसे बड़ा योगदान शिक्षा तक पहुंच का विस्तार, स्वास्थ्य देखभाल में प्रगति, लैंगिक असमानता में कमी इत्यादि कारकों का है लेकिन भारत जैसे विकासशील देशों के लिए बढ़ती आबादी के खतरे भी कम नहीं हैं।

यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया की आबादी एक अरब बढ़ने में भारत की हिस्सेदारी 17.7 करोड़ और चीन की 7.3 करोड़ रही यानी आबादी के बढ़ते ग्राफ के मामले में भारत चीन से बहुत निकल गया है तथा अगले साल तक भारत की आबादी चीन से भी ज्यादा हो जाएगी यानी भारत दुनिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन जाएगा। विश्व की कुल आबादी में से करीब 18 फीसदी लोग अब भारत में रहते हैं और दुनिया के हर 6 नागरिकों में से एक से ज्यादा भारतीय है। अगर भारत में जनसंख्या की सघनता का स्वरूप देखें तो जहां 1991 में देश में जनसंख्या की सघनता 77 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर थी, 1991 में बढ़कर वह 267 और 2011 में 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हो गई।

भारत में बढ़ती आबादी के बढ़ते खतरों को इसी से बखूबी समझा जा सकता है कि दुनिया की कुल आबादी का करीब छठा हिस्सा विश्व के महज ढाई फीसदी भूभाग पर रहने को अभिशप्त है। जाहिर है कि किसी भी देश की जनसंख्या तेज गति से बढ़ेगी तो वहां उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव भी उसी के अनुरूप बढ़ता जाएगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो आज दुनियाभर में करीब एक अरब लोग भुखमरी के शिकार हैं और अगर वैश्विक आबादी बढ़ती रही तो भुखमरी की समस्या बहुत बड़ी वैश्विक समस्या बन जाएगी, जिससे निपटना इतना आसान नहीं होगा। बढ़ती आबादी के कारण ही दुनियाभर में तेल, प्राकृतिक गैसों, कोयला इत्यादि ऊर्जा के संसाधनों पर दबाव अत्यधिक बढ़ गया है, जो भविष्य के लिए बड़े खतरे का संकेत है। जिस अनुपात में भारत में आबादी बढ़ रही है, उस अनुपात में उसके लिए भोजन, पानी, स्वास्थ्य, चिकित्सा इत्यादि सुविधाओं की व्यवस्था करना किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं है।

इस समय चीन की आबादी दुनिया में सर्वाधिक 1.426 अरब है और उसके बाद भारत की आबादी 1.412 अरब है। संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि 2050 तक भारत की आबादी 1.668 अरब हो जाएगी जबकि चीन की आबादी उस समय 1.317 अरब रहने का अनुमान है। हालांकि हम इस बात पर थोड़ा संतोष व्यक्त कर सकते हैं कि जनसंख्या वृद्धि दर के वर्तमान आंकड़ों की देश की आजादी के बाद के शुरूआती दो दशकों से तुलना करें तो 1970 के दशक से जनसंख्या वृद्धि दर में निरन्तर गिरावट दर्ज की गई है लेकिन यह गिरावट दर काफी धीमी रही है। आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक भारत में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या वृद्धि की गति धीमी हुई है। वर्ष 1971-81 के मध्य वार्षिक वृद्धि दर 2.5 प्रतिशत थी, जो 2011-16 में घटकर 1.3 प्रतिशत रह गई। जनसंख्या वृद्धि की रफ्तार को नियंत्रित रखने के लिए औसत प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए और कुछ समय पूर्व राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला था कि देश में यह दर 2.2 से घटकर 2 हो गई है तथा राहत की बात यह भी है कि मुस्लिम समुदाय में भी औसत प्रजनन दर तेज गिरावट के साथ 2.36 हो गई है।

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार
प्रातः 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

**एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें**

# दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

## अब हर 12 से 18 महीनों में वह अपने जीडीपी में 1000 अरब डॉलर जोड़ेगा

### एक कार्यक्रम में बोले गौतम अडाणी

**मुंबई।** एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति गौतम अडाणी ने शनिवार को कहा कि भारत को 1000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में 58 वर्ष का वक्त लगा, लेकिन अब हर 12 से 18 महीनों में वह अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 1000 अरब डॉलर जोड़ेगा और 2050 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

अडाणी ने लेखाकारों की 21वीं विश्व कांग्रेस में कहा कि एक के बाद एक आए वैश्विक संकटों ने कई धारणाओं को चुनौती दी है- मसलन चीन को पश्चिमी लोकतांत्रिक सिद्धांतों को अपनाना चाहिए, धर्मनिरपेक्ष सिद्धांत सार्वभौमिक हैं, यूरोपीय संघ एकजुट रहेगा और रूस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कमतर भूमिका को स्वीकार करने



के लिए मजबूर होगा। उन्होंने कहा कि इस बहुस्तरीय संकट ने ऐसी महाशक्तियों की एकध्रुवीय या द्विध्रुवीय दुनिया के मिथक को तोड़ दिया है जो वैश्विक वातावरण में कदम रख सकती है और इन्हें स्थिर कर सकती हैं। उन्होंने कहा इस बहुस्तरीय संकट ने महाशक्तियों की एकध्रुवीय या द्विध्रुवीय दुनिया के मिथक को तोड़ दिया है जो वैश्विक वातावरण में कदम रख सकती है और स्थिर कर सकती है।

### महाशक्ति को एक फलता-फूलता लोकतंत्र भी होना चाहिए

अडाणी ने कहा कि एक महाशक्ति को एक फलता-फूलता लोकतंत्र भी होना चाहिए लेकिन इस बात पर भी विश्वास करना चाहिए कि लोकतंत्र की कोई एक समान शैली नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था की नींव प्रासंगिक हो सकती है और बहुमत वाली सरकार ने देश को राजनीतिक और प्रशासनिक व्यवस्था में कई संरचनात्मक सुधार शुरू करने की क्षमता दी है। अडाणी ने आगे कहा, जीडीपी को पहली बार हजार अरब डॉलर तक पहुंचने में 58 साल लगे, अगले एक हजार अरब तक पहुंचने में 12 साल और तीसरे हजार अरब डॉलर तक पहुंचने में सिर्फ पांच साल लगे। उन्होंने कहा, मेरा अनुमान है कि अगले दशक के भीतर भारत हर 12 से 18 महीनों में अपने जीडीपी में हजार अरब डॉलर जोड़ना शुरू कर देगा, जिससे हम 2050 तक 30 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के राह पर आ जाएंगे और शेयर बाजार पूंजीकरण संभवत: 45,000 अरब डॉलर से अधिक हो जाएगा। भारत वर्तमान में 3500 अरब डॉलर की जीपीडी के साथ दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

# बाजार में बिकने वाले खाद्य पदार्थों का होगा मानकीकरण

### एफएसएसएआई की तैयारी, उद्योग कर रहा विरोध



**नई दिल्ली ।** अभी आप किसी खास हलवाई की समोसे, जलेबी, खस्ता कचौड़ी का खूब लुत्फ उठाते होंगे। आने वाले दिनों में आप ऐसा शायद ही कर पाएं। क्योंकि बाजार में बिकने वाले सभी तरह के मिठाई और नमकीन जैसे खाद्य पदार्थों का मानकीकरण किया जा रहा है। इनकी स्टार रेटिंग की जाएगी। तब सभी हलवाई की वस्तुओं का एक ही स्वाद होगा।

मतलब कि किसी हलवाई का कोई स्पलेशलाइजेशन नहीं रहेगा। इसलिए मिठाई नमकीन बनाने वालों की संस्था फेडरेशन ऑफ स्टीट्स एंड नमकीन मैन्यूफैक्चरर्स इसका विरोध कर रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत काम करने वाला संगठन एफएसएसएआई ने बीते 13 सितंबर को एक ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया था। इसमें मिठाई और नमकीन जैसे खाद्य पदार्थों में ज्यादा फैट, ज्यादा नमक और ज्यादा सुगर को नियंत्रित करने के लिए प्रोडक्ट के मानकीकरण का सुझाव है। इसके साथ ही खाने-पीने की वस्तुओं के सामने वाले हिस्से में न्यूट्रिशनल लेबलिंग भी करने की योजना है। इसके तहत इन खाने पीने की वस्तुओं को स्टार दिए जाएंगे। ताकि लोग पैक देख कर ही समझ लें कि यह खाना सेहत के लिए ठीक है या नहीं। देश भर के मिठाई और नमकीन बनाने वाले इस फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथारटी ऑफ इंडिया एफएसएसएआई के इस ड्राफ्ट नोटिफिकेशन का विरोध कर रहे हैं। इनका कहना है कि अभी किसी हलवाई की मिठाई हो या समोसा हो या छोले-भठूरे इसलिए फेमस होता है क्योंकि उसकी रेसिपी कुछ अनूठी होती है। जब सारे प्रोडक्ट का मानकीकरण हो जाएगा तो सभी हलवाई को इसे मानना होगा। तब समोसे में नापतौल कर ही नमक, तेल और मसाले डालने होंगे। सभी में ये सामग्री समान होगी। तब सदर या चौक की किसी फेमस हलवाई की क्या स्पेशयलिटी रह जाएगी।

# गेमिंग उद्योग में अगल साल मिलेंगे एक लाख रोजगार

## चालू वित्त वर्ष में 30 फीसदी तक बढ़ोतरी की उम्मीद

**नई दिल्ली ।** भारत के गेमिंग उद्योग में 20-30 फीसदी बढ़ोतरी की उम्मीद है। खास बात है कि चालू वित्त वर्ष यानी 2022-23 खत्म होने तक उद्योग में एक लाख नए रोजगार पैदा हो सकते हैं। इनमें प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष दोनों तरह के रोजगार शामिल हैं। वहीं, वर्ष 2026 तक उद्योग में 2.5 लाख नए रोजगार पैदा होंगे। टीमलीज डिजिटल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वर्तमान में देश का गेमिंग उद्योग करीब 50000 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार देता है। इनमें 30 फीसदी प्रोग्रामर और डेवलपर्स शामिल हैं। प्रोग्रामिंग गेम डेवलपर्स,



यूनिटी डेवलपर्स, टेस्टिंग गेम टेस्ट इंजीनियरिंग, गुणवत्ता, क्यू, लीड, एनिमेशन, डिजाइन मोशन ग्राफिक डिजाइनर, वर्चुअल रियलिटी डिजाइनर्स, कलाकार वीएफएक्स, कॉन्सेप्ट आर्टिस्ट व अन्य भूमिकाएं कंटेंट लेखक गेमिंग पत्रकार में रोजगार उपलब्ध होंगे। 2026 तक गेमिंग उद्योग बढ़कर 38097 करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। 48 करोड़ गेमर्स के साथ चीन के बाद भारत दूसरा बड़ा गेमिंग उद्योग है। राजस्व के लिहाज से भारत दुनिया का छठा सबसे बड़ा बाजार है। वैश्विक स्तर पर इसका बाजार 17.25 लाख करोड़ रुपए का है। 2022-23 तक उद्योग 780 करोड़ रुपए का एफडीआई जुटा सकता है। भारत का गेमिंग उद्योग 2027 तक 3.3 गुना बढ़कर 8.6 अरब डॉलर पहुंच सकता है। वर्तमान में यह 2.6 अरब डॉलर का है। इसकी मौजूदा वृद्धि दर 27 फीसदी है। 2021-22 में देश में 50.7 करोड़ गेमर्स थे। इनमें से 12 करोड़ गेमर्स ऐसे हैं, जो गेम के लिए पैसे का भुगतान करते हैं। 2025 तक देश में गेमर्स की संख्या 70 करोड़ पहुंच जाएगी।

# सरकार ने इस्पात, लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क देने से दी राहत, नहीं करना होगा कोई भुगतान : सीतारमण

**नईदिल्ली।** केंद्र सरकार ने इस्पात उत्पादों और लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क में कटौती की है जो शनिवार से प्रभाव में आएगी। यह शुल्क छह महीने पहले ही लगाया गया था।

वित्त मंत्रालय ने इस बाबत शुक्रवार देर रात को अधिसूचना जारी की। इसमें बताया गया कि निर्दिष्ट पिग आयरन और इस्पात उत्पादों, लौह अयस्क छर्रों के निर्यात पर अब कोई शुल्क नहीं लगेगा। इसके अलावा कम लोहे वाले लौह अयस्क लम्प्स और फाइन्स (जिनमें लौह 58 फीसदी से कम है) पर भी निर्यात शुल्क शून्य किया गया है। वहीं, 58 प्रतिशत से अधिक लौह वाले लौह अयस्क लम्प्स और फाइन्स पर अब निर्यात शुल्क 30 प्रतिशत कर दिया गया है। सरकार की अधिसूचना के मुताबिक, इस्पात उद्योग में कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले एन्थ्रेसाइट/पीसीआई, कोकिंग कोल और फेरोनिकेल पर आयात शुल्क बढ़ाकर 2.5 फीसदी कर दिया गया है, जबकि कोक और सेमी-कोक जिस पर शुल्क पहले शून्य था, अब इन पर इसे बढ़ाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की वित्त मंत्री निर्मला सीतारण के साथ इस हफ्ते की शुरुआत में मुलाकात हुई थी जिसमें राजस्व सचिव निर्वाचित संजय मल्होत्रा समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए थे। इस बैठक के बाद शुल्क में कटौती का निर्णय लिया गया है। इससे पहले वित्त मंत्रालय ने मई में पिग आयरन और इस्पात उत्पादों पर निर्यात शुल्क 'शून्य' से बढ़ाकर 15फीसदी कर दिया था। इस कदम का उद्देश्य निर्यात को हतोत्साहित करना और दाम नीचे लाने के लिए घरेलू उपलब्धता को बढ़ाना था।



# वैश्विक रुख और मासिक वायदा सौदा निपटान का बाजार पर रहेगा असर



**मुंबई/ एजेंसी।** वैश्विक बाजार के कमजोर रुख से हुई बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह 0.21 प्रतिशत की मामूली गिरावट पर रहे शेयर बाजार पर अगले सप्ताह नवंबर के मासिक वायदा सौदा निपटान, अमेरिकी फेड रिजर्व की होने वाली बैठक, डॉलर, कच्चे तेल की कीमत के रुझान का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 131.56 अंक यानी 0.21 प्रतिशत गिरकर सप्ताहांत पर 61663.48 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 42.05 अंक अर्थात 0.23 प्रतिशत फिसलकर 18307.65 अंक पर आ गया। इसी तरह समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी मुनाफावसूली हुई। इससे मिडकैप 330.28 अंक टूटकर 25134.92 अंक और स्मॉलकैप 234.95 अंक की गिरावट लेकर 28750.11 अंक पर रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, अगले सप्ताह नवंबर का मासिक वायदा सौदा निपटान होना है। इससे पहले बाजार नई दिशा की तलाश करता हुआ दिखेगा। हालांकि, फिलहाल बाजार पर मुनाफावसूली का दबाव बना हुआ है। इसके साथ ही अगले सप्ताह बाजार पर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख का असर भी देखा जा सकेगा।

एफआईआई ने नवंबर में अबतक कुल 136,199.97 करोड़ रुपये की लिवाली जबकि कुल 123,361.03 करोड़ रुपये की बिकवाली की है, जिससे उनका शुद्ध निवेश 12,838.94 करोड़ रुपये रहा। हालांकि यह 11 नवंबर तक के 12,489.74 करोड़ रुपये के शुद्ध निवेश से थोड़ा ही अधिक है। वहीं, इस अवधि में घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की निवेश धारणा कमजोर रही है। उन्होंने बाजार में कुल 79,872.12 करोड़ रुपये का निवेश किया जबकि 83,242.02 करोड़ रुपये निकाल लिए, जिससे वह 3,369.90 करोड़ रुपये के बिकवाल रहे।

इसी तरह वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की 13-14 दिसंबर को होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक से पहले विदेशी बाजारों में कुछ अस्थिरता रह सकती है। साथ ही डॉलर में उतार-चढ़ाव, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड और कच्चे तेल की कीमतें भी अन्य महत्वपूर्ण कारक होंगे जिन पर अगले सप्ताह बाजार की नजर रहेगी।

बीते सप्ताह शेयर बाजार तीन दिन गिरावट और दो दिन तेजी में रहे। सोमवार को वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, यूटिलिटीज, कैपिटल गुड्स और पावर समेत ग्यारह समूहों में हुई बिकवाली शेयर बाजार ने न केवल पिछले दिवस की तूफानी तेजी बल्कि आज की शुरुआती बढ़त भी गंवा दी और गिरावट लेकर बंद हुआ। सेंसेक्स 170.89 अंक टूटकर 61624.15 अंक और निफ्टी 20.55 अंक अर्थात 0.11 प्रतिशत फिसलकर 18329.15 अंक पर आ गया।

वहीं, अमेरिका में महंगाई की रफ्तार धीमी पड़ने और चीन के आर्थिक परिदृश्य में सुधार आने से वैश्विक बाजार में आई तेजी की बदौलत स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, दूरसंचार, ऑटो, बैंकिंग और तेल एवं गैस समेत चौदह समूहों में हुई लिवाली से मंगलवार को सेंसेक्स 248.84 अंक मजबूत होकर 61872.99 अंक और निफ्टी 74.25 अंक चढ़कर 18403.40 अंक पर पहुंच गया।

# पेट्रोल और डीजल के दाम यथावत

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई गिरावट के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दाम रविवार को भी यथावत रहे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 87.62 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.87 प्रतिशत गिरकर 80.11 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी टिकाव रहा। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में पांच महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।



### देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहे

| महानगर | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| दिल्ली | 96.72 | 89.62 |
| मुंबई | 106.31 | 94.27 |
| कोलकाता | 106.03 | 92.76 |
| चेन्नई | 102.63 | 94.24 |

# श्रींगा निर्यात 'ठप' होने से आंध्र प्रदेश के मछली पालक किसान संकट में

**अमरावती/ एजेंसी।** समुद्री उत्पादों का निर्यात लगभग 'ठप' होने से आंध्र प्रदेश के मत्स्य पालक किसान गहरे संकट में घिर गए हैं। आमतौर पर मछली पालकों के लिए यह समय काफी अच्छा रहता है। लेकिन इस साल ऐसी स्थिति नहीं है और उनके उत्पादों का खरीदार नहीं होने की वजह से उनके लिए जीवनयापन का संकट पैदा हो गया है।

सामान्य रूप से नवंबर से लेकर देसंबर के समय समुद्री उत्पादों का निर्यात काफी ऊंचा रहता है क्योंकि क्रिसमस की वजह से इनकी मांग बढ़ जाती है। लेकिन इस साल रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में समुद्री उत्पादों की मांग में गिरावट आई है। अमेरिका, चीन और यूरोप जैसे बाजारों में भारत के समुद्री उत्पादों विशेषरूप से झींगा की काफी मांग रहती है लेकिन युद्ध के कारण पैदा हुए वित्तीय संकट की वजह से इस साल ऐसा नहीं है।

एक और खास बात यह है कि एक छोटा दक्षिणी अमेरिकी देश इक्काडोर भारतीय झींगा के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरा है, जिससे अमेरिकी बाजार में भारत के समुद्री उत्पादों की मांग प्रभावित हुई है। भारतीय



समुद्री उत्पाद निर्यातकों का कहना है कि इक्काडोर में बड़ी मात्रा में झींगा का उत्पादन हो रहा है। उनका दाम भी कम है। ऐसे में वे अमेरिकी बाजार पर 'कब्जा' कर रहे हैं। अपने क्षेत्र पर मंडरा रहे कोविड-19 के खतरे के बीच चीन ने पहली बार भारत से समुद्री उत्पादों के आयात पर कई प्रतिबंध लगाए हैं, जिससे संकट और बढ़ गया है। वहीं, वियतनाम मूल्यवर्धन के जरिये चीनी बाजार में भारतीय हिस्सेदारी पर कब्जा जा रहा है।

एक निर्यातक पी रामचंद्र राजू ने कहा, ''हम मुख्य रूप से कच्चे झींगों का बिना किसी मूल्यवर्धन के निर्यात करते हैं। इसलिए बाजार गंवा रहे हैं।'' राजू ने कहा कि रूस में भारतीय झींगे की अब भी मांग है। लेकिन हम वहां निर्यात करने में असमर्थ हैं क्योंकि हमारा पैसा पहले से ही वहां फंसा हुआ है। रूस के पास पैसा है, लेकिन उसके पास भुगतान के लिए कोई उचित बैंकिंग चैनल नहीं है, इसलिए भुगतान रुका हुआ है।''

# खाद्य तेल, दाल-दलहन और अनाज में मिलाजुला रुख, मीठा सस्ता

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के प्रभाव से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल, दाल-दलहन और अनाज के भाव में मिलाजुला रुख रहा वहीं गुड़ और



चीनी सस्ती रही। तेल तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान 378 रिंगिट उबलकर सप्ताहांत पर 3799 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा सप्ताहांत पर 4.47 सेंट की गिरावट लेकर 72.84 सेंट प्रति पाउंड रह गया। बीते सप्ताह सरसों तेल 220 रुपये, सोया रिफाइंड 148 रुपये, पाम ऑयल 146 रुपये और वनस्पति तेल 74 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि मूंगफली तेल 146 रुपये और सूरजमुखी तेल 148 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। सप्ताहांत पर सरसों तेल 17435 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19780 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 18314 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15385 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 11135 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 13773 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

# विदेशी मुद्रा भंडार 14.72 अरब बढ़कर 544.72 अरब डॉलर पर



**मुंबई/ एजेंसी।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 14.72 अरब डॉलर बढ़कर 544.72 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह 1.09 अरब डॉलर घटकर 529.9 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 11 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 11.8 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 482.53 अरब डॉलर हो गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 2.64 अरब डॉलर की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 39.7 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 16.5 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 17.6 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 11.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.94 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

## एक नजर

### अमेरिका में विमान दुर्घटना में चार लोगों की मौत

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** अमेरिका में स्नोहोमिश काउंटी के हार्वे फील्ड हवाई अड्डे के समीप में एक लघु विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चार लोगों के मरने की रिपोर्टें हैं। स्नोहोमिश काउंटी पुलिस कार्यालय के मुताबिक ने दुर्घटना शुक्रवार को सेसना 208बी विमान के रेंटन से उड़ान भरने के करीब एक घंटे बाद हुआ। घटना में विमान में सवार चारों लोगों की मौत हो गयी। स्नोहोमिश काउंटी मेडिकल परीक्षक पीड़ितों की पहचान कर रहे हैं। दुर्घटना की जांच राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड और संघीय उड्डयन प्रशासन कर रहा है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन वेबसाइट के अनुसार, विमान पर लिखे अंक एन2069बी के अनुसार इसका स्वामित्व अलास्का के कॉपर माउंटेन एविएशन के पास था।

### अमेरिका के कोलोराडो नाइट क्लब में गोलीबारी, 5 की मौत, 18 घायल

**कोलोराडो, एजेंसी।** अमेरिका में बंदूक संस्कृति के चलते असमय मासूमों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। ताजा मामले में कोलोराडो में एक समलैंगिक नाइट क्लब में शनिवार रात हुई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई और 18 घायल हो गए। कोलोराडो स्प्रिंग्स लेफ्टिनेंट पामेला कास्त्रो ने मीडियाकर्मियों को बताया कि इस हमले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। पुलिस को फायरिंग की जानकारी के संबंध में फोन आया था। अधिकारियों ने क्लब के अंदर एक व्यक्ति का पता लगाया जिसे संदिग्ध माना जा रहा था। उसने हमले के मकसद के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और यह कहने से इनकार कर दिया कि शूटिंग में किस तरह के हथियार का इस्तेमाल किया गया था। पुलिस ने क्लब के आसपास के क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है। यह कोलोराडो स्प्रिंग्स के बाहरी इलाके में एक स्ट्रिप मॉल में स्थित है। इससे पहले वर्ष 2016 में एक बंदूकधारी ने फ्लोरिडा के ऑरलैंडो में समलैंगिक नाइट क्लब में 49 लोगों की हत्या कर दी थी।

### अफगानिस्तान में 19 लोगों को कोड़े मारने की सजा दी गई

**काबुल, एजेंसी।** पूर्वोत्तर अफगानिस्तान में व्यभिचार, चोरी और घर से भागने के आरोप में 19 लोगों को कोड़े मारने की सजा दी गई है। उच्चतम न्यायालय के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। यह जानकारी सामने आने के बाद तालिबान के शरिया कानून लागू करने पर अड़े रहने के रुख की पुष्टि हुई है। अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता पर कब्जा के बाद से अफगानिस्तान में कोड़े मारने की सजा दिए जाने की यह पहली आधिकारिक पुष्टि प्रतीत हो रही है। अदालत के एक अधिकारी अब्दुल रहीम राशिद ने कहा कि 11 नवंबर को पूर्वोत्तर ताखर प्रांत के तलोकान शहर में 10 पुरुषों और नौ महिलाओं में से प्रत्येक को 39 कोड़े मारने की सजा दी गई। उन्होंने कहा कि शुक्रवार की नमाज के बाद शहर की मुख्य मस्जिद में बुजुर्गों, विद्वानों और स्थानीय निवासियों की मौजूदगी में यह सजा दी गई। अधिकारी ने कहा कि दोषी ठहराए जाने से पहले इन सभी 19 लोगों के मामलों की सुनवाई दो अदालतों में हुई थी।

### अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से लड़की की मौत

**नार्थ कैरोलीना, एजेंसी।** अमेरिका के एक हॉलिडे परेड में अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से एक लड़की की मौत हो गई है। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

रैले पुलिस विभाग के अनुसार हॉलिडे परेड के दौरान ट्रक ने अपना नियंत्रण खो दिया। इसी दौरान वहां मौजूद एक लड़की की जान चली गई। पुलिस विभाग के मुताबिक ट्रक के चालक लैंडन क्रिस्टोफर ग्लास को गिरफ्तार करके उसके खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने और अन्य अपराधों के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रैले क्रिसमस परेड में शामिल लोगों ने पिकअप ट्रक के चालक को चिल्लाते हुए सुना कि वह वाहन से नियंत्रण खो चुका है और दुर्घटना से पहले उसे रोक नहीं सकता है। तभी ट्रक से एक लड़की टकरा गई, जो वहां परेड में भाग लेने के लिए आई थी।

### तुर्की ने सीरिया, इराक में किये हवाई हमले

**इस्तांबुल, एजेंसी।** तुर्की ने सीरिया और इराक के उत्तरी क्षेत्रों पर हवाई हमले कर उन कुर्द समूहों को निशाना बनाया है, जो पिछले सप्ताह इस्तांबुल में हुए बम विस्फोट के लिए जिम्मेदार ठहराये गये हैं। यह जानकारी तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि लड़ाकू विमानों ने प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी या पीकेके और सीरियन पीपुल्स प्रोटेक्शन यूनिट्स या वाईपीजी के ठिकानों पर हमले किये। बयान के साथ एफ-16 विमान के उड़ान भरने की तस्वीरें और एक ड्रोन से हमले किये जाने की वीडियो फुटेज को भी जारी किया गया। अभी, किसी भी समूह ने इस पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत तुर्की के आत्मरक्षा के अधिकार का हवाला देते हुए शनिवार देर रात 'क्लॉ-स्वॉर्ड' नामक एक अभियान शुरू किया। इसने कहा कि इसके तहत उन क्षेत्रों को लक्षित किया गया, जिनका इस्तेमाल आतंकवादी हमारे देश पर हमले करने के लिए करते हैं।

# ब्रिटेन की यूक्रेन को रूसी ड्रोन से मुकाबले के लिए नया रक्षा पैकेज देने की घोषणा

**कीव, एजेंसी।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक अपने पहले यूक्रेन दौरे पर शनिवार को यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। उन्होंने यूक्रेन के लिए दृढ़ समर्थन जारी रखने का वचन दिया और रूसी ड्रोन को मार गिराने में मदद करने के लिए नया वायु रक्षा पैकेज देने की घोषणा की। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री सुनक ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की। सुनक के आगमन की सूचना से खुश यूक्रेन के लोगों ने उनके स्वागत के लिए आठ महीने से अधिक समय में पहली बार ट्रेन की यात्रा की। इस दौरान लोगों ने उनका फूलों और राष्ट्रीय झंडों से स्वागत किया।



सुनक ने कहा कि ब्रिटेन जानता है कि यह आजादी के लिए लड़ाई है। इसलिए हम हर तरह से यूक्रेन के साथ हैं। ब्रिटेन जल्द ही यूक्रेन को छह करोड़ डॉलर की सैन्य सहायता देगा। इसमें एंटी एयरक्राफ्ट गन और आकाश में ड्रोन को ढूंढ़कर उसे नष्ट करने की तकनीक भी होगी। इससे रूसी मिसाइलों को भी आकाश में नष्ट किया जा सकेगा।

सुनक ने कहा कि यूक्रेन के सुरक्षा बल रूसी सेना को जमीन पर पीछे धकेलने में कामयाब रहे हैं लेकिन आकाश से नागरिकों और उनके हित वाले स्थानों पर हमले जारी हैं। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा, ठंड के मौसम में यूक्रेनी नागरिकों को होने वाली मुश्किलों की भी हमें चिंता हैं। हम उनके लिए मानवीय मदद बढ़ाएंगे।

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सुनक से मुलाकात का वीडियो इंटरनेट मीडिया में पोस्ट किया है। जेलेंस्की ने ब्रिटेन के लगातार समर्थन के लिए आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि आप जैसे मित्रों के सहयोग से यूक्रेन को युद्ध में अपनी जीत का भरोसा है।हम अपनी आजादी को बचाए रखने में कामयाब होंगे। उल्लेखनीय है कि रूस से जारी युद्ध के बीच यूक्रेन को अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिलना जारी है। अलग-अलग देशों के राष्ट्राध्यक्ष यूक्रेन की राजधानी कीव का दौरा कर चुके हैं।

## ट्रंप का ट्विटर अकाउंट बहाल

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ट्विटर अकाउंट शनिवार रात बहाल कर दिया गया। सोशल मीडिया कंपनी के नए मालिक एलन मस्क ने शनिवार सुबह ट्वीट कर ट्रंप के ट्विटर अकाउंट को बहाल किए जाने की योजना के बारे में बताया था। उन्होंने लिखा था, लोगों ने अपनी इच्छा जाहिर की है। ट्रंप का अकाउंट बहाल किया जाएगा।



मस्क ने एक ऑनलाइन सर्वेक्षण किया था, जिसमें प्रतिभागियों से पूछा गया था कि क्या ट्विटर पर ट्रंप की वापसी होनी चाहिए। इस सर्वेक्षण में 15,085,458 लोगों ने अपना मत जाहिर किया। करीब 51.8 फीसदी लोगों ने ट्रंप का अकाउंट बहाल करने का समर्थन किया, जबकि 48.2 प्रतिशत इसके खिलाफ थे। ट्विटर पर वापसी के बाद ट्रंप के अकाउंट पर जो आखिरी ट्वीट दिख रहा था, वह आठ जनवरी 2021 का था। इसमें लिखा था, उन सभी के लिए जिन्होंने पूछा है, क्या मैं 20 जनवरी को शपथ ग्रहण समारोह में नहीं जाऊंगा। जिस समय ट्रंप का अकाउंट बहाल किया गया, उस समय उनके दस लाख फॉलोअर नजर आ रहे थे, लेकिन 30 मिनट के भीतर यह संख्या बढ़कर 21 लाख पर पहुंच गई।

## अंतरराष्ट्रीय समुदाय अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में मदद करें : पाकिस्तान

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान में मानवीय और अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए तुरंत 4.2 अरब डॉलर सहायता राशि उपलब्ध कराये जाने का आग्रह किया है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने शुक्रवार को कहा, हमें अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था, इसकी बैंकिंग प्रणाली को पुनर्जीवित करने की जरूरत है और इस उद्देश्य के लिए विदेशों में रखी अफगानिस्तान की संपत्तियों को वापस देश की वित्तीय प्रणाली समाहित करने जरूरत है। श्री अकरम ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान को मानवीय सहायता के लिए 4.2 अरब डॉलर की संयुक्त राष्ट्र महासचिव की अपील को पूरा करने का भी आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि यह अपील वर्ष 2021 में तालिबान के काबुल पर कब्जा करने बाद संयुक्त राष्ट्र ने सात अरब डालर की अफगानिस्तान की संपत्ति को फ्रीज कर दिया था। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की पहली प्राथमिकता इस देश के मानवीय संकट को समाप्त करने की होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अफगानिस्तान में शांति कामय रहे पाकिस्तान को इस बात की चिंता है। उन्होंने कहा कि पिछले 40 वर्षो से उसके यहां 30 लाख से अधिक अफगानी नागरिक शरण लिए हुए। श्री अकरम ने अमेरिका के अफगानिस्तान सम्पति को फ्रीज करने फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि हम इन संसाधनों को वापस पाने के सभी सभी कानूनी तर्कों को जानते हैं। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था के विकास के रोडमैप की जरुरत है। इस्लामिक सहयोग संगठन विदेशों फ्रीज अफगान संपत्तियों को देश की व्यवस्था में वापस लाने पर सावधानी पूर्वक विचार कर रहा है।

## नेपाल में लोकसभा और विधानसभा के लिए मतदान शुरू

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में संसद और सात प्रांतीय विधानसभाओं के नये प्रतिनिधि के चुनाव के लिए रविवार को मतदान शुरू हो गया। स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ। कुछ मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतार देखी गईं। करीब 17,988,570 मतदाता लोकसभा के 275 सदस्यों और सात प्रांतीय विधानसभाओं के 550 सदस्यों का चुनाव करेंगे।

चुनाव आयोग के उप प्रवक्ता सूर्य आर्यल ने बताया, देशभर में मतदान शांतिपूर्वक शुरू हो गया है और हमें उम्मीद है कि मतदान पूरे दिन सुचारू रूप से चलेगा। इस दौरान कुछ मतदाताओं ने बताया कि वे मतदान के जरिए प्रतिनिधि सभा और प्रांतीय विधानसभाओं के लिए योग्य उम्मीदवारों का चुनाव




करने के अवसर को लेकर उत्साहित है। काठमांडू घाटी के शहर भक्तपुर शहर के जीवन खत्री(41) ने कहा, मैं इस उम्मीद के साथ मतदान कर रहा हूं कि जो प्रतिनिधि निर्वाचित होगा वह हमारे क्षेत्र की बेहतरी के लिए काम करेगा। नेपाल में मिश्रित चुनाव प्रणाली को अपनाया है। इसके तहत संघीय संसद के कुल 275 सदस्यों में से 60 प्रतिशत सदस्य फर्स्ट पास्ट द पोस्ट सिस्टम के जरिए चुना जायेगा। वहीं 40 प्रतिशत सदस्य आनुपातिक चुनाव प्रणाली के माध्यम से चुने जाएगे। निचले सदन की 165 सीटों के लिए फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट के तहत 2,412 उम्मीदवार और आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत 110 सीटों के लिए 2,199 उम्मीदवार मैदान में हैं।

इसी तरह, सात प्रांतीय विधानसभाओं की 330 सीटों के लिए फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट के तहत 3,224 उम्मीदवार और आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत 220 सीटों के लिए 3,708 उम्मीदवार मैदान में है। इस बार के चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन से नेपाली कांग्रेस और नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) ने चुनाव के लिए पांच-पार्टियों का चुनावी गठबंधन बनाया है, जबकि नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी ने कुछ सीटों के लिए अन्य के साथ हाथ मिलाया है। कुछ देशों के पर्यवेक्षक चुनावों की निगरानी कर रहे हैं, और मतदान स्थानीय समयानुसार शाम पांच बजे समाप्त हो जायेगा।

## गरीब देशों को आर्थिक मदद देने के फैसले का पाकिस्तान ने किया स्वागत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने मिस्र में हुए पर्यावरण सम्मेलन सीओपी 27 में पर्यावरण को साफ करने में गरीब देशों की अर्थिक मदद के लिए विकसित देशों के सहमत होने के फैसले का रविवार को स्वागत किया। समाचार पत्र 'डान' के अनुसार प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पर्यावरण सम्मेलन में बनी इस सहमति को पर्यावरण न्याय के उद्देश्य को पूरा करने की दिशा में उठाया गया एक निर्णायक कदम बताया है। श्री शरीफ ने कहा कि अब इस फैसले को एक ऐतिहासिक बदलाव बनाने का दारोमदार ट्राजीशनल कमेटी पर है। उन्होंने पाकिस्तान की पर्यावरण परिवर्तन मंत्री शैरी रहमान और उनकी टीम को इस मामले में किये गये जबरदस्त काम के लिए धन्यवाद भी दिया है।



सुश्री रहमान ने ट्वीट किया, 134 देशों के लिए नुकसान और क्षति कोष बनाये जाने की मांग को मूर्तरूप लेने में 30 साल का लंबा समय लगा है। हम इस घोषणा का स्वागत करते हैं ।यह फैसला पर्यावरण न्याय के आधारभूत सिद्धांत को मजबूती देने की दिशा में उठाया गया पहला महत्वपूर्ण कदम है। सुश्री रहमान ने कहा, अब यह फंड बन गया है और पाकिस्तान इस पर नजर बनाये हुए है कि अब से इसके तहत काम शुरू होगा ताकि यह वास्तविकता में एक मजबूत संस्था बने जो पूरी दक्षता के साथ पर्यावरणीय विध्वंस झेलने वाले देशों की मददके लिए काम कर सके।

इस घोषणा से दुनिया भर के संकटग्रस्त समुदायों जो जीवित रहने के लिए पर्यावरणीय खतरों से जूझ रहे हैं, को नयी उम्मीद मिली है। सुश्री रहमान ने भी प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी का विशेष रूप से धन्यवाद देते हुए कहा कि इस बातचीत में जहां जरूरी हो वहां मदद दोनों ने मुहैया करायी और शर्म अल शेख के लिए निकलने के बावजूद दोनों ही लगातार इस महत्वपूर्ण वार्ता से जुड़े रहे। उन्होंने कहा, इन लोगों के ऐसे मजबूत समर्थन के कारण हमें बहुत मदद मिली।

पर्यावरणीय संकट से जूझ रहे गरीब देशों की आर्थिक मदद को लेकर मिस्र में हुए इस पर्यावरण सम्मेलन में काफी बातचीत हुई जो बहुत तनावपूर्ण स्थिति में भी पहुंची लेकिन रात भर चली मंत्रणा के बाद आखिरकार अंतिम समझौता सामने आया। बैठक के पहले सत्र में तो नुकसान और क्षति फंड बनाने का रास्ता साफ हो गया है जिससे अभी पर्यावरणीय परिवर्तन के कारण बाढ़ या सूखे जैसे हालात से निपटने के लिए तुरंत मददकर दी जायेगी लेकिन इस मामले में कई विवादित फैसले अगले साल होने वाली ट्रांजीशनल कमेटी की बैठक में किये जायेंगे जब यह कमेटी देशों के लिए अपनी सिफारिशें देगी।

## इराक के किरकुक में आतंकी हमला, सेना के चार जवान शहीद

**बगदाद, एजेंसी।** इराक के किरकुक शहर में आतंकी हमले में सेना के चार जवान शहीद हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामिक स्टेट (आईएस) के आतंकियों ने ये हमला किया। आतंकियों ने किरकुक शहर के पास स्थित चेक प्वाइंट को निशाना बनाया। हमले के बाद आतंकी सेना के हथियार और संचार उपकरण भी साथ ले गए।

इराक में विगत जनवरी में इसी तरह का आतंकी हमला हुआ था। तब आईएस आतंकियों ने कूबा शहर के अल-अजीम जिले के बैरक को निशाना बनाया था। यहां सैनिक सो रहे थे। तभी आतंकियों ने ताबड़-तोड़ गोलियां बरसा दीं। इस दौरान एक गार्ड और 11 सैनिकों की मौत हो गई थी।

इराक सरकार का कहना था कि आईएस के पास स्लीपर सेल हैं, जो सुरक्षाबलों को लगातार निशाना बना रहे हैं। इराक सरकार इस तरह के हमलों को बड़ी चुनौती मान रही है। इससे छुटकारा पाने के लिए प्लान तैयार करने की बात कह रही है।

उल्लेखनीय है कि जुलाई 2016 में इराक की राजधानी बगदाद में आईएस आतंकियों ने हमला कर दिया था। इसमें 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। ये एक आत्मघाती हमला था। एक ट्रक भीड़-भाड़ वाले इलाके में घुस गया जिसके बाद धमाका हुआ था।

## दक्षिण चीन सागर से सटे फिलीपीन के द्विपीय प्रांत का दौरा करेंगी कमला हैरिस

**मनीला (फिलीपीन), एजेंसी।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस रविवार से शुरू होने वाली फिलीपीन की अपनी यात्रा के दौरान उसकी रक्षा की अमेरिकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करेंगी।

हैरिस फिलीपीन की अपनी इस यात्रा के दौरान एक द्विपीय प्रांत पालावान भी जाएंगी, जिसका एक तट विवादित दक्षिण चीन सागर से लगा हुआ है। अमेरिका, चीन पर दक्षिण चीन सागर के छोटे दावेदार देशों को धमकाने का आरोप लगाता रहा है।

अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यात्रा से पहले एक ऑनलाइन ब्रीफिंग में कहा कि थाईलैंड में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद, हैरिस रविवार रात मनीला के लिए उड़ान भरेंगी और सोमवार को राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर से मुलाकात करेंगी।

अधिकारी ने कहा कि इस बातचीत का उद्देश्य एशिया में वाशिंगटन के सबसे पुराने संधि गठबंधन को मजबूत करना और आर्थिक संबंधों को मजबूत करना है। हैरिस ने कहा कि थाईलैंड की उनकी यात्रा 'काफी सफल' रही। उन्होंने जलवायु परिवर्तन पर एक गोलमेज बैठक में रविवार दोपहर इस क्षेत्र के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता दोहरायी। जलवायु कार्यकताओं, नागरिक समाज के सदस्यों और उद्योग जगत के दिग्गजों के पैनल ने स्वच्छ ऊर्जा पर चर्चा की और जलवायु परिवर्तन से मेकांग नदी को उत्पन्न खतरे के बारे में बात की।

## संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता में ऐतिहासिक मुआवजा निधि को मंजूरी

**शर्म अल-शेख, एजेंसी।** मिस्र के शर्म अल शेख में अंतरराष्ट्रीय जलवायु सम्मेलन में शामिल वाताकारों ने रविवार तड़के उस ऐतिहासिक सौदे को मंजूरी दे दी, जिसके तहत विकसित देशों के कार्बन प्रदूषण के कारण पैदा हुई मौसम संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियों से प्रभावित हुए अल्प विकसित देशों को मुआवजा देने के लिए एक निधि तैयार की जाएगी, लेकिन उत्सर्जन में कमी के प्रयासों को लेकर मतभेद के कारण एक समग्र वृहद समझौता अब भी अटका हुआ है। निधि को मंजूरी देने के फैसले के बाद वार्ता को 30 मिनट तक रोका गया, ताकि विभिन्न देशों के प्रतिनिधि उन अन्य कदमों का पाठ पढ़ सकें, जिन पर उन्हें मतदान करना है। कोष स्थापित करना उन अल्प विकसित देशों के लिए एक बड़ी जीत है, जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए लंबे समय से नकदी की मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जलवायु परिवर्तन से संबंधित आपदाओं का सामना कर रहे गरीब देश अमीर देशों से जलवायु अनुकूलन के लिए धन देने की मांग कर रहे हैं। गरीब देशों का मानना है कि अमीर देश जो कार्बन उत्सर्जन कर रहे हैं, उसके चलते मौसम संबंधी हालात बदतर हुए हैं, इसलिए उन्हें मुआवजा दिया जाना चाहिए। \दुनिया के गरीब देशों के लिए अकसर आवाज उठाने वाली पाकिस्तान की जलवायु मंत्री शेरी रहमान ने कहा, इस तरह हमारी 30 साल की यात्रा आखिरकार आज सफल हुई है। उनके देश का एक तिहाई हिस्सा इस गर्मी में विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित हुआ था। मालदीव के पर्यावरण मंत्री अमिनाथ शौना ने शनिवार को 'द एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) से कहा, इसका मतलब है कि हमारे जैसे देशों के लिए हमारे पास ऐसे समाधान होंगे जिनकी हम वकालत करते रहे हैं। पर्यावरणीय थिंक टैंक 'वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टिट्यूट' के अध्यक्ष एनी दासगुप्ता ने कहा, यह क्षतिपूर्ति निधि उन गरीब परिवारों के लिए एक जीवनरेखा होगी, जिनके मकान नष्ट हो गए हैं, जिन किसानों के खेत बर्बाद हो गए हैं और जिन द्वीपों के लोगों को अपने पुश्तैनी मकान छोड़कर जाने को मजबूर होना पड़ा है।

दासगुप्ता ने कहा, सीओपी27 का यह सकारात्मक परिणाम कमजोर देशों के बीच विश्वास के पुनर्निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वार्ता के अंतिम सत्र में पिछले साल के समझौते को बदलने के भारत के अनुरोध पर देशों में मतभेद देखा गया। इस समझौते के तहत तेल और प्राकृतिक गैस के उपयोग को कम करने के लिए कोयले के असंतुलित इस्तेमाल' को चरणबद्ध तरीके से कम करने की बात की गई।

# मलेशिया में नया राजनीतिक संकट, आम चुनाव में त्रिशंकु संसद बनी

**कुआलालंपुर, एजेंसी।** मलेशिया में रविवार को उस समय नया राजनीतिक संकट पैदा हो गया जब कड़े मुकाबले वाले आम चुनाव में त्रिशंकु संसद बनी और किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। आश्चर्यजनक रूप से इस्लामिक पार्टी के समर्थन में वृद्धि हुई है।

विपक्षी नेता अनवर इब्राहिम के सुधारवादी गठबंधन को संसद की 220 सीट में से सबसे अधिक 83 सीट मिली हैं लेकिन वह बहुमत के आंकड़े से दूर रह गयी। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री मुहिद्दीन यासीन के नेतृत्व वाले 'नेशनल एलायंस' को 73 सीट मिली हैं।

'यूनाइटेड मलयज नेशनल ऑर्गेनाइजेशन' (यूएमएनओ) की अगुवाई वाले गठबंधन ने बहुत खराब प्रदर्शन किया है और उसे महज 30 सीट ही मिली हैं। इस गठबंधन ने ब्रिटेन से आजादी मिलने से लेकर 2018 तक मलेशिया पर शासन किया। चुनाव में हार का सामना करने वाले लोगों में दो बार के पूर्व प्रधानमंत्री




महातिर मोहम्मद (97) भी शामिल हैं जो एक अलग मलय आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं।

मलेशिया की 3.3 करोड़ आबादी के दो तिहाई ग्रामीण मलय लोगों को डर है कि अधिक बहुलता के साथ वे अपने अधिकारों को खो सकते हैं। इनमें बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक जातीय चीनी और भारतीय लोग शामिल हैं। इसके साथ ही यूएमएनओ के भ्रष्टाचार ने मुहिद्दीन के गठबंधन को फायदा पहुंचाया। इसकी सहयागी पैन-मलेशियन इस्लामिक पार्टी या पीएएस अहम विजेता बनकर उभरी है।

इस चुनाव के नतीजों से खरीद-फरोख्त का दौर शुरू हो सकता है क्योंकि सरकार बनाने के लिए मुहिद्दीन और अनवर दोनों के बीच खींचतान चल सकती है। उन्हें बोर्नियो द्वीप के दो गठबंधनों के समर्थन की आवश्यकता पड़ेगी जिनके पास संयुक्त रूप से 28 सीट हैं।

अनवर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होंने बहुमत हासिल करने के लिए सांसदों से लिखित में समर्थन हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि इसे देश के राजा को सौंपा जाएगा जो अंतिम फैसला लेंगे। उन्होंने कहा, हमने बहुमत हासिल कर लिया है...बहुमत का मतलब है 111 से अधिक सीट।

इस बीच, मुहिद्दीन ने कहा कि उन्हें राजमहल से एक पत्र मिला है जिसका संकेत है कि उनके गठबंधन को सरकार बनाने में प्राथमिकता दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि उन्हें स्थिर सरकार बनाने का भरोसा है।

यूएमएनओ के नेता अहमद जहीद हामिदी ने एक बयान में कहा कि उनके गठबंधन ने नतीजों को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि नेशनल फ्रंट स्थिर सरकार बनाने के लिए मतभेदों को दरकिनार रखना चाहता है। दो संघीय सीट पर एक उम्मीदवार के निधन तथा खराब मौसम के कारण मतदान स्थगित कर दिया गया। बारिसन नेशनल गठबंधन 1957 में ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद से देश की सत्ता पर काबिज रहा, लेकिन भ्रष्टाचार के चलते वर्ष 2018 के चुनाव में उसे अनवर के गठबंधन पीएच से शिकस्त झेलनी पड़ी। इस चुनाव के बाद एक समय शक्तिशाली रहे यूएमएनओ के नेताओं को भ्रष्टाचार के मामलों में जेल जाना पड़ा और मलेशिया में बदलाव की उम्मीद जगी, लेकिन दलबदल के कारण 2020 की शुरूआत में पीएच सरकार गिर गई और एक बार फिर यूएमएनओ सत्ता में आ गया।

## एक नजर

### उपराष्ट्रपति धनखड़ फीफा विश्व कप के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को कतर की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए और इसके दौरान वह फीफा विश्व कप के उद्घाटन समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। धनखड़ कतर राज्य के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के निमंत्रण पर दोहा का दौरा कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्विटर पर कहा, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ फीफा विश्व कप 2022 के उद्घाटन समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिये कतर की आधिकारिक यात्रा पर दोहा के लिये रवाना हुए। फुटबॉल विश्व कप के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के अलावा उपराष्ट्रपति अपनी यात्रा के दौरान भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी मुलाकात करेंगे।

### फीफा विश्व कप से पहले कतर के सामने खड़ी हुई भीड़ की समस्या

दोहा, एजेंसी। अधिकारियों ने कतर में शुरू होने वाले विश्व कप का जश्न मनाने वाले एक 'कसंर्ट' (संगीत कार्यक्रम) से हजारों प्रशंसकों को वापस कर दिया। इससे दोहा में आगे की चुनौतियों का पता चलता है कि फीफा के सबसे बड़े टूनामेंट में वह लोगों की भीड़ से कैसे निपटता है। इतने से छोटे देश में फुटबॉल के महासमर के लिये 12 लाख फुटबॉल प्रेमियों के पहुंचने की उम्मीद है। निराश प्रशंसकों को आयोजन स्थल के बाहर कतर की पुलिस, सुरक्षा गार्ड और अन्य ने इशारा करती बड़ी बड़ी 'फोम' की ऊंगलियों, बुलहॉर्न और यातायात नियंत्रण करने वाले डंडों से हजारों लोगों को हटाया। कतर ने टूनामेंट स्टेडियम से बीयर की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है जिससे 'फैन जोन्स' ही फीफा से जुड़े क्षेत्र होंगे जहां 'अल्कोहल' युक्त बीयर परोसी जायेगी जिससे ज्यादा से ज्यादा प्रशंसक इन जगहों पर इकट्ठा होंगे। मुंबई से यहां पहुंचे एक 30 वर्षीय ट्रक ड्राइवर ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा, हम जानते हैं कि यहां पुलिस जो कहती है वो होता है। इस ड्राइवर को और उसके दोस्तों ने 'फैन जोन' में आने का फैसला किया था लेकिन उन्हें वापस कर दिया गया। उन्होंने कहा, हमें वापस लौटने का दुख है क्योंकि यह बहुत ही जल्दी है। हम कुछ नहीं कर सकते।

### फ्रांस के स्टार करीम बेंजेमा चोट के कारण विश्व कप से बाहर

**दोहा, एजेंसी।** गत चैम्पियन फ्रांस की विश्व कप उम्मीदों को करारा झटका लगा क्योंकि टीम के स्टार स्ट्राइकर करीम बेंजेमा शनिवार को ट्रेनिंग के दौरान बायीं जांघ में चोट के कारण टूनामेंट से बाहर हो गये। बेंजेमा का विश्व कप जीतने का सपना कतर में एक भी मैच खेले बिना ही खत्म हो गया। फ्रांस फुटबॉल महासंघ (एफएफएफ) ने कहा, करीम बेंजेमा विश्व कप से बाहर हो गये हैं। महासंघ ने कहा, बायीं जांघ की 'क्वाड्रीसेप्स' मांसपेशियों में खिंचाव के बाद रियाल मैड्रिड के स्ट्राइकर को विश्व कप से बाहर होने के लिये बाध्य होना पड़ा। बेंजेमा टीम के साथ पहले पूर्ण ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा ले रहे थे लेकिन बायीं जांघ में दर्द महसूस करने के बाद उन्हें बाहर होना पड़ा। एफएफएफ ने कहा कि उन्हें इससे उबरने के लिये तीन हफ्ते लेंगे। महासंघ ने कहा, वह दोहा में एक अस्पताल में एमआरआई स्कैन के लिये गया, जिसमें दुर्भाग्य से इस खिंचाव की पुष्टि हुई है। बेंजेमा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंड पर पोस्ट किया, मैंने कभी भी अपने जीवन में हार नहीं मानी है लेकिन आज रात मुझे टीम के बारे में सोचना होगा जैसा मैंने हमेशा किया है।

### जोकोविच फाइनल में भिड़ेंगे रूड से

**तूरिन, एजेंसी।** सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच सत्र के अंतिम प्रतिष्ठित एटीपी फाइनल्स में खिताब के लिये तीसरे वरीय कैस्पर रूड के सामने होंगे। जोकोविच की निगाहें अपना छठा एटीपी फाइनल्स खिताब जीतकर रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करने पर लगी हैं। उन्होंने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को 7-6 (5), 7-6 (6) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं रूड ने आंद्रे रूबलेव को 6-2, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनायी।

### एरिगेसी ने लिएम ली को हराया, प्रगानानंद को कार्लसन से मिली शिकस्त

**सान फ्रांसिस्को, एजेंसी।** युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने रविवार को यहां मेल्टवॉटर चैम्पियंस टूर फाइनल्स में 'स्पीड गेम' के विशेषज्ञ क्वांग लिएम ली पर शानदार जीत हासिल की लेकिन हमवतन आर प्रगानानंद को दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से हार का सामना करना पड़ा। एरिगेसी वियतनाम के प्रतिद्वंद्वी पर 2.5-0.5 की इस जीत से चौथे स्थान पर पहुंच गये हैं जबकि प्रगानानंद छठे दौर के बाद सातवें स्थान पर खिसक गये। टूर्नामेंट में बस एक दौर बचा है। कार्लसन ने भारत के 17 वर्षीय ग्रैंडमास्टर को 2.5-0.5 से शिकस्त देकर एक राउंड रहते ही टूर फाइनल्स जीत लिया। नार्वे के इस सुपरस्टार के 17 अंक हैं और वह बाकी खिलाड़ियों से पूरे पांच अंक आगे हैं। अमेरिका के वेस्ले सो ने पोलैंड के जीएम जान क्रिस्तोफ डुड को 3-0 से हराया जिससे वह 12 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर हैं। एरिगेसी के नौ अंक हैं।

# भारत ने 65 रन की जीत के साथ श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल की



**माउंट मौंगानुई, एजेंसी।** भारत ने सूर्यकुमार यादव (111 नाबाद) के विस्फोटक शतक और दीपक हुड्डा (10/4) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड को दूसरे टी20 में रविवार को 65 रन से रौंदकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की अजेय बढ़त हासिल की। भारत ने न्यूजीलैंड को 20 ओवर में 192 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड 18.5 ओवर में 126 रन पर ऑलआउट हो गयी।

भारत के लिये सूर्यकुमार यादव ने 51 गेंदों पर 11 चौकों और सात छक्कों की बदौलत ताबड़तोड़ 111 रन बनाये। इस साल इंग्लैंड में मेजबान टीम के खिलाफ शतक जड़ चुके सूर्यकुमार इस सैकड़े की मदद रोहित शर्मा (2018) के बाद एक साल में दो शतक जमाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गये।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड कभी भी आवश्यक रनगति हासिल नहीं कर सकी। कप्तान केन विलियम्सन ने अपनी टीम के लिये सर्वाधिक 61 रन बनाये लेकिन इसके लिये उन्होंने 52 गेंदें खेलीं। इसके अलावा न्यूजीलैंड के सात बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को भी नहीं छू सके और पूरी टीम 126 रन के स्कोर पर सिमट गयी। पहला मैच बारिश में धूलने के बाद भारत ने यह मुकाबला जीतकर सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच नेपियर में मंगलवार को खेला जायेगा।

न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और शुरूआती ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी की। पारी की शुरूआत करने उतरे ऋषभ पंत संघर्ष करते हुए 13 गेंदों पर छह रन बनाकर पवेलियन लौट गये। ईशान किशन ने कुछ अच्छे शॉट खेले, हालांकि वह 31 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की बदौलत 36 रन ही बना सके। श्रेयस अय्यर (13) ने पारी की शुरूआत चौके के साथ की लेकिन दुर्भाग्यवश हिटविकेट होकर पवेलियन लौट गये।

भारत ने 10 ओवर में सिर्फ 75 रन बनाये थे, जिसके बाद सूर्यकुमार ने पारी की रफ्तार बदलने का फैसला किया। उन्होंने अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिये 39 रन की साझेदारी की, जबकि कप्तान हार्दिक पांड्या (13) के साथ चौथे विकेट के लिये 82 रन जोड़े। सूर्यकुमार की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने अंतिम पांच ओवरों में 72 रन जोड़े। टिम साउदी ने हालांकि आखिरी ओवर में पांड्या, हुड्डा और वाशिंगटन सुंदर को आउट करते हुए हैट्रिक ली और केवल पांच रन देकर भारत को 20 ओवर में 191/6 के स्कोर पर रोक दिया। साउदी के अलावा लोकी फर्ग्युसन ने चार ओवर में 49 रन देकर दो विकेट लिये जबकि ईश सोढ़ी ने चार ओवर में 35 रन देकर एक विकेट अपने नाम किया।

न्यूजीलैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए धीमी शुरूआत की और फिन ऐलन का विकेट शून्य पर गंवाने के बाद पावरप्ले में 32 रन जोड़े। डेवन कॉनवे और केन विलियम्सन ने दूसरे विकेट के लिये 56 रन की साझेदारी की। वाशिंगटन सुंदर ने अपने पहले ओवर में 17 रन दिये लेकिन अगले ओवर में कॉनवे (25) को पवेलियन भेज दिया। कीवी टीम ने नौ ओवरों में दो विकेट के नुकसान पर सिर्फ 63 रन बनाये थे और युजवेंद्र चहल ने ग्लेन फिलिप्स और जेम्स नीशम को आउट करके उनकी मुश्किलें बढ़ा दीं।

कप्तान विलियम्सन ने न्यूजीलैंड के लिये सर्वाधिक 61 रन बनाये लेकिन कभी भी रनगति नहीं बढ़ा सके। उनका संघर्ष 18वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने समाप्त किया। हुड्डा ने 19वें ओवर में तीन विकेट लेकर न्यूजीलैंड की पारी को समाप्त किया। उन्होंने 2.5 ओवर में 10 रन देकर चार विकेट लिये, जो न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में किसी भारतीय गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## टेस्ट टीम का बुलावा भी जल्द आ रहा है: सूर्यकुमार



**माउंट मोनगानुई, एजेंसी।** विविधता पूर्ण स्ट्रोक लगाने में माहिर और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अनहोनी को होनी करने में विश्वास रखने वाले सूर्यकुमार यादव की निगाहें अब टेस्ट टीम में जगह बनाने पर टिकी हैं और उन्होंने कहा कि जल्द ही उन्हें लंबे प्रारूप में खेलने का बुलावा आ सकता है। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 51 गेंदों पर नाबाद 111 रन बनाकर भारत की 65 रन से जीत के नायक रहे सूर्यकुमार से जब टेस्ट टीम में जगह बनाने के बारे में पूछा गया, उन्होंने कहा, आ रहा है, वह (टेस्ट टीम में चयन) भी आ रहा है। क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार ने मुंबई की तरफ से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पिछले कई वर्षों में अच्छा प्रदर्शन किया है। सूर्यकुमार ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब हमने क्रिकेट खेलना शुरू की थी तो लाल गेंद से की थी और मैं मुंबई की अपनी टीम के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलता रहा हूं। मैं टेस्ट प्रारूप के बारे में अच्छी तरह से जानता हूं और मैंने लंबे प्रारूप में खेलने का भी आनंद उठाया है। उम्मीद है मुझे जल्द ही टेस्ट कैप मिल जाएगी। सूर्यकुमार इस मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए थे और इसके बाद उन्होंने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को अपने इशारों पर नचाया। सूर्यकुमार के खेल को देखते हुए लगता है कि उन्हें दो-तीन साल पहले ही राष्ट्रीय टीम में शामिल किया जाना चाहिए था। इस विस्फोटक बल्लेबाज ने भी स्वीकार किया पूर्व में उन्हें नजरअंदाज किए जाने से उन्हें निराशा हुई। उन्होंने कहा, मैं अक्सर अपने अतीत की बातें करता हूं। जब मैं अपने कमरे में होता हूं या अपनी पत्नी के साथ यात्रा कर रहा होता हूं तो हम दो-तीन साल पहले की स्थिति के बारे में बातें करते हैं। आज की परिस्थिति कैसी है और तब में और आज में क्या बदलाव हुआ, हम इस बारे में अक्सर बातें करते रहते हैं। सूर्यकुमार ने कहा, निश्चित तौर पर उस समय थोड़ा निराशा हुई थी लेकिन हम हमेशा इस पर ध्यान देते रहे कि अगर कुछ सकारात्मक है तो हमें उस तरफ ध्यान देना चाहिए। मैं कैसे बेहतर क्रिकेटर बन सकता हूं और कैसे आगे बढ़ सकता हूं। उन्होंने कहा, उस समय के बाद मैंने अलग-अलग चीजों को आजमाया जैसे कि अच्छा भोजन करना, अभ्यास सत्र में पर्याप्त समय बिताना, सही समय पर सोना, जिसका आज मुझे फायदा मिल रहा है। सूर्यकुमार ने स्वीकार किया कि उनके कुछ स्ट्रोक उन्हें भी अचंभित कर देते हैं लेकिन उन्होंने कभी क्रिकेट से आगे निकलने की कोशिश नहीं की। उन्होंने कहा, मैं जब वापस अपने कमरे में जाता हूं और मैच के मुख्य अंश देखता हूं तो कुछ शॉट को देखकर मैं भी अचंभित हो जाता हूं। मैं अच्छा प्रदर्शन करूं या ना करूं, मैं मैच के मुख्य अंश जरूर देखता हूं, लेकिन हां यह सच है कि मैं कुछ स्ट्रोक देख कर हैरान हो जाता हूं।

## पुजारा को आखिर मिली अर्जुन पुरस्कार ट्राफी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को अर्जुन पुरस्कार के लिये सिफारिश किये जाने के पांच साल बाद इस प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया। पुजारा अपनी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं के कारण 2017 में पुरस्कार समारोह में शामिल नहीं हो सके थे। शनिवार को आखिरकार यहां 'हैंड ओवर' (पुरस्कार सुपुर्द) समारोह में उन्हें ट्रॉफी उठाने का मौका मिला।

खेल मंत्री से अनुराग ठाकुर से पुरस्कार प्राप्त करने के बाद उन्होंने ट्वीट किया, बीसीसीआई और अनुराग ठाकुर को बाद में अर्जुन पुरस्कार सौंपने के लिये यह सम्मान आयोजित करने के लिये धन्यवाद। इसे मैं अपनी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं के कारण उस साल ले नहीं पाया था। इसे लेकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं और आभारी हूं। पुजारा सौराष्ट्र के लिये घरेलू क्रिकेट खेलते हैं, वह विजय हजारे ट्रॉफी के लिये राजधानी दिल्ली में हैं। वह भारत ए टीम का हिस्सा होंगे जो अगले महीने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिये बांग्लादेश का दौरा करेगी। पुजारा ने काउंटी क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम में वापसी की, वह 96 टेस्ट खेल चुके हैं।

## सीमित ओवरों के प्रारूप से टेस्ट का दर्जा काफी ऊपर : मिशेल स्टार्क

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि टेस्ट करियर को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें अपने करियर के अगले चरण में सीमित ओवरों के प्रारूप को अलविदा कहना होगा क्योंकि उनके लिए लाल गेंद के प्रारुप का करियर 'सबसे पहले' आता है। यह 32 साल का वामहस्त गेंदबाज उन छह खिलाड़ियों में से है जो ऑस्ट्रेलिया के लिए सभी प्रारूप में खेलते है। स्टार्क ने शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के दूसरे मैच में 47 रन देकर चार विकेट लिये जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 की अजेय बढ़त कायम कर ली। स्टार्क ने कहा, टेस्ट (हमेशा) शीर्ष स्थान पर रहेगा। यह प्रारूप सीमित ओवरों के प्रारूप से काफी ऊपर है। स्टार्क के टीम की 2023 विश्व कप योजनाओं में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। उन्होंने वेस्ट इंडीज और यूएसए में होने वाले 2024 टी20 विश्व कप में खेलने की इच्छा का भी संकेत दिया है। उन्होंने कहा, मैं बाकी चीजों के बारे में बाद में फैसला करूंगा। यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि मेरा शरीर कैसा महसूस करता है।

## मैं चाहता हूं कि और अधिक बल्लेबाज गेंद से योगदान दें: हार्दिक



**माउंट माउंगानुई, एजेंसी।** भारत के कार्यवाहक कप्तान हार्दिक पंड्या समझते हैं कि बल्लेबाजों को जब गेंद थमाई जाएगी तो वे हर बार सफल नहीं होंगे लेकिन वह बेहतर गेंदबाजी विकल्पों के लिये अपनी टीम में और अधिक बल्लेबाजी हरफनमौलाओं को देखना चाहते हैं।

सूर्यकुमार यादव के 51 गेंद में नाबाद 111 रन बनाने के बाद ऑलराउंडर दीपक हुड्डा ने अपनी ऑफ स्पिन गेंदबाजी से चार विकेट चटकाए जिससे दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को 65 रन से हराया। हुड्डा निचले मध्यक्रम में प्रभावी बल्लेबाज भी हैं।

पंड्या ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कहा, ह्यह्यइससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। सभी ने योगदान दिया लेकिन यह निश्चित रूप से सूर्या की एक विशेष पारी थी। हम 170-175 रन के स्कोर में भी खुश रहते।

उन्होंने कहा, गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और यह मानसिकता में आक्रामक होने के बारे में था। इसका मतलब हर गेंद पर विकेट लेना नहीं है लेकिन गेंद के साथ आक्रामक होना महत्वपूर्ण है।

पंड्या ने कहा, मैदान काफी गीला था इसलिए गेंदबाजों को श्रेय जाता है। मैंने काफी गेंदबाजी की है, भविष्य में मैं और अधिक गेंदबाजी विकल्प देखना चाहता हूं। ऐसा नहीं है कि यह हमेशा काम करेगा लेकिन मैं चाहता हूं कि अधिक बल्लेबाज गेंद से योगदान दें।

अनिल कुंबले और माइकल वॉन जैसे पूर्व खिलाड़ियों ने टी20 विश्व कप से बाहर होने के बाद भारतीय टीम में गेंदबाजी विकल्पों की कमी की ओर इशारा किया था और टीम में अधिक बल्लेबाजी ऑलराउंडर शामिल करने की वकालत की।

रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी कर रहे पंड्या ने कहा कि बतौर कप्तान उनका काम टीम को ड्रेसिंग रूम में सही माहौल देना है।

उन्होंने कहा, मैं उनसे पेशेवर होने की उम्मीद करता हूं, जो वे हैं। उन्हें अपने खेल का आनंद लेने का मौका दें। यह एक ऐसा माहौल बनाने के बारे में है जहां वे सभी एक खुशहाल जगह पर हों।

पंड्या ने कहा, मैं इस टीम में कई बार देखता हूं कि सभी खिलाड़ी एक-दूसरे की सफलता से खुश होते हैं और यह महत्वपूर्ण है।

न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने स्वीकार किया कि यह उनकी टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रयास नहीं था। उन्होंने कहा कि सूर्यकुमार की तेजतर्रार पारी ने सारा अंतर पैदा किया। उन्होंने कहा, सूर्या की पारी बेजोड़ थी। मैंने अब तक जो बेहतरीन पारियां देखी हैं उनमें से एक। इनमें से कुछ शॉट मैंने पहले कभी नहीं देखे। वे शानदार थे।

विलियमसन ने कहा, हम उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल पाए। हमें गेंद से लय नहीं मिली, पर्याप्त विकेट नहीं मिले और बल्ले से भी लय नहीं मिली। यह निराशाजनक था।

## पीकेएल-9 : दबंग दिल्ली ने मैच जीता, शादलू ने जीता दिल



**हैदराबाद, एजेंसी।** मोहम्मद रेजा शादलू (19 अंक, 8 सुपर टैकल, 3 रेड प्वाइंट) ने गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में शनिवार को खेले गए वीवो प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के नौवें सीजन के 89वें मैच में इतिहास रच दिया। उनके इस ऐतिहासिक प्रदर्शन के बावजूद तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स को मौजूदा चैंपियन दबंग दिल्ली केसी के हाथों 30-27 से हार मिली लेकिन शादलू के कारण यह मैच पीकेएल इतिहास में अमर हो गया।

दिल्ली की टीम काफी बडे अंतर से यह जीत सकती थी लेकिन शादलू ने 8 बार उसे ऑलआउट से बचाया और मुकाबले में बनाए रखा। आलम यह है उनके अलावा पटना को कोई और खिलाड़ी पांच अंक तक भी नहीं पहुंच सका। 10 मैचों बाद जीत हासिल करने वाली दिल्ली के लिए विजय मलिक ने सात अंक बनाए।

अनुज ने मैच के पहले टच प्वाइंट के साथ पटना को दूसरा अंक दिलाया। चार मिनट के बाद स्कोर 4-2 से दिल्ली के पक्ष में था लेकिन विजय ने मैच के पहले सुपर रेड के साथ फासला पांच का कर दिया। सचिन की गैरमौजूदगी में दिल्ली के डिफेंस ने रोहित को आउट कर स्कोर 9-3 कर दिया।

पटना अब सुपर टैकल पर खेलने की तैयारी में थे। नवीन गए और शादलू ने उनका शिकार कर पटना को दो अंक दिला दिए। रिवाइव होने के बाद नवीन की रेड पर एक डिफेंडर सेल्फ आउट हुआ। अब मैट पर पटना के सिर्फ दो खिलाड़ी थे लेकिन डू ओर डाई रेड पर रंजीत ने अमित का शिकार कर लिया।

नवीन फिर सुपर टैकल की स्थिति में रेड पर गए लेकिन शादलू ने फिर से उनका शिकार कर स्कोर 8-11 कर दिया। पटना का डिफेंस यही नहीं रुका और आशू को लपक तीसरे सुपर टैकल के साथ स्कोर 10-12 कर दिया। इसी के साथ शादलू ने अपना हाई-5 पूरा किया। ईरान के दिग्गज डिफेंडर शादलू बेमिसाल खेल रहे थे। नवीन को तीसरी बार सुपर टैकल कर स्कोर 12-13 कर दिया। शादलू अब तक चार सुपर टैकल से 8 अंक ले चुके थे। इसी कारण पहले हाफ की समाप्ति तक दिल्ली को 14-12 की ही लीड मिल सकी थी।

ब्रेक के बाद शादलू ने पांचवें सुपर टैकल के साथ इतिहास रच दिया। वह पीकेएल इतिहास के किसी एक मुकाबले में पांच सुपर टैकल करने वाले पहले खिलाड़ी बने। उनके इस प्रयास ने पटना को लीड दिला दी। शादलू ने फिर रेड पर बोनस लिया।

शादलू यही नहीं रुके और नवीन को चौथी बार लपक 12वां टैकल प्वाइंट हासिल कर एक और इतिहास रच दिया जिसके साथ वो एक मैच मे सबसे ज्यादा अंक लेने वाले डिफेंडर बन गए। पटना को फिर से लीड मिल चुकी थी। शादलू ने फिर आशू को भी सुपर टैकल कर अपना 15वां अंक हासिल किया। साथ ही पटना को 2 अंक की लीड मिल चुकी थी।

पटना के लिए सुपर टैकल आन था और शादलू ने इस बार विजय को लपक अपना आठवां सुपर टैकल पूरा किया और पटना को 3 अंक की लीड दिला दी। और फिर शादलू ने आशू का भी शिकार कर नौवां सुपर टैकल पूरा किया लेकिन उससे पहले वह सेल्फ आउट हो चुके थे।

शादलू के आउट होने के साथ पटना भी ऑलआउट हो गई। दिल्ली ने 23-22 की लीड ली। फिर उसने लीड 3 की कर ली। इसी बीच अमित ने हाई-5 के साथ लीड में इजाफा किया लेकिन आशू डू ओर डाई रेड पर आउट हो गए। अब लीड 3 की रह गई लेकिन दिल्ली ने इसे फिर 4 का कर लिया।

## फीफा विश्व कप में हिंदी में गीत गाएंगी मध्य प्रदेश की शैफाली

**भोपाल, एजेंसी।** अरब देश कतर में आज (रविवार) शाम 7:30 बजे फुटबॉल के महाकुंभ फीफा विश्व कप का आगाज होगा। रात नौ बजे से मैच की शुरूआत होगी। इसमें दुनियाभर की 32 टीमें हिस्सा लेंगी, लेकिन इस बार का यह विश्व कप मध्य प्रदेश के लिए खास होगा। इसमें मंडला जिले की बेटी शैफाली चौरसिया अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगी। फीफा विश्व कप में उनके 13 शो होंगे। इनमें वह हिंदी में गाने गाएंगी।

मंडला जिले के नैनपुर की शैफाली चौरसिया के पिता संतोष चौरसिया पान के थोक व्यवसायी हैं। मां संध्या चौरसिया हाउस वाइफ हैं। बड़े परिवार के बीच पली-बढ़ी शैफाली पांच भाई-बहनों में चौथे नंबर की हैं। नैनपुर में जन्मी 29 साल की शैफाली को बचपन से ही सिंगिंग का शौक था। इसे देखते हुए पिता ने शैफाली को इसी क्षेत्र में आगे बढ़ाया। वे कई अवॉर्ड अपने नाम कर चुकी हैं।

संतोष चौरसिया ने बताया कि शैफाली ने पांचवीं तक की पढ़ाई नैनपुर के सरस्वती शिशु मंदिर से की। सिंगिंग के प्रति लगाव देखकर उन्होंने नैनपुर में ही सिंगिंग के समर कैंप में उसका दाखिला कराया। शैफाली ने यहां एक महीने ट्रेनिंग ली। इसके बाद उन्होंने बेटी को जबलपुर के भात खंड संगीत महाविद्यालय में पढ़ाई के लिए भेजा। शैफाली ने जबलपुर से ही 12वीं पास की। इसके बाद शैफाली कॉलेज की पढ़ाई करने के लिए नागपुर चली गईं। यहां तुकोजी महाराज विश्विद्यालय से संगीत में एमए किया। उन्होंने एमए में विश्विद्यालय में टॉप किया। इसके लिए उन्हें गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। यहां से चार साल पहले 2018 में बॉलीवुड में किस्मत आजमाने वे मुंबई चली गई। वहां एक ऑर्केस्ट्रा ग्रुप जॉइन कर लिया। एक स्कूल में बतौर म्यूजिक टीचर भी काम किया। शैफाली के सूरत, मोरबी, मुंबई सहित देश के विभिन्न शहरों में शो होते रहते हैं। इसी दौरान उनकी प्रतिभा को देखते हुए ऑर्केस्ट्रा ग्रुप के मिलिंद वानखेड़े और जहीर दरबार ने उन्हें फीफा वर्ल्ड कप में परफॉर्म करने वाली टीम में शामिल कर लिया।

# शहनाज गिल की क्यूटनेस ने जीता फैंस का दिल



बग बॉस 13 की कंटेस्टेंट व सिंगर-अभिनेत्री शहनाज गिल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो दुबई के एक इवेंट का है, जिसमें शहनाज गिल हिस्सा लेने पहुंची थीं। वीडियो में शहनाज गिल अपना डायलॉग बोलना शुरू करती हैं, ह्यक्या करूं मैं मर जाऊं, मेरी कोई फीलिंग नहीं है.... त्वाडा कुत्ता, कुत्ता....साड्डा कुत्ता टॉमी। नहीं नहीं...साड्डा कुत्ता कुत्ता..., हां मैं भूल गई न क्योंकि जो मैंने बोला वो लोगों ने रट लिया और मैं भूल गई हूं। क्योंकि अब मुझे कुछ नया करना है न। वीडि?ो में शहनाज के साथ एंकर-होस्ट मनीष पाल और बॉलीवुड एक्टर गोविंदा भी नजर आ रहे हैं।

मंच पर शहनाज भले ही अपना डायलॉग भूल गईं। लेकिन उनका यह अंदाज फैंस को काफी भा गया। सोशल मीडिया पर शहनाज का यह वीडियो वायरल हो रहा है और फैंस शहनाज की जमकर तारीफ कर रहे हैं। शहनाज के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही सलमान खान की अपकमिंग फिल्म ह्यकिसी का भाई किसी की जान में अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी। वहीं जॉन अब्राहम और रितेश देशमुख के साथ फिल्म '100%' में भी नजर आयेंगी।

# अपने जन्मदिन पर एक हजार पौधरोपण करेंगी जूही चावला

फिल्म अभिनेत्री जूही चावला आज अपना 55वां जन्मदिन मना रही हैं। इस खास दिन पर जूही चावला ने अपनी एक तस्वीर सोशल मीडिया के जरिये फैंस के साथ साझा की है और फैंस को उनकी शुभकामनाओं और प्यार के लिए शुक्रिया कहा है। इसके साथ ही जूही ने अपने जन्मदिन पर 1000 पौधरोपण करने का भी ऐलान किया है। अपनी पोस्ट में जूही ने लिखा- 'और मुझे जन्मदिन की बधाई, इतने सालों में मिले प्यार और शुभकामनाओं के लिए आप सभी का धन्यवाद। हमेशा आभार..' इसके साथ ही जूही ने हाथ जोड़ने वाली इमोजी बनाते हुए लिखा-



'मेरे अपने जन्मदिन की बधाई के लिए एक हजार पेड़..!!!' जूही की इस पोस्ट के जरिये फैंस उन्हें बधाई दे रहे हैं और उनके इस सराहनीय कदम की तारीफ कर रहे हैं। जूही चावला एक सफल फिल्म अभिनेत्री होने के साथ-साथ पर्यावरण को बढ़ावा देने वाले कई सामाजिक संगठनों से भी जुड़ी हुई हैं। जूहीअक्सर कई मौकों पर वह पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण करती है और फैंस को भी इसके लिए प्रेरित करती है। इसके अलावा जूही आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स की हिस्सेदार भी हैं।

# अभिनेत्री श्रद्धा श्रीनाथ ने की रणथंभौर की सफारी साझा किया अनुभव

अभिनेत्री श्रद्धा श्रीनाथ, जिन्होंने कई समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्मों में अभिनय किया है, ने रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में अपनी पहली सफारी के बारे में एक पोस्ट किया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर नेशनल पार्क में अपनी सफारी के दौरान शूट किया गया एक वीडियो साझा किया। अभिनेत्री ने पोस्ट साझा करते हुए लिखा है, यह मेरी पहली सफारी थी। मुझे पहली बार में यह समझ में नहीं आया लेकिन मुझे लगा कि कुछ रोमांचक होने वाला है और वही हुआ। मैंने सोचा था कि मुझे डर या विस्मय का अनुभव होगा। लेकिन मुझे अदृश्य महसूस हुआ। हे भगवान। और सफारी चालक, जब वे अन्य वाहनों को पार करते हैं तो वे धीमे हो जाते हैं और देखे जाने के बारे में सूचनाओं का आदान-प्रदान करते हैं। जंगल बहुत बड़ा है लेकिन वे इसे अपने हाथों के पीछे जानते हैं। ओह और अगली सुबह, हमने हिरणों के एक समूह को अपने जीवन के लिए भागते हुए देखा। जल्द ही, उनके रास्ते में एक बाघ पीछा कर रहा था। बाघ थका हुआ और भूखा लग रहा था। आश्चर्य है कि यह अभी भी भूखा है। रणथंभौर में तीन सफारी और कई जगहें। शायद यह शुरूआती भाग्य है लेकिन मैं इसे अब हर जगह कोशिश करने जा रही हूं। माननीय वरुण आदित्य और रवींद्र द्वारा प्रदान किए गए शानदार आतिथ्य के आशीर्वाद के साथ, स वाइ माधोपुर/रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान की मेरी यात्रा बहुत अच्छी थी।



# गोरी नागोरी ने शालिन को गिरगिट और टीना, निमृत को अटेंशन सीकर्स कहा



लोकप्रिय राजस्थानी डांसर और स्टेज परफॉर्मर गोरी नागोरी को दर्शकों से कम वोट मिलने की वजह से बिग बॉस 16 के घर से बाहर कर दिया गया है। वह करीब 40 दिन घर के अंदर रहीं।

हाल ही में, वह कृष्ण अभिषेक द्वारा होस्ट किए गए रियलिटी शो बिग बज में दिखाई दी, जहां उन्होंने बिग बॉस के घर के अंदर प्रतियोगियों के खेल के बारे में कई राज खोले और कहा कि घर में कोई भी वास्तविक नहीं है और वे सभी सिर्फ अच्छा होने का नाटक करते हैं। उन्होंने यह भी कहा, शालिन भनोट सिर्फ अपने फायदे के लिए टीना दत्ता और सुम्बुल तौकीर का इस्तेमाल कर रहे हैं।



अर्चना गौतम और शिव ठाकरे के बीच हालिया लड़ाई के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा, शिव अर्चना के साथ लड़ाई में पूरी तरह से निर्दोष नहीं है उसने उसे बहुत उकसाया और सभी प्रतियोगियों ने अपने स्पष्ट लाभ के लिए इसका फायदा उठाया। उन्होंने यह भी कहा, शिव और मैं अच्छे दोस्त थे, और मैं चाहती थी कि वह जीत जाए, लेकिन हमारे बीच असहमति थी और पिछले हफ्ते तक एक-दूसरे से बात नहीं की थी।

गोरी ने कहा, मैं शो से बाहर होने से राहत महसूस कर रही हूं, मेरा वहां दम घुट रहा था और घर में कोई इंसान नहीं बचा है, हर कोई जानवर बन गया है। उन्होंने टीना और निमृत की आलोचना करते हुए कहा, टीना और निमृत दोनों अटेंशन सीकर हैं, जो सिर्फ शो में दिखने के लिए हर चीज में शामिल होना चाहती हैं।

इसके अलावा गोरी ने कहा कि, शालिन भनोट अपने फायदे के लिए टीना और सुम्बुल का इस्तेमाल कर रही है। पिछले एपिसोड्स में, शालिन और सुम्बुल के बीच गरमागरम बहस हुई क्योंकि उसे लगा कि वह टीना का समर्थन कर रहा है और उसे तरजीह दे रहा है।

गौरी ने कहा, शालिन भनोट एक गिरगिट (गिरगिट) की तरह है जो अपने फायदे के लिए घर में टीना और सुम्बुल का इस्तेमाल करता है। वह स्थिति और अपने आराम के आधार पर अपना रंग बदलता है। कभी वह रोमांटिक था, कभी गुस्से में। मैं उसे समझ नहीं पायी। उन्होंने गौतम विग और सौंदर्या शर्मा के बीच संबंधों पर अपने विचारों के साथ निष्कर्ष निकाला, गौतम और सौंदर्या की प्रेम कहानी में कोई सच्चाई नहीं है। अब्दु (रोजिक) पूरी तरह से निमृत के प्यार में हैं। बिग बज वूट पर स्ट्रीम होता है।



# नवीनतम भेड़िया ट्रैक आप को डांस करने के लिए कर देगा मजबूर

क्या कोई गाना आपको डांस फ्लोर तक खींच सकता है, जिससे आपका जश्न मनाने और थिरकने का मन कर सकता हैं? खैर, भेड़िया का लेटेस्ट ट्रैक इस सवाल का स्टाइल में जवाब देने वाला है। जंगल में कांड में वरुण धवन और उनके भेड़िये के शानदार डांस की विशेषता है, जो जंगल में पागलों की तरह मस्ती करने के बारे में है। शानदार बीट्स और फंकी संगीत का सही मिश्रण, इस गाने में वरुण ने बॉय गैंग अभिषेक बनर्जी और पालिन कबाक के साथ अपने जंगली स्वैग को उतारा। जैसा कि प्रमुख महिला कृति सैनन भी पार्टी में शामिल होती हैं, वरुण, अभिषेक और पॉलिन कुछ मसाला चाल दिखाते हैं। गीत के बारे में बात करते हुए, संगीतकार सचिन-जिगर ने कहा, जंगल में कांड के साथ, हमने आदिवासी नृत्य संगीत का सार मजेदार तरीके से लाने की कोशिश की है।



विशाल ददलानी और सुखविंदर सिंह के साथ सभी देसी ऊर्जा लाने के साथ, हम कर सकते हैं उम्मीद है कि ठुमकेश्वरी के बाद दर्शकों को इस पर भी डांस करवाएं। गाने के हिंदी वर्जन को विशाल ददलानी, सुखविंदर सिंह, सिद्धार्थ बसरूर और सचिन-जिगर ने गाया है। लिरिक्स अमिताभ भट्टाचार्य के हैं। तमिल संस्करण को बेनी दयाल ने गाया है, जबकि गीत अमिताभ भट्टाचार्य और एस सुनंदन द्वारा हैं। तेलुगु संस्करण को बेनी दयाल ने गाया है, जबकि गीत अमिताभ भट्टाचार्य और यनामंद्र रामकृष्ण द्वारा हैं। धुन का जंगली खिंचाव और सुपर आकर्षक कदम काफी जीतने वाले कॉम्बो के लिए बनाते हैं। उसमें वरुण धवन की संक्रामक ऊर्जा जोड़ें और आपको एक डांस ट्रैक मिलता है जैसा कोई दूसरा नहीं है। अमर कौशिक द्वारा निर्देशित, भेड़िया में वरुण धवन, कृति सैनन, दीपक डोबरियाल और अभिषेक बनर्जी जैसे सितारे हैं। फिल्म 25 नवंबर को तमिल, तेलुगु और हिंदी में 2डी और 3डी में पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म स्टूडियो ग्रीन द्वारा तमिलनाडु में रिलीज की जाएगी।

# आंध्र प्रदेश के गांव मारेदुमिली से जारी हुआ अल्लारी नरेश की आने वाली फिल्म का ट्रेलर

तेलुगु अभिनेता अल्लारी नरेश की मुख्य भूमिका वाली निर्देशक एआर मोहन की इत्लू मारेदुमिली प्रजानीकम की यूनिट ने फिल्म का ट्रेलर जारी किया है। दिलचस्प बात यह है कि, अभिनेता अल्लारी नरेश सहित फिल्म की पूरी यूनिट ने आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले के एक खूबसूरत गांव मारेदुमिली में ट्रेलर रिलीज करने का फैसला किया। इत्लू मारेदुमुल्ली प्रजानीकम अल्लारी नरेश के करियर की एक अलग तरह की फिल्म होगी, जो एक चुनाव अधिकारी के रूप में आदिवासी क्षेत्र का दौरा करने वाले एक सरकारी अधिकारी की भूमिका निभाता है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि एक सरकारी अधिकारी अपनी टीम के साथ मारेदुमिली में चुनाव कराने के लिए पहुंच रहा है, जो पहाड़ियों में एक दूरस्थ स्थान पर है।पूरे राज्य को चुनाव का इंतजार है। इन परिस्थितियों में, सरकारी अधिकारी को वहां के लोगों की वास्तविक समस्याओं का पता चलता है।

उन्हें पता चलता है कि उनके पास बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं और उन्हें पता चलता है कि वहां के लोग अपनी जान भी दे देते हैं।





राजनेताओं, सरकारों और सरकारी कर्मचारियों को उनकी परवाह नहीं है।

ऐसे में चुनाव अधिकारी उनकी मदद के लिए आगे आते हैं। हालाँकि, बिचौलिए, राजनेता और सरकारी अधिकारी तब चिढ़ जाते हैं जब उन्हें पता चलता है कि कोई लोगों की मदद कर रहा है। कहने की जरूरत नहीं है कि चुनाव अधिकारी को राजनीतिक नेताओं और पुलिस अधिकारियों से परेशानी का सामना करना पड़ता है। ए.आर. मोहन ने अपने निर्देशन की शुरूआत के लिए एक मजबूत विषय चुना है। यह अल्लारी नरेश के लिए एक प्रमुख चरित्र है। आनंदी ने प्रमुख महिला की भूमिका निभाई है, जबकि वेनेला किशोर और प्रवीण हास्य राहत प्रदान करते हैं। यह फिल्म इसी साल 25 नवंबर को पर्दे पर आने वाली है। बालाजी गुट्टा फिल्म के सह-निमार्ता हैं, ब्रह्मा कदली कला निर्देशक हैं और छोटा के प्रसाद संपादक हैं।

# मैं भूमिका के लिए अपने आराम क्षेत्र से बाहर चला गया : शहर लखोट पर चंदन रॉय

टेलीविजन सीरीज शहर लखोट के लिए अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर चुके अभिनेता चंदन रॉय सान्याल ने कहा कि इस भूमिका को निभाने के लिए उन्हें अपने कम्फर्ट जोन से बाहर जाना पड़ा। अभिनेता चंदन रॉय ने कहा, नवदीप और टीम के साथ काम करने में सक्षम होना एक शानदार अनुभव था।

इस भूमिका के लिए, मैंने अपने कम्फर्ट जोन से बाहर कदम रखा और मैं दर्शकों से प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा कर रहा हूं। मुझे विश्वास है कि वे इसे देखना उतना ही पसंद करेंगे जितना मैंने इसे फिल्माते समय किया था। अभिनेता को प्रियांशु पेन्युली, श्रुति मेनन और कुबरा सैत के साथ स्क्रीन स्पेस



साझा करते देखा जाएगा। आश्रम के अभिनेता ने उदयपुर में थ्रिलर श्रृंखला की शूटिंग पूरी की। देविका भगत और नवदीप सिंह ने इस मर्डर मिस्ट्री के लेखन और निर्देशन में सहयोग किया। यह एक ऐसे व्यक्ति पर केंद्रित है, जो अपनी इच्छा के विरुद्ध अपने गृहनगर वापस जाता है, जहां उसे अपने इतिहास का सामना करने और अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए मजबूर किया जाता है। चंदन इन दिनों अपनी अगली फिल्म पटना शुक्ला की शूटिंग कर रहे हैं। उनकी अन्य आगामी परियोजनाओं में आश्रम सीजन 4 और जय मेहता की लुटेरे शामिल हैं।

# इशिता दत्ता ने कपिल शर्मा को बताया कि वह अजय देवगन के जरिए अपने पति से मिली थीं

बॉलीवुड अभिनेत्री इशिता दत्ता, जो वर्तमान में फिल्म दृश्यम 2 में नजर आ रही हैं, ने अपने सह-कलाकार अजय देवगन के बारे में बात की और कहा कि उनकी वजह से वह और उनके पति वत्सल शेठ मिले और शादी की। 32 वर्षीय अभिनेत्री को कई फिल्मों और टीवी शो में उनके काम के लिए जाना जाता है। उन्होंने तेलुगु फिल्म चाणक्यूडु से अपनी शुरूआत की, और कन्नड़ सिनेमा में येनिदु मानसली के साथ प्रवेश किया। इशिता फिरंगी, सेटर्स और ब्लैंक जैसी हिंदी फिल्मों में भी दिखाई दीं, लेकिन बॉलीवुड में उनकी गंभीर शुरूआत 2015 में दृश्यम से हुई और अब वह दृश्यम 2 की कास्ट की हिस्सा हैं। फिल्मों के अलावा, वह एक घर बनाउंगा, बेपनाह, नच बलिए 6 और बिग बॉस 13 जैसे टीवी शो में भी नजर आ चुकी हैं। कपिल ने इशिता से पूछा कि वह और उनके पति वत्सल सेठ कैसे मिले। अभिनेत्री ने अपने प्रेमी के साथ शादी के बंधन में बंधी थी, जो 2017 में टार्ज?ः द वंडर कार में अपनी उपस्थिति के लिए जानी जाती थी। उन्होंने खुलासा किया कि अजय दूल्हे की तरफ से उसकी शादी में शामिल हुए थे। अभिनेत्री ने कहा, मैं अपने पति से अजय सर के जरिए मिली। मैं बहुत खुश हूं कि वह हमारे मैचमेकर थे।



# बिग बॉस 16 से बाहर निकलते ही गोरी नागोरी ने सलमान से कहा आई लव यू मामू



बिग बॉस 16 की प्रतियोगी गोरी नागोरी घर से बाहर हो गई है, ऐसे में घर से बाहर आने के बाद लहरें टीवी के साथ अपने साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा कि वह सलमान खान से प्यार करती हैं और उन्होंने सलमान को मामू कहकर भी बुलाया। हंसते हुए साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा, मैं तुमसे प्यार करती हूँ, मामू। बाद में, उन्होंने तीन नामों का भी खुलासा किया जिनके साथ वह बिग बॉस के घर से बाहर आने के बाद भी संपर्क में रहना चाहेंगी, अब्दु रोजिक, सौंदर्या शर्मा, और अर्चना गौतम। गोरी ने यह भी कहा कि बिग बॉस के घर से बाहर आने के बाद, वह सभी को याद नहीं कर रही है, मैं सभी को भूलना चाहती हूं, लेकिन सौंदर्या से बात करूंगी। वीकेंड का वार के दौरान, होस्ट ने घरवालों को बरगलाया और सभी प्रतियोगियों को लगा कि प्रियंका चाहर चौधरी घर से बाहर हो जाएंगी लेकिन बाद में उन्होंने खुलासा किया कि दर्शकों से कम वोटों के कारण गोरी को निकाला गया है।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DLHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स-डब्लूए 30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।